निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• 19 मार्च 2025 बुधवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 294 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1866 :** मोनार्क लीवरपुल में घुसपैठियों से भरा जहाज डूबने से लगभग 750 लोगों की मौत हुई।

**1895 :** लूमियर्स ब्रदर्स ने अपने नए पैटेंट सिनेमेटोग्राफ से पहला फुटेज रिकॉर्ड किया।

**1920 :** अमेरिकी सीनेट ने लीग ऑफ नेशंस में शामिल होने पर मतदान किया।

**1927 :** जर्मनी में नाजी और कम्युनिस्टों के बीच खूनी संघर्ष हुआ।

**1998 :** अटल बिहारी वाजपेयी दूसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव : अश्विनी वैष्णव

### लोकसभा में चर्चा के दौरान रेल मंत्री ने सांसदों से अपने क्षेत्रों में कार्गो टर्मिनल की आवश्यकता वाले स्थानों के संबंध में मांगे सुझाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। दशकों पुराने सपनों को साकार करते हुए जम्मू से श्रीनगर को जोड़ने का काम पूरा हो गया है। इस मार्ग पर बने अंजी और चिनाब पुल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं। चिनाब पुल एफिल टावर से 35 मीटर ऊंचा है। जल्द ही जम्मू से श्रीनगर के बीच ट्रेन का संचालन शुरू होगा। यह बात केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान केवल नाम मात्र के लिए फ्रेट कॉरिडोर का जिक्र होता था, लेकिन 2014 तक एक भी किलोमीटर निर्माण नहीं हुआ था। आज 350 मालगाड़ियां प्रतिदिन इस कॉरिडोर पर दौड़ रही हैं। महाराष्ट्र में कुछ देरी हुई थी, लेकिन अब वह कार्य भी पूर्ण होने की कगार पर है। इस



कॉरिडोर से पोर्ट तक सामान पहुंचने में लगने वाला समय 24 घंटे से घटकर 12 घंटे रह गया है। गति शक्ति योजना के तहत 97 कार्गो टर्मिनल पूरे हो चुके हैं, जबकि 257 नए टर्मिनलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सरकार ने सांसदों से अनुरोध किया है कि वे अपने क्षेत्रों में कार्गो टर्मिनल की आवश्यकता वाले स्थानों का सुझाव दें, ताकि वहां नए टर्मिनल बनाए जा सकें। 2014 से पहले रेलवे नेटवर्क में मात्र 125 किलोमीटर सुरंगें थीं, लेकिन बीते दस वर्षों में 460 किलोमीटर नई सुरंगें बनाई गई हैं। इससे देश की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव आया है। हिमालयन टनलिंग मेथड जैसे नए तरीकों को अपनाया जा रहा है। गंगा, ब्रह्मपुत्र, कोसी और अन्य प्रमुख नदियों पर बड़े पुल बनाए गए हैं। पटना, प्रयागराज, गाजीपुर और मुंगेर में गंगा पर चार पुल पूरे हो चुके हैं। कोलकाता मेट्रो की गति भी तेज हुई है। 1972 से 2014 तक केवल 28 किमी का निर्माण हुआ था, जबकि मोदी सरकार में 10 वर्षों में 38 किमी निर्माण पूरा किया गया है। सरकार ने बुलेट ट्रेन को भविष्य की जरूरत बताते हुए इसे आगे बढ़ाने पर जोर दिया है। कई सांसदों ने इसकी आवश्यकता जताई है। यह केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि भारत के आत्मनिर्भर और आधुनिक बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार की प्रतिबद्धता है कि बुनियादी ढांचे के ये सभी कार्य उच्चतम गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं ताकि वे आने वाले 50 वर्षों तक उपयोगी बने रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### लेफ्टिनेंट कर्नल की संदिग्ध हालात में मौत

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** रांची स्थित खेलगांव थाना क्षेत्र के खेलगांव हाउसिंग सोसायटी परिसर से मंगलवार को एक लेफ्टिनेंट कर्नल का शव बरामद किया गया। शव पार्किंग एरिया में पड़ा मिला है। आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने सुसाइड किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक की पहचान दिवाकर सिंह (48) के रूप में हुई है। वह रांची के नामकुम में पोस्टेड थे। इधर, मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। आशंका जताई जा रही है कि दिवाकर ने 7वें फ्लोर से कूदकर आत्महत्या की है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### कोडरमा पहुंचा 20 हाथियों का झुंड, दहशत में ग्रामीण

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** कोडरमा के जयनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जंगली हाथियों के आगमन से लोगों में दहशत का माहौल है। जंगली हाथियों के झुंड ने मतोनी और नवाडीह जंगल में अपना आशियाना बना रखा है। हाथियों के इस झुंड में कुछ छोटे बच्चे भी हैं। ऐसे में हाथियों के जल्द उग्र होने का खतरा बना हुआ है। हाथियों ने क्षेत्र के कई किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। इससे किसान परेशान हैं और जिला प्रशासन से मदद की मांग कर रहे हैं। जंगली हाथियों के झुंड से आसपास गांव के लोगों में काफी दहशत फैला हुआ है।

घर में घुस कर युवक को मारी गोली

जमशेदपुर। जमशेदपुर के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गरुड़बासा प्रकाशनगर में शंभू लोहार नाम के 22 वर्ष साल के युवक को गोली मारी गई। गोली छाती की दाईं ओर गोली फंसी हुई है। घटना के बाद आनन-फानन में परिजनों ने उसको इलाज के लिए टाटा मोटर्स अस्पताल में दाखिल कराया। जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता सुखलाल ने बताया कि वह दो साल से फुआ के यहां रह कर काम कर रहा था। उन्होंने फुफेरे भाई पर हत्या का आरोप लगाया है।

### अभियंता की लाश मिलने से सनसनी

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के नालंदा जिला के राजगीर के नई पोखर मोहल्ले के एक कुएं में नीरज नाम के 32 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। नीरज पेशे से इंजीनियर थे और 24 मार्च को उनकी शादी होनी थी। मामले की जांच कर रही पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह मामला हत्या का लग रहा है। बताया जा रहा है कि नीरज सोमवार की शाम टहलने गए थे लेकिन देर रात तक जब वो नहीं लौटे तो परिवार के लोगों ने उन्होंने फोन किया। उनका फोन स्विच ऑफ बताया। इसके बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन वो रात को नहीं मिले।

### कांग्रेस ने मीडिया टीम की नियुक्ति की

**नई दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने अपनी मीडिया समन्वयक टीम की घोषणा कर दी है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार सात पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नवनियुक्त सदस्यों में अभय दुबे को राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक बनाया गया है, जबकि प्रियंका गुप्ता, प्रकाश मीणा, रितु सिंह और टीना करमवीर को समन्वयक (को-ऑर्डिनेटर) के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं, ज्योति कुमार सिंह और सत्येंद्र सिंह राघव को शोध समन्वयक (रिसर्च को-ऑर्डिनेटर) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ये सभी सदस्य बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ समन्वय बनाकर मीडिया से जुड़े कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। इस नियुक्ति को बिहार चुनावों में कांग्रेस की रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

## सरहुल मनेगा और बढ़िया से मनेगा : हेमंत सोरेन

### झारखंड विधानसभा में उठा सिरमटोली सरना स्थल और पॉलिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता का मामला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र की पहली पाली की कार्यवाही के दौरान सिरमटोली सरना स्थल आंदोलन और पॉलिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता का मामला जोर-शोर से उठा। इसको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में खींचतान भी हुई। सूचना के तहत भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सिरमटोली सरना स्थल को लेकर हो रहे आंदोलन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर के रैंप की वजह से सरहुल शोभायात्रा पर पड़ने वाले असर को देखते हुए आंदोलन हो रहा है। चूंकि सदन में सीएम खुद मौजूद हैं, लिहाजा, उन्हें इस मामले का पटाक्षेप करना चाहिए ताकि लोग खुशी-खुशी सरहुल का त्योहार मना सकें।

इस पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि अलग-अलग सामाजिक संगठनों के माध्यम से उन्हें पूरे विषय की जानकारी



मिली है। सभी संगठनों को आश्वस्त किया गया है कि उनको चिंता करने की जरुरत नहीं है। सरहुल मनेगा और बढ़िया से मनेगा। आपको बता दें कि सरना स्थल के पास सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर के रैंप की वजह से पूजा स्थल की गतिविधि प्रभावित होने की आशंका जताते हुए आंदोलन हो रहा है। सोमवार को केंद्रीय सरना स्थल सिरोमटोली बचाव मोर्चा के बैनर तले सीएम समेत विधायकों का पुतला फूंका गया था। इधर, सिसई से झामुमो विधायक जिगा सुसारन होरो ने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत अपने विधानसभा क्षेत्र में निर्मित पॉलिटेक्निक भवन का जिक्र करते हुए सरकार से पूछा कि यहां पढ़ाई कब शुरू होगी। उन्होंने कहा कि साल 2022 में जो जवाब आया था, वही जवाब आज भी मिला है। उन्होंने जानना चाहा कि क्या अप्रैल माह से 2025-26 के सत्र की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। कब तक एआईसीटीई यानी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता मिलेगी। इस पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के संचालन के लिए एआईसीटीई से मान्यता जरूरी है। राज्य सरकार ने प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति कर दी है। एआईसीटीई का अप्रूवल मिलते ही पढ़ाई शुरू हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान सत्र में अप्रूवल मिल जाता है तो अगले सत्र से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। अगर 2025-26 का सत्र शुरू होने के कुछ माह बाद मिलेगा तो पढ़ाई 2027-28 से शुरू हो पाएगी। मंत्री ने कहा कि प्रभारी प्राचार्य को अनुमोदन प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया गया है। पूरा मामला भारत सरकार से जुड़ा हुआ है।

इस पर सीएम हेमंत सोरेन ने सुझाव दिया कि राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार है जबकि केंद्र में विपक्ष की सरकार है। इनके ऊपर भी जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी के भविष्य को बेहतर बनाना है। राज्य सरकार का प्रयास जारी है। सीएम ने विभाग और मंत्री से कहा कि भारत सरकार से किए गए पत्राचार की जानकारी विपओश्र को दें ताकि वे भी अपने सांसद और केंद्र की सरकार से बात करके अप्रूवल दिलाने की पहल करें।

## सुरक्षा बलों और भाकपा माओवादी में मुठभेड़

- आइइडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ एसआई घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र के वनग्राम राधा पोड़ा के आसपास पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन (भाकपा माओवादी) एवं सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल एवं पहाड़ का फायदा उठाते हुए भाग खड़े हुए। इस दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों द्वारा पहले से लगाए गए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ-134 बटालियन के एसआई सुबोध कुमार घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर से बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान कई



सामान बरामद किए गए।

**सर्च ऑपरेशन में मिली विस्फोटक सामग्री**

पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के वनग्राम, हाथीबुरू और लोवा बेड़ा के आसपास सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सली डंप को ध्वस्त कर दिया। यहां से सुरक्षा बलों को भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली। नक्सली डंप से भारी मात्रा में गोला-बारूद जब्त किए गए। सुरक्षा की दृष्टि से बम निरोधक दस्ते की सहायता से इसे नष्ट कर दिया गया। नक्सली डंप से दैनिक उपयोग की सामग्री भी बरामद की गयी। कॉडेक्स वायर 20 मीटर, इलेक्ट्रिक 50 नग, सीरीज 40 पीस समेत अन्य सामग्री जब्त की गयी है।

## बिहार में मई में शुरू होगी शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की प्रक्रिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में शिक्षक अभ्यर्थी चौथे चरण की बहाली का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसको लेकर नई जानकारी सामने आई है। बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने खुद आज सदन की कार्यवाही के दौरान इसके बारे में जानकारी दी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने इसको लेकर कहा, 'बीपीएससी टीआरई-4 (चौथे चरण) की प्रक्रिया मई 2025 में शुरू कर दी जाएगी। टीआरई-3 यानी तीसरे चरण की बहाली का सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी नहीं किया जाएगा।' बता दें, आज बिहार विधानमंडल के बजट सत्र का 11वां दिन था। सदन में भाजपा विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने पूछा था कि टीआरई-3 के तहत मल्टीपल रिजल्ट आने से कुछ पद खाली रह गए। इस पर क्या शिक्षा विभाग फिर से बहाली करने जा रहा है? इस प्रश्न का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा- जो पद खाली हैं, उसे चौथे चरण में जोड़ा जाएगा। टीआरई-3 के तहत सिर्फ उन्हीं विषयों का रिजल्ट जारी नहीं किया गया, जिसमें या तो अभ्यर्थी नहीं हैं या फिर वे न्यूनतम कटऑफ अंक हासिल नहीं कर पाए। अपने जवाब के माध्यम से शिक्षा मंत्री ने यह साफ कर दिया कि टीआरई-3 का सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने का कोई भी प्रस्ताव सरकार के सामने विचाराधीन नहीं है। बता दें कि टीआरई-3 के सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग को लेकर शिक्षक अभ्यर्थियों ने धरना-प्रदर्शन भी किया था। अभ्यर्थियों की मांग थी कि टीआरई-3 में कक्षा एक से 12वीं तक में करीब 61 हजार रिजल्ट आया। इसमें करीब 10 से 15 हजार ऐसे शिक्षक पास हुए हैं, जिनका दो-दो जगह तो कहीं तीन-तीन जगह रिजल्ट आ चुका है। उन शिक्षकों को जॉइन तो एक ही जगह करना है। अब इस स्थिति में उन जगहों पर वैसे लोगों की बहाली की जाए, जो कुछ-कुछ नंबर से पीछे रह गए हैं।

## दो हाइवा के बीच फंसकर खलासी की मौत

**पाकुड़ (नबिटा ब्यूरो)।** पाकुड़ जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र के अमलागाछी स्थित क्रशर प्लांट में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां दो हाइवा के बीच फंसने से 20 वर्षीय खलासी अब्दुल बारीक की मौत हो गई। मृतक मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भवानीपुर सहबाजपुर गांव का रहने वाला था। घटना के बाद स्थानीय लोग उसे पाकुड़ सोनाजोड़ी सदर अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्रशर प्लांट के मालिक और चालकों ने इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी। महेशपुर थाना प्रभारी विकर्ण कुमार और एसआई प्रेम मरांडी को जब घटना की जानकारी मिली, तब वे क्रशर प्लांट पहुंचे। जांच के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया। हादसा तब हुआ जब अब्दुल बारीक ट्रक में चिप्स लोड कर रहा था। चालक के कहने पर वह चिप्स को समतल करने के लिए ट्रक पर चढ़ रहा था। इसी दौरान चालक ने ट्रक को पीछे किया और दूसरा हाइवा भी वहां आ गया। अब्दुल दोनों वाहनों के बीच फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## देवघर के इंडियन ऑयल डिपो में लगी भीषण आग

### काफी मशक्कत के बाद पाया गया काबू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** जिले के जसीडीह स्थित इंडियन ऑयल के डिपो में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि इसकी लपटों ने पूरे इंडियन ऑयल डिपो के कैंपस को अपनी जद में लिया। आग की स्थिति भयावह को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने आसपास के गांव को खाली करवाने में जुट गईं। इसके अलावा पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर दिया गया। इंडियन ऑयल डिपो के आसपास स्थित गांव के लोगों को प्रशासन ने किसी तरह सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। हालांकि आग लगने की वजहों का पता नहीं चल पाया है। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाने के बाद स्थानीय पुलिस की टीम ये पता करने की कोशिश कर रही है कि आग कैसे लगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार को सुबह से ही पछुवा हवा चल रही है। जिस वजह से आग की लपटे और भी तेज हो गईं और जल्द ही पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया।

## सीएम हेमंत सोरेन आज करेंगे श्री बंशीधर महोत्सव का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** जिले के श्री बंशीधर नगर में दो दिवसीय श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन की तैयारी तेज कर दी है। प्रशासन की टीम लगातार तैयारियों का जायजा ले रही है। कार्यक्रम स्थल पर विशाल पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। जिसे अंतिम रूप देने में मजदूर जुटे हुए हैं।

**सीएम हेमंत करेंगे उद्घाटन**

बता दें कि 19 मार्च की दोपहर 12:00 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन श्री बंशीधर महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। साथ में मुख्यमंत्री की पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन, पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में जिला प्रशासन जोर-शोर से जुटा है। प्रशासनिक पदाधिकारियों ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान श्री बंशीधर नगर के एसडीएम और एसडीपीओ मौजूद रहे। तैयारियों के लिए श्री बंशीधर नगर के



महोत्सव की तैयारी का जायजा लेते अधिकारी

एसडीएम प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिरकत करेंगे। इसे लेकर अनुमंडल कार्यालय परिसर में हेलीपैड का निर्माण कराया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि कार्यक्रम में बॉलीवुड के कई सितारे भी शामिल होंगे। कार्यक्रम काफी भव्य होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह जवानों की तैनाती की जाएगी। गौरतलब है की श्री बंशीधर नगर में विराजमान भगवान श्रीकृष्ण और राधे की प्रतिमा 32 मन शुद्ध सोने की है। मंदिर को ख्याति प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में तत्कालीन रघुवर दास की सरकार ने राजकीय महोत्सव का दर्जा देते हुए श्री बंशीधर महोत्सव मनाने की स्वीकृति दी थी। तब से लेकर अब तक चार बार इस महोत्सव का सफल आयोजन किया जा चुका है। इस बार हेमंत सरकार की ओर से इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के 34 हेडमास्टर तलब, हाईकोर्ट के आदेश पर बड़ा एक्शन

**सिवान, एजेंसी।** पटना हाईकोर्ट के निर्देश पर सिवान जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह एक्शन मोड में हैं. उन्होंने 34 स्कूलों के प्रधानाचार्यों को नोटिस भेजा है. डीईओ ने आउटसोर्सिंग कर्मियों के हटाने के फैसले को लेकर जवाब मांगा है. तीन दिनों के भीतर उनको अपना जवाब देना होगा. क्या है मामला?: असल में जिले के सरकारी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत एमटीएस कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर और सफाई कर्मियों को पिछले माह नौकरी से हटा दिया गया था. इसके बाद से तमाम कर्मियों ने उच्च न्यायालय का रुख किया था. धीरज शर्मा ने फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की है. हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति कब हुई और कार्यालय और बकाए वेतन की जानकारी की मांग की है. पटना उच्च न्यायालय ने सभी प्रधानाचार्य को संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया है. इसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने 34 स्कूलों के प्रधानाचार्य को तलब किया है. जहां उन्हें तीन दिनों के अंदर जवाब देना होगा. जिला शिक्षा पदाधिकारी ने एक्शन लेते हुए तीन दिन के भीतर जिन 34 प्रधानाचार्यों को तलब किया है, उसमें विशेश्वर उच्च विद्यालय हरिपुर, उत्क्रमित विद्यालय भागर, उमा उच्च विद्यालय पचरुखी, पचरुखी इंटर कॉलेज, इंटर कॉलेज प्रेमचंद, उच्च विद्यालय सरारी, उच्च विद्यालय और गोपाल प्रसाद हाईस्कूल भी शामिल हैं. हालांकि इस पूरे मामले पर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है

### त्रिपुरी घाट रोड पर किराना दुकान में आगजनी

#### जमुई में रात 2 बजे नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम, 50 हजार का नुकसान

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के त्रिपुरी घाट रोड पर स्थित एक किराना दुकान में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। इस घटना में लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। गुमटी में संचालित यह दुकान संतोष कुमार दास की है। घटना रात करीब 2 बजे की है। चार से पांच की संख्या में आए बदमाशों ने गमछे से अपना चेहरा ढक रखा था। आगजनी के बाद उन्होंने घर पर ईंट भी फेंकी। दुकान में रखे साबुन, शैम्पू, कोल्ड ड्रिंक और पानी की बोतलें जलकर राख हो गईं। गल्ले में रखे एक हजार रुपए भी जल गए। संतोष कुमार दास मूल रूप से शिवनडीह वार्ड नंबर-22 के रहने वाले हैं। वे 2020 से त्रिपुरी घाट रोड क्षेत्र में रह रहे हैं। एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक हैं और दुकान उनके बेटे की ओर से संचालित की जाती है। उन्होंने बताया कि किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। सुबह 4 बजे जब वे शौच के लिए उठे, तब घटना का पता चला। दुकान में आग लगने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना जमुई पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पत्नी को जिंदा जला दिया था, अब मिली 10 साल की कैद

**मधुबनी, एजेंसी।** बिहार के मधुबनी में पत्नी को जिंदा जलाने वाले आरोपी पति को 10 साल की सजा मिली है. उसने घटना को 3 अक्तूबर 2020 में अंजाम दिया था. दहेज में बाइक नहीं मिलने के कारण पति ने मिशा को मिट्टी तेल छिड़ककर जिंदा जला दिया था. घटना मधुबनी जिले के साहरघाट थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव की है. घटना को लेकर मृतक मिशा के परिजनों ने साहरघाट थाना में एक आवेदन देकर उसके पति रौशन यादव पर अपनी बेटी की दहेज के लिए जलाकर हत्या कर देने का आरोप लगाया था. पति ने की थी बाइक की डिमांडः मिशा के परिजनों ने बताया कि उसकी शादी बड़े ही धूमधाम से की गई थी. मिशा को बहुत सारे गिफ्ट दिए गए थे, वहीं उसके पति रौशन कुमार यादव को दहेज में नगद रुपये, कई कीमती सामान और सोने की चेन भी दी गई थी. बावजूद इसके रौशन कुमार यादव मिशा को अपने मायके से एक बाइक लाने का बार-बार दबाव देता था और उसके साथ मारपीट करता था.

# मोदी जी बिहार से इतनी दिक्कत क्यों? मक्का अनुसंधान संस्थान को बेगूसराय से कर्नाटक शिफ्ट करने पर भड़का विपक्ष

**पटना, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बेगूसराय स्थित भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान को कर्नाटक के शिवमोगा में स्थानांतरित करने का फैसला किया है. इस पर विपक्ष ने सवाल उठाया है. आरजेडी और कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी नेताओं ने मोदी सरकार पर हमला बोला है. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पूछा कि आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिहार से दिक्कत क्या है? उन्होंने कहा कि इसका हिसाब अन्नदाता जरूर लेंगे. वहीं, पप्पू यादव ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि अब क्यों मुंह सिल गया है?



### एनडीए से हिसाब लेंगे अन्नदाता

पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वनी यादव ने कहा कि पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया और समस्तीपुर जिलों के किसानों की आय का मुख्य स्रोत मक्का की खेती ही है. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का यह फैसला किसान और बिहार विरोधी है. बिहार के अन्नदाता इसका हिसाब करेंगे. एनडीए सरकार बिहार और बिहारियों की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है. दिन-रात, सोते-जागते हिंदू-मुस्लिम करने वाले बेगूसराय के सांसद सह केंद्रीय मंत्री को शर्म तो आती नहीं है.

तेजस्वनी यादव ने कहा कि आखिर बिहार और बिहार के किसानों से क्या दिक्कत है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, एनडीए और भाजपा को? भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर) के बेगूसराय स्थित क्षेत्रीय मक्का अनुसंधान एवं बीज उत्पादन केंद्र को नरेंद्र मोदी सरकार ने कर्नाटक के शिवमोग्गा में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है. वह भी तब, जब नीलगाय और बाढ़ की समस्या का सामना करते हुए भी मक्का उत्पादन में बिहार के अन्नदाता किसान पूरे देश में अव्वल हैं.

### कांग्रेस ने भी साधा निशाना

कांग्रेस ने भी इस फैसले को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला है. बिहार कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा है, मक्का पैदा करेगा बिहार और उसपर रिसर्च होगा बिहार से दो हजार किलोमीटर दूर शिवमोगा, कर्नाटक में, सरकार है कि मजाक? अब मुंह में दही जमाकर गिरिराज सिंह अपना मंत्रालय बचाएंगे. अभी तक आदमी का पलायन होता था लेकिन अब मक्का रिसर्च संस्था को भी करवा दिए. सांसद महोदय सत्ता के नशे में चूर सो रहे हैं. जब तक मामला सांप्रदायिक नहीं हो, इनका मुंह नहीं खुलता है.

### गिरिराज पर भड़के पप्पू यादव

वहीं पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने इसको लेकर केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह पर जोरदार हमला बोला है. उन्होंने तल्ख लहजे में पूछा कि गिरिराज बाबू कहां हैं. बेगूसराय से मक्का अनुसंधान केंद्र शिवमोगा जा रहा है लेकिन आपका मुंह सिल गया है. थोड़ा तो बेगूसराय की कृपा के लिए कर्ज के प्रति फर्ज निभाइये. उन्होंने कहा कि कहां हैं गिरिराज बाबू. बेगूसराय से मक्का अनुसंधान केंद्र शिमोगा जा रहा है. आपका मुंह कौन सिल दिया है? पहाड़ जैसा कद, कृपा से मिला बहुत बड़ा पद फिर भी डेढ़ इंच की जुबान नहीं हिल रही है. थोड़ा तो बेगूसराय की कृपा के कर्ज के प्रति फर्ज निभाते.

#### लालू की अगुवाई में हुई थी स्थापना

तेजस्वी यादव ने कहा कि बेगूसराय के कुशमहौत में क्षेत्रीय मक्का अनुसंधान एवं बीज उत्पादन केंद्र की स्थापना 4 मई 1997 को जनता दल के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में जनता दल की अगुवाई में बनी संयुक्त मोर्चा सरकार के प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल के कार्यकाल में हुई थी. उन्होंने एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार सहित तीन अन्य असहाय सहयोगी आज बिहार में पूर्व से स्थापित ऐसे संस्थान जाने पर चीयर करते हैं.

### क्या है मामला?

दरअसल, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेगूसराय स्थित भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान को कर्नाटक के शिवमोगा में स्थानांतरित करने के लिए पत्र लिखा है. यह फैसला दिसंबर 2024 में लिया गया था. इस निर्णय से जुड़े पत्र जारी होने के बाद विपक्ष ने केंद्र सरकार पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए हैं. हालांकि अभी तक एनडीए के किसी नेता ने इस पर प्रतिक्रिया नहीं दी है.

## मोतिहारी में भरे बाजार युवती की चाकू मारकर हत्या

**मोतिहारी , एजेंसी।** बिहार में आखिरकार हो क्या रहा है? सवाल इसलिए क्योंकि अपराधी सरेआम हत्या जैसी वारदात को अंजाम देने से नहीं चूक रहे हैं. कुछ ऐसा ही मामला पूर्वी चंपारण से सामने आया है. जिला के रामगढ़वा थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक युवती को चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी.

**मोतिहारी में युवती को चाकू गोदकर मार डाला :** हत्या की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. साथ ही पुलिस हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. मृतका की पहचान रामगढ़वा थाना क्षेत्र के नौकठवा गांव की रहने वाली 18 वर्षीय अंजली कुमारी के रूप में हुई है.



**सामान लेकर लौट रही थी तभी मारा चाकू :** मिली जानकारी के अनुसार, अंजली कुमारी रामगढ़वा बाजार में कुछ सामान खरीदने आई थी. सामान खरीदकर वह अपने गांव लौट रही थी. इसी दौरान रामगढ़वा बाजार के मलाही टोला के समीप एक युवक ने अंजली को चाकू गोद दिया और मौके से फरार हो गया. जख्मी अंजली को स्थानीय लोग अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया पूर्वी चंपारण एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग में घटना घटित होना प्रतित होता है. घटना की जांच की जा रही है.

घर के ही लड़के द्वारा घटना किए जाने की जानकारी मिली है. जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है. जो भी आरोपी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**वारदात के बाद लोगों में आक्रोश :** इधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. वहीं स्थानीय लोगों में वारदात के बाद आक्रोश भी देखने को मिल रहा है. लोगों का कहना है कि आखिर कैसे युवती की हत्या जैसी घटना को कोई आसानी से अंजाम दे सकता है.

## फायरिंग से दहला सासाराम, वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच चली अंधाधुंध गोली

**सासाराम, एजेंसी।** बिहार के सासाराम में गोली चली है. नगर थाना क्षेत्र के तकिया में जमीन विवाद के कारण आपसी वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में जमकर फायरिंग हुई. इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर 15 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है. साथ ही कई हथियार भी बरामद किया गया है. रोहतास एसपी ने खुद मौके पर जाकर हालात का जायजा लिया.

**जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी:** बताया जाता है कि जमीन की खरीद-बिक्री को लेकर दो पक्ष में विवाद चल रहा था. इसको लेकर सोमवार शाम आपस में पंचायत बुलाई गई थी. इसमें कई लोग इकट्ठा हुए थे. इसी दौरान बात बिगड़ गई और दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए मारपीट पर उतारू हो गए. स्थिति इतनी बिगड़ गई कि फायरिंग शुरू होने लगी.

**एसपी ने संभाली कमान:** वहीं, वारदात की सूचना मिलते ही सासाराम नगर थाना की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे लोगों को खदेड़ दिया. रोहतास के एसपी रौशन कुमार ने देर रात तक चले छापेमारी अभियान का नेतृत्व किया है. तकिया मोहल्ला स्थित कई घरों और प्रतिष्ठानों से हथियारों की



बरामदगी हुई है. कई लोगों को हिरासत में लिया गया है.

#### क्या बोले एसपी?

छापेमारी के क्रम में रोहतास एसपी रौशन कुमार ने मीडिया को बताया कि फायरिंग की घटना में शामिल आरोपियों के घर की तलाशी ली गई और आसपास के इलाकों में गहन छापेमारी की गई है. कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. घटनास्थल से पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं. हालांकि उन्होंने इस बारे में कुछ भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी.



## टोल की अवैध वसूली करने वाले 5 एंट्री माफिया गिरफ्तार

गया, एजेंसी। गया के बाराचट्टी थाना पुलिस ने सूर्यमंडल चेक पोस्ट पर टोल वसूली के नाम पर अवैध वसूली कर रहे 5 एंट्री माफियाओं को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से दो मोटरसाइकिल और 1800 रुपए नगद बरामद किए गए। जानकारी के अनुसार, अब तक कुल 58 एंट्री माफिया गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। गया पुलिस इन दिनों अवैध टोल वसूली और एंट्री माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। बाराचट्टी थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग सूर्यमंडल चेक पोस्ट पर टोल कर्मियों को धमकाकर बिना चालान गाड़ियां पार करा रहे हैं। सूचना मिलते ही बाराचट्टी थानाध्यक्ष और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी मोटरसाइकिल लेकर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन सशस्त्र बल ने घेराबंदी कर 5 इंट्री माफिया को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विनोद यादव (झाझ नवाडीह, थाना धनगाई) - 400 रुपए और एक बाइक बरामद, गुड्डु कुमार (जोद्या विगहा) - 300 रुपए बरामद, मनोज यादव (जोद्या विगहा) - 400 रुपए बरामद, अनील कुमार (धर्मथान) - 400 रुपए और एक बाइक बरामद और मनोज कुमार (भुरकुंडा) - 300 रुपए बरामद किए गए।

#### माफियाओं पर पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

गया पुलिस पहले ही 53 एंट्री माफियाओं को गिरफ्तार कर चुकी है। अब इन नए आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। बाराचट्टी थाना में कांड संख्या-100/25 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों पर 308(2)/308(4) बीएनएस की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

## सीधे बैंक अकाउंट में आएगा पैसा, नीतीश सरकार ने कर दिया मासिक भत्ते का ऐलान

**पटना, एजेंसी।** नीतीश सरकार ने 8000 से अधिक पंचायत के जन प्रतिनिधियों को चुनावी साल में खुश करने के लिए बड़ा फैसला लिया है. बिहार के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को अब 4 महीने की जगह हर माह भत्ता दिया जाएगा. नीतीश सरकार ने फैसला लिया है कि बिहार के त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को नियमित मासिक भत्ता जिला स्तर से प्रति माह मिलेगा. पंचायत प्रतिनिधि को मासिक भत्ता देने का निर्णयः जिला स्तर पर मेकर, चेकर और अप्रूवल आईडी बनाने के लिए कहा गया है ताकि पीएफएमएस के जरिए भत्ते का भुगतान सीधे खाते में किया जा सके. जिला पंचायत राज पदाधिकारी के नाम से बचत खाता खोलने और संबंधित प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया है. अभी यह के पीएफएमएस के जरिये हर 4 महीने का अप्रैल, जुलाई और नवंबर माह में विभाग से जारी होता है.

#### भत्ता बढ़ाने पर कोई फैसला नहीं

पंचायती राज विभाग के निदेशक आनंद शर्मा ने दिसंबर 2024 से जिसका भुगतान अप्रैल 2025 में होना है. अधिकारियों को भत्ते के भुगतान जिला स्तर पर अभिलंब सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से लंबे समय से विधायक और सांसद की तरह वेतन देने की मांग भी होती रही है लेकिन फिलहाल भत्ता बढ़ाने की सरकार ने कोई फैसला नहीं लिया है.




#### योजनाओं के कार्यान्वयन को मिलेगी गति

इसके साथ पंचायती राज संस्थाओं में योजनाओं के कार्यान्वयन की गति को तेज करने के लिए निविदा के माध्यम से कार्य करने पर भी सहमति बनी है. पंचायती राज विभाग ने फिलहाल जिला परिषदों में विभागीय स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन निविदा से करने का आदेश जारी कर दिया है. अब तक 15 लाख रुपये की लागत से कम की योजना का काम विभागीय स्तर से होता था. विभागीय सचिव देवेश सेहरा ने सभी डीडीसी को पत्र लिखकर बदलाव के संबंध में जानकारी दी है. डीडीसी ही जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी होते हैं.

#### चुनावी साल में फैसले का महत्व

विभागीय स्तर पर 12 मार्च को हुई बैठक में यह मामला सामने आया कि पंचायती राज संस्थाओं विशेष कर जिला परिषद में विभागीय स्तर पर हो रही योजनाओं के कार्यान्वयन की गति काफी धीमी है. आवंटित राशि के संदर्भ में व्यय की स्थिति चिंताजनक है. केंद्र और सरकार की ओर से राशि तो पर्याप्त दी जा रही है लेकिन समय पर लोगों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है. उसी के बाद यह फैसला लिया गया है. चुनावी साल में इस फैसले से योजनाओं को जमीन पर उतारने में मदद मिलेगी.

## डेढ़ दर्जन दुकानों के सैंपल में मिली मिलावट, अब कोर्ट में मुकदमे की तैयारी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बीते सावन और दीपावली के दौरान खाद्य संरक्षा विभाग ने जिन होटलों, मिठाई व पनीर की दुकानों से सैंपल लिए थे, उनमें से अधिकतर में मिलावट पाई गई है। पटना लैब से आई जांच रिपोर्ट के अनुसार शहर में मैदा व आरारोट से बना पनीर लोगों को बेचा जा रहा था, वहीं मिर्च पाउडर तक में खतरनाक केमिकल वाला रंग और लकड़ी का बुरादा पाया गया है। विभाग ने इस रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट में मुकदमे की तैयारी शुरू कर दी है। इधर, होली में लिये गये खाद्य पदार्थों के सैंपल की जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। बताया गया कि पटना से रिपोर्ट आने में करीब एक माह का वक्त लग सकता है।

# पक्षियों के संरक्षण में युवाओं की बढ़ रही रूची: प्रजातियों की जानकारी एकत्र करने में कर रहे मदद



### ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट कार्यक्रम में हुए शामिल

**नालंदा, एजेंसी।** विश्व स्तर पर पक्षियों के संरक्षण की दिशा में नागरिक विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में वैश्विक स्तर पर आयोजित होने वाला ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट (जीबीबीसी) कार्यक्रम इस वर्ष भी 14 से 17 फरवरी तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम विश्वभर के शहरों और परिसरों में पक्षियों के दस्तावेजीकरण और जन भागीदारी को बढ़ावा देने का एक सार्थक प्रयास है। बिहार में पिछले कुछ वर्षों में बर्ड वॉचिंग के प्रति लोगों, विशेषकर युवाओं में रुचि बढ़ी है। इस वर्ष राज्य के रोहतास, जमुई, नालंदा, पटना, भागलपुर समेत 15 जिलों के पक्षी प्रेमियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राजगीर निवासी और जीबीबीसी के जिला समन्वयक राहुल कुमार ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल स्थानीय पक्षियों के बारे में जानकारी एकत्र करने में मदद करते हैं, बल्कि बच्चों और आम नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने व संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए नीतियां बनाने में भी सहायक होते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अकेले नालंदा से 201 पक्षियों के चेकलिस्ट बनाए गए, जिसमें 111 प्रजातियों को दर्ज किया गया। राज्य समन्वयक और पक्षी विशेषज्ञ राहुल कुमार के अनुसार, इस वर्ष के कार्यक्रम की तैयारी के लिए स्कूली बच्चों और नागरिकों के लिए बर्ड वॉक, प्रशिक्षण कार्यक्रम और वेबिनार का आयोजन किया गया था। ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट के माध्यम से नागरिकों को पक्षियों और पर्यावरण से जोड़ने का चार दिवसीय उत्सव मनाया गया।

**बिहार में जीबीबीसी के आंकड़े, उत्साहजनक वृद्धि :** इस वर्ष बिहार में पक्षियों की सूची में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसके परिणामस्वरूप पहचानी गई प्रजातियों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। आंकड़े बताते हैं कि बिहार ने 2024 में देश के 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चेकलिस्ट में 24वां स्थान (215 सूची) और प्रजातियों की संख्या में 26वां स्थान (179 प्रजाति) हासिल किया था।

पिछले 4 वर्षों के आंकड़े बिहार में इस कार्यक्रम की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाते हैं

| वर्ष | चेकलिस्ट | प्रजाति | प्रतिभागी |
|---|---|---|---|
| 2021 | 33 | 133 | 17 |
| 2022 | 50 | 161 | 20 |
| 2023 | 159 | 161 | 34 |
| 2024 | 215 | 179 | 49 |

**वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति**

पिछले वर्ष भारत ने वैश्विक स्तर पर पक्षियों के चेकलिस्ट सबमिट करने में 58,276 सूचियों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया था। वहीं, प्रजातियों की संख्या के मामले में, भारत ने 1,036 प्रजातियों को रिकॉर्ड करके तीसरा स्थान हासिल किया था। यह उपलब्धि लगभग 5,000 बर्ड वॉचर्स के समर्पित प्रयासों का परिणाम था। पक्षी विशेषज्ञों का मानना है कि नागरिक विज्ञान के इस प्रयास से न केवल पक्षियों के बारे में वैज्ञानिक जानकारी बढ़ती है, बल्कि आम नागरिकों के बीच पर्यावरण संरक्षण की भावना भी जागृत होती है। बिहार में इस कार्यक्रम की सफलता यह दर्शाती है कि राज्य के नागरिक पक्षी संरक्षण के प्रति अधिक सजग हो रहे हैं और भविष्य में इस दिशा में और अधिक सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

Page 3_16.12.2018 PAGE-04.qxd 18-03-2025 22:01 Page 1



# गया से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें हो जायेगी बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** शरद मौसम में विश्वदाय धरोहर महाबोधि मंदिर में आयोजित होने वाले विश्व शांति के निमित्त बौद्धों के हीनयान व महायान पंथ के विभिन्न पूजाओं का दौर अब समाप्त हो गया है।

पूजाओं का दौर समाप्त होते ही गया इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय उड़ान के तहत आने वाले विमानों का परिचालन भी एक एक कर बंद होने लगे हैं।

भूटान के ड्रुक एयरवेज की उड़ान पहले बंद हुई। जो बैंकाक से गया होते पारो और पारो से गया होते बैंकाक सप्ताह में दो दिन उड़ान भरती थी।

बोधगया में पर्यटन मौसम शुरू होने के साथ ही 10 अक्टूबर 2024 से अंतरराष्ट्रीय विमान का परिचालन गया इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आरंभ हुआ था।

इसमें थाईलैंड के थाई एयर एशिया का विमान पहले सप्ताह में दो दिन और बाद में फिर सात दिन उड़ान भरने लगा।

फिर थाई एयर एशिया की विमान ने अपनी उड़ान की संख्या में कटौती कर दी और सप्ताह में तीन दिन उड़ान भरने लगा।

म्यांमार नेशनल एयरलाइंस में सप्ताह में दो दिन उड़ान शुरू किया। उसके बाद म्यांमार एयरवेज इंटरनेशनल में सप्ताह में छह दिन यंगून-गया-यंगून के बीच उड़ान सेवा शुरू की।

एयरपोर्ट निदेशक बंगजीत साहा ने बताया की मार्च माह के अंत तक लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ाने बंद हो जाएगी। जिसमें थाईलैंड की कई विमान शामिल हैं।

संभावना है कि अप्रैल माह तक म्यांमार से एक- दो विमानों का परिचालन जारी रहेगा, जो अंतरराष्ट्रीय उड़ान के तहत आना जाना करेगा। इसके अलावा केवल इंडिगो का विमान घरेलू उड़ान के तहत नई दिल्ली- गया- कोलकाता और कोलकाता- गया- नई दिल्ली के बीच प्रतिदिन उड़ान भरता रहेगा।

# पहली बार ईडी के समक्ष पेश हुए तेज प्रताप यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

- लगभग एक घंटे तक चली पूछताछ
- मामला जमीन के बदले नौकरी का

**पटना।** जमीन के बदले नौकरी घोटाले मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके पुत्र व पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को लंबी पूछताछ की। राबड़ी देवी से करीब चार घंटे जबकि तेज प्रताप यादव से पांच घंटे तक ईडी की पूछताछ चली। इस मामले में 19 मार्च को पूर्व रेल मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद से भी पूछताछ संभव है।

प्रवर्तन निदेशालय ने कुछ दिनों पहले ही राबड़ी देवी और तेज प्रताप यादव को जमीन के बदले नौकरी प्रकरण में पूछताछ के लिए समन जारी किया था। तेज प्रताप यादव को ईडी की ओर से पहली बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था। समन के आधार पर पहले राबड़ी देवी अपनी सांसद पुत्री डॉ. मीसा भारती के साथ गांधी मैदान स्थित प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय पहुंची।

तेज प्रताप इसके करीब एक घंटे के बाद पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर पहुंचे। दोनों नेताओं को अलग-अलग कमरों में बिठा कर पूछताछ की गई।

प्रवर्तन निदेशालय ने राबड़ी देवी से यह जानकारी प्राप्त करने के प्रयास किया कि उन्होंने नौकरी के बदले जमीन अपने नाम कैसे कराई।

जिन लोगों को नौकरी देकर जमीन प्राप्त की गई उन्हें राबड़ी देवी या उनका परिवार कैसे जानता था। क्या संबंधित लोगों से लालू परिवार के लोग पूर्व परिचित थे।

राबड़ी देवी से यह भी पूछा गया कि पहली बार उन्होंने जमीन देने वालों से कब मुलाकात की। संबंधित लोगों को नौकरी देने के लिए उन्होंने क्या रेल मंत्री और अपने पति लालू प्रसाद से कोई पैरवी की थी।

सूत्रों ने बताया कि ईडी की टीम ने राबड़ी देवी से तेजस्वी यादव के दिल्ली स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी के बंगले, पटना के सगुना मोड़ स्थित अपार्टमेंट की जमीन और उसके निर्माण के साथ ही निर्माण में लगी राशि के स्रोत के बारे में भी सवाल किए गए।

सूत्र बताते हैं कि राबड़ी देवी ने अधिकांश सवालों को उन्हें जानकारी नहीं कहकर टाल दिए। दूसरी ओर तेज प्रताप से भी ईडी अधिकारियों ने केस के संबंध में कई सवाल पूछे और जानने की कोशिश की कि उन्हें जमीन के बदले नौकरी घोटाले के बारे में पहली बार कब जानकारी मिली।

उनके पिता और अन्य रिश्तेदारों की मिलीभगत के बारे में भी सवाल दागे गए। पूछताछ के बाद दोनों नेता जब ईडी दफ्तर से बाहर आए तो इन्होंने मीडिया के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया।

# प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर और मुंशी हुए निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहरसा।** सहरसा में पुलिस के विशेष समकालीन अभियान के तहत संदिग्ध परिस्थिति में पकड़े गए दो युवकों और एक मोटरसाइकिल को बिना वरीय पदाधिकारी की अनुमति के छोड़ना सदर थाना के प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर और मुंशी को महंगा पड़ गया। पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने दोनों पुलिसकर्मियों को अनुशासनहीनता और मनमानी के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से पूरे पुलिस महकमे में हलचल मच गई है।

जानकारी के अनुसार, बीते 12 मार्च की रात विशेष समकालीन अभियान के तहत सदर थाना पुलिस ने सोनबरसा कचहरी थाना क्षेत्र के भरौली निवासी आदर्श कुमार और सहरसा सदर थाना क्षेत्र के गांधी पथ निवासी चंदन कुमार को एक मोटरसाइकिल के साथ संदिग्ध स्थिति में बटराहा स्थित रंगकर्मी पंकज के घर के पास से हिरासत में लिया था। दोनों युवकों को बाइक सहित पूछताछ के लिए थाना लाया गया था और उन्हें निगरानी में रखा गया था। लेकिन जब थानाध्यक्ष ने जांच-पड़ताल की तो पाया कि न तो मोटरसाइकिल थाने में है और न ही दोनों युवक। पूछताछ के बाद यह स्पष्ट हुआ कि प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर सुमन कुमार सुमन और एएसआई सह थाना लेखक मिथिलेश कुमार ने पीआर बॉन्ड और मोटरसाइकिल का फाइन लेकर दोनों को छोड़ दिया था। यह पूरी कार्रवाई थानाध्यक्ष की जानकारी के बिना की गई थी।

एसडीपीओ ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक ने इसे अनुशासनहीनता, मनमानी और पुलिस पदाधिकारी के आचरण के विपरीत मानते हुए दोनों को निलंबित कर दिया है। एसपी हिमांशु ने स्पष्ट किया कि बिना वरीय पदाधिकारी की अनुमति के ऐसे मामलों में छूट देना एक गंभीर लापरवाही है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

# जिले के दलित टोलों की बदलेगी किस्मत

## डीपीआरओ और सदर एसडीओ को मिली जिम्मेवारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के अनुसूचित जाति बाहुल्य 223 पंचायत के 750 से ज्यादा अनुसूचित जाति वार्ड में विकास कार्यों की गति को तेज करने के लिए नए सिरे से 223 प्रभारी पदाधिकारी की तैनाती की गई है। डीएम के द्वारा तैनात किए गए ये सभी प्रभारी पदाधिकारी इन महादलित वार्डों में बिहार सरकार के द्वारा चल रहे विभिन्न योजनाओं की मॉनिटरिंग करेंगे।

इसके साथ ही ये भी सुनिश्चित करेंगे की यहां रहने वाले अनुसूचित जाति परिवार को इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है कि नहीं? योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की स्थिति में ये पदाधिकारी अपनी देखरेख में लगभग 19 प्रकार की योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

जिन-जिन योजनाओं का लाभ इन सभी को दिलाना है इसके लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, जीविका, जल जीवन हरियाली समेत अन्य विभागों से जुड़ी हुई 19 प्रकार की योजनाएं शामिल हैं।

जिला मुख्यालय के द्वारा जिन पदाधिकारी की तैनाती की गई है, उनमें जिला स्तर से लेकर अनुमंडल और प्रखंड स्तर तक के पदाधिकारी शामिल हैं। सभी को कड़ा निर्देश दिया गया है कि वे लगातार मॉनिटरिंग करने के साथ योजनाओं का भौतिक सत्यापन भी करें। इसके साथ इसकी रिपोर्ट जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराते रहें।

इन पदाधिकारी की तैनाती होने के बाद जिले के लगभग तीन लाख अनुसूचित जाति परिवारों को बिहार सरकार की योजनाओं का विशेष रूप से लाभ मिल सकता है।

मालूम हो जिले में इस प्रकार की कवायद विगत दिनों राज्य के मुख्य सचिव द्वारा सहार प्रखंड कार्यालय क्षेत्र के कई पंचायत में योजनाओं का निरीक्षण करने के बाद हुआ है। मुख्य सचिव ने पाया कि इन सभी अनुसूचित जाति क्षेत्र में विकास कार्यों को चलाने के साथ इसकी सतत मानिटरिंग जरूरी है। इसके बाद डीएम ने यह आदेश निकाला है।



जिले के 223 पंचायत के अंतर्गत आने वाले 750 से ज्यादा अनुसूचित जाति टोला के महादलित परिवार को जिन योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा उसमें प्रमुख हैं, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन कार्ड), चमकीला योजना, आंगनबाड़ी एवं औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय में दाखिला, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, वासभूमि/वासगीत पर्चा, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, बुनियाद केन्द्र से संबंधित योजनाएं, दिव्यांग योजना से आच्छादन, मनरेगा जाब कार्ड, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, बिजली कनेक्शन, जीविका समूह, ग्रामीण कार्य विभाग (अनु० जाति एवं अनु० जनजाति टोलों में सम्पर्क योजना), स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/लोहिया स्वच्छता अभियन शौचालय/व्यक्तिगत शौचालय योजना शामिल हैं। जिले के सभी 223 अनुसूचित जाति टोला वाले पंचायत में विकास कार्यों को तेज करने के लिए 223 पदाधिकारी को प्रभारी पदाधिकारी बनाया गया है।

इनमें शामिल जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सदर एसडीओ, जिला कृषि पदाधिकारी, सहकारिता, श्रम, कल्याण, शिक्षा, अल्पसंख्यक, सहायक निदेशक पेंशन व सहायक आयुक्त समेत अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारी और अनुमंडल तथा प्रखंड के सभी वरीय पदाधिकारी को विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए प्रभारी पदाधिकारी बनाया गया है।

# मोबाइल न देने पर आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** भागलपुर जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र के अम्मापाली गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। घरेलू विवाद के चलते एक महिला ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। वहीं, मृतका के मायके पक्ष ने इस घटना को आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या बताते हुए पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतका की पहचान अम्मापाली गांव निवासी नीति कुमारी के रूप में हुई है, जो भोलू मंडल की पत्नी थी। परिजनों के अनुसार, घटना की शुरूआत 15 मार्च को हुई, जब नीति कुमारी होली खेलने के लिए मोबाइल लेकर बाहर जाना चाह रही थी। इस पर पति भोलू मंडल ने यह कहते हुए मना कर दिया कि घर में सिर्फ एक मोबाइल है और वह बाहर नहीं ले जा सकती। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते-देखते मारपीट तक पहुंच गई।

# पटना में एक करोड़ की लूट

## सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पुलिस महकमा के वरीय अधिकारियों का आदेश है कि अपराधी अगर सर उठाये तो उसे कुचल देना है। इसको लेकर पुलिस मुख्यालय ने एक साथ 44 पुलिसकर्मियों का तबादला किया, जिसमें 27 थाना अध्यक्ष भी शामिल हैं। इसके साथ ही बेखौफ अपराधियों ने एक करोड़ की लूट की घटना को अंजाम दिया है। घटना कंकड़बाग थाना क्षेत्र के अशोकनगर की है। घटना की पुष्टि करते हुए कंकड़बाग थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने एक करोड़ के लूट की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि लगभग 6 से 7 की संख्या में अपराधी थे, जिन्होंने लूट की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित युवक नवादा का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना के संबंध में उसने बताया कि पैसे लेकर वह जमीन राजस्ट्री करवाने आया था।

घटना के संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) डॉ0 के0 रामदास ने बताया कि रवि कुमार से अपराधियों ने हथियार के बल पर 1 करोड़ रुपये लूट लिए। यह घटना कंकड़बाग थाना क्षेत्र के राम लखन पथ रोड नंबर 13 के समीप हुई है। डॉ के रामदास ने बताया कि रवि कुमार नाम का नाम का व्यक्ति जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए 1 करोड़ रुपए लेकर अपने कुछ साथियों के साथ आया था। इसी दौरान हथियारबंद अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर उससे रुपये लूट लिए। घटना के बाद पीड़ित कंकड़बाग थाना पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी गई। पीड़ित राजू के बयान के आधार पर अपराधियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

पुछ्ताछ के दौरान पीड़ित रवि कुमार ने बताया कि वह पटना के बेऊर के पास रहते हैं। वह ट्रेडिंग का कार्य करते हैं। पीड़ित अपने चार चक्का वाहन से कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ रोड नंबर 14 इ स्थित जमीन मालिक गुप्ता जी के पास आये थे। आने के बाद 8 की संख्या में हथियार से लैश अपराधियों ने 1 करोड़ कैश और कार में सवार 4 लोगों के मोबाइल लूटकर फरार हो गये। फिलहाल इस मामले में पीड़ित पक्ष द्वारा लिखित आवेदन कंकड़बाग थाने में दिया गया है।

# आशा कार्यकर्ताओं के संग बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के मनरेगा सभा भवन आशा दिवस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग टीम और आशा कार्यकर्ताओं की साथ बैठक हुई। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार ने किया। बैठक में आगामी होने वाले अलग अलग पखवाड़ा को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान इसलिए कार्यों की समीक्षा करते हुए नियमित टीकाकरण और परिवार नियोजन पखबारा को शत प्रतिशत पूरा करने को लेकर जानकारी दी गई। एन सी डी पर चर्चा किया गया। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक मो अमानुल्लाह सहित सभी आशा थे।

# दूसरी से शादी कर पहली पत्नी घोंटा गला

## तीन दिन पूर्व दी थी बच्चे को जन्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** बिसपट्टी पंचायत के अंतर्गत वार्ड नंबर 12 के विष्णुपुर गांव स्थित मुस्लिम टोला में सोमवार शाम को पति ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना के बाद ससुराल वाले फरार हो गए। मृतका मु. राहुल की पत्नी शबाना खातून (28) है।

शबाना ने पांच दिन पूर्व ही तीसरे बच्चे को जन्म दिया था।

मु. राहुल ने कुछ दिनों पूर्व दूसरी शादी कर ली थी और इस कारण पहली पत्नी से उसकी अनबन चल रही थी। इसी विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है।

इधर, सूचना मिलते ही मृतका के मायके उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के रहठा से उसके पिता मु. जुबैर व अन्य स्वजन विष्णुपुर गांव के मुस्लिम टोला पहुंचे। स्वजन ने मृतका के पति, सास-ससुर समेत ससुराल वालों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया।

मृतका के पिता मु. जुबैर ने बताया कि शबाना खातून की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी। पांच दिन पूर्व ही उसने एक बच्चे को जन्म दिया था। इससे पहले उसे एक बेटा और एक बेटी है। हाल ही में शबाना के पति मु. राहुल ने दूसरी शादी कर ली थी। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में अनबन चल रही थी।

इस बीच सोमवार शाम को पड़ोसी द्वारा उनकी पुत्री के मौत की सूचना मिली। सूचना मिलते ही जब वे बेटी की ससुराल पहुंचे तो ससुराल वाले गायब थे। घर में बेटी का शव पड़ा था।

इसके बाद आलमनगर थाना को घटना की जानकारी दी गई। घटना की सूचना मिलने पर आलमनगर थाना के एसआई आशुतोष त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

# ई -रिक्शा पलटने से सवार चोटिल

**पटना।** पटना में गड्ढे में ई-रिक्शा पलट गया, जिसमें सवार एक बच्चा भी चोटिल हो गया। लोगों का कहना है कि यह हादसा नमामि गंगा प्रोजेक्ट की लापरवाही के कारण हुआ है। घटना राजीवनगर रोड नंबर 23 की है। बच्चे की पहचान शानू के रूप में की गई है, जो अब बिल्कुल स्वस्थ्य है।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि ई-रिक्शा में कई लोग सवार थे। वहीं सड़क पर नमामि गंगा प्रोजेक्ट के द्वारा कई जगह गड्ढे खोदे गये थे, लेकिन उन्हें घेरा नहीं गया था। इस वजह से ई-रिक्शा जाने के दौरान अचानक असंतुलित हो गया और देखते ही देखते ई-रिक्शा नमामि गंगा प्रोजेक्ट के द्वारा खोदे गये गड्ढे में उलट कर गिर गया। ई-रिक्शा के गड्ढे में गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर उधर भागे और किसी तरह गड्ढे में गिरे लोगों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों का कहना है कि उस ई-रिक्शा में एक बच्चा भी था, उसको सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। फिलहाल सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया गया है।

# होली में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन मामले में 70 लाख रुपये की हुई वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** होली के दिन पटना में राजद सुप्रीमो लालू यादव के विधायक बेटे तेजप्रताप यादव की गाड़ी का चालान काटा गया था। उनपर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगा। पुलिस ने इसके लिए 4 हजार रुपये का चालान काटा था।

हालांकि, होली के दिन पटना में केवल तेजप्रताप की गाड़ी का ही केवल जुर्माना नहीं किया गया था बल्कि कुछ और गाड़ियों पर भी एक्शन लिया गया।

बताया जा रहा है कि होली के दौरान राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में साढ़े छह हजार से ज्यादा गाड़ियों पर जुमार्ना लगाया गया।

ना हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग और नाबालिग के वाहन चलाने के मामले में ये कार्रवाई की गई। हमारी मंशा किसी तरह आप पर कार्रवाई या जुमार्ने की नहीं होती, लेकिन सुरक्षित यातायात और अनुशासन बनाए रखने के लिए यह जरूरी हो जाती है।

अपर पुलिस अधीक्षक यातायात आलोक कुमार ने मंगलवार को जिला प्रशासन के फेसबुक लाइव में यह कहा। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात के लिए पुलिस और समाज को मिलकर काम करना होगा।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात सुरक्षा को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

लोगों को बताया जा रहा है कि आप सही तरीके से वाहन चलाएंगे तो स्वयं के साथ दूसरों को भी सुरक्षित रहेंगे, लेकिन लोग जानबूकर नियम-कानून का उल्लंघन करते हैं।

उन्होंने कहा कि होली के दौरान शहर में सीसीटीवी कैमरे और यातायात पुलिस के पास मौजूद डिवाइस के माध्यम से 6,803 वाहनों पर जुमार्ना किया। इनसे 69 लाख 98 हजार 500 रुपये जुमार्ना वसूला गया। इनमें नाबालिग, बिना हेलमेट और ट्रिपल लोडिंग के छह हजार 42 मामले थे, उनसे 60 लाख से ज्यादा जुमार्ना वसूला गया। इसी तरह अटल पथ, जेपी गंगा पथ जैसे जगहों पर ट्रिपल लोड में 402 वाहनों पर दंड लगाया गया।

एएसपी ने बताया कि कच्ची उम्र के लड़के कैमरे से बचने के लिए बाइक के नंबर प्लेट पर तेल या मिट्टी लगा देते हैं। ऐसे 55 मामले पकड़े गए हैं।

उनका कहना था कि गलत साइड से ओवरटेक करने में भी वे पीछे नहीं रहते, इस कारण जानलेवा हादसे की आशंका बनी रहती है।

गलत तरीके से वाहन परिचालन की वजह से जाम भी लगता है। इसलिए यातायात नियमों का पालन करें। यातायात पुलिस का सहयोग करें। शहर में बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने में मदद करें।

# पुलिस टीम पर हमला, कांस्टेबल गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** मुंगेर में शुक्रवार देर रात एएसआई की हत्या के बाद फिर से पुलिस टीम पर हमला हुआ है। इसमें टाइगर मोबाइल के कांस्टेबल मन्नू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना जिले के जमालपुर थाना क्षेत्र के फरीदपुर वार्ड 34 दास टोला में हुई। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात एक विवाद को सुलझाने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस हमले में टाइगर मोबाइल के कांस्टेबल मन्नू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, फरीदपुर दास टोला निवासी रजनीश दास अपने साथियों के साथ बाइक से जा रहे थे। इस दौरान वार्ड 32 निवासी सुनिता देवी की बकरी का बच्चा बाइक की चपेट में आ गया। सुनिता देवी ने मुआवजे की मांग की, जिससे दोनों पक्षों में हाथापाई हुई। सुनिता देवी ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी, आरोप लगाते हुए कहा कि बाइक सवारों ने न केवल बकरी के बच्चे की जान ली, बल्कि विरोध करने पर उनके साथ भी हाथापाई की।

मामले की जांच के लिए पुलिस जवान मन्नू कुमार और प्रदीप पांडे फरीदपुर दास टोला स्थित आरोपी के घर पहुंचे। पूछताछ के दौरान, ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया, जिसमें कांस्टेबल मन्नू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घायल कांस्टेबल मन्नू कुमार के बयान पर पुलिस ने नामजद और कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

एसएचओ राजेश कुमार ने बताया कि मामले में पथराव में शामिल सबिता देवी और रेना देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रेम दास, रजनीश सहित तीन चार अन्य नामजद सहित 20 महिला पुरुष (अज्ञात) के विरुद्ध छापेमारी जारी है। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त में होगें।

# किसान सम्मान निधि योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़झाला

- कृषि कार्यालय से हुआ झोल
- रिकवरी की तैयारी हुई तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिले में किसान सम्मान निधि योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की बात सामने आई है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ 3417 ऐसे किसानों ने लिया जो नियमित इनकम टैक्स देते हैं।

विभागीय अनदेखी के बीच हुई इस गड़बड़ी के कारण सरकार को चार करोड़ 75 लाख 84 हजार रुपये की चपत लगने की बात कही जा रही है।

योजना के आरंभ में ही केंद्र सरकार की ओर से यह गाइडलाइन जारी की गई थी कि आयकर के दायरे में आनेवाले किसानों को योजना का लाभ नहीं मिलेगा, लेकिन योजना का लाभ देने से पहले संबंधित किसानों की जांच विभागीय अधिकारियों ने सही तरीके से नहीं की। नतीजतन गड़बड़ी होते चली गई। यह पदार्फाश तब हुआ जब सभी किसानों के आधार नंबर से बैंक खाता व अन्य सारी चीजें लिंक हुई। बहेड़ी प्रखंड में सबसे ज्यादा 377 किसान ने 53 लाख 76 हजार रुपये एवं कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड में सबसे कम 21 आयकर किसान तीन लाख रुपये का अवैध लाभ लिया। मामला उजागर होने के बाद विभाग सक्रियता बढ़ी है। संबंधित किसानों से राशि वसूली की कवायद तेज की गई है।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की गाइडलाइन की अनदेखी जिला कृषि कार्यालय के कर्मियों ने की है। विभाग ने बिना जांच पड़ताल के ही किसानों को योजना से लाभान्वित कराने के लिए उन्हें पंजीकृत कर दिया।

इस बीच सरकारी निर्देश पर जब आधार को आयकर विभाग से लिंक कराया गया तो गलत तरीके से लाभ लेने वाले किसानों का नाम सामने आया।

# पेड़ से लटकी मिली मां-बेटी की लाश

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के पिलखी इलाके में महिला और पांच वर्षीय पुत्री का पेड़ से लटका शव मिला। लीची बगान में लीची के पेड़ में लटकते शव देख आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों में हत्या की चर्चा की जा रही थी। सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है।

# चैती छठ की तैयारी में जुटे लोग

**पटना।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान चैत्र शुक्ल चतुर्थी में एक अप्रैल मंगलवार को नहाय-खाय से शुरू होगा। चैती छठ व्रत पूर्वांचल व उत्तर भारत के अलावा, पूरे देश में संयम व पवित्रता के साथ मनाई जाती है। यह महापर्व नवरात्रि की तर्ज पर वर्ष में दो बार मनाया जाता है।

पंचांग के मुताबिक, चैत्र मास में प्रथम तथा कार्तिक मास में दूसरी बार छठ महापर्व बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश समेत पूरे भारत में मनाया जाने वाला सबसे लोकप्रिय पर्व है।

छठ करने वाले व्रती इस दिन पवित्र गंगा नदी, जलाशय या अपने घरों में गंगाजल मिलाकर स्नान, पूजा के बाद प्रसाद के रूप में अरवा चावल, सेंधा नमक से निर्मित चना की दाल,लौकी की सब्जी, आंवला की चटनी आदि ग्रहण कर चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लेंगी।

ज्योतिष आचार्य पंडित राकेश झा ने पंचांगों के हवाले से बताया कि चैत्र शुक्ल चतुर्थी एक अप्रैल मंगलवार को भरणी नक्षत्र व सर्वार्थ सिद्धि योग में नहाय-खाय के साथ महापर्व आरंभ होगा।

# इस वर्ष दो लाख नौकरियां देने की तैयारी में जुटी सरकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नीतीश सरकार ने पिछले पांच सालों में दस लाख नियुक्तियां की हैं। इस साल के अंत तक दो लाख और नौकरियां देने का लक्ष्य है। इसमें सिर्फ स्वास्थ्य विभाग की करीब 40 हजार बहाली होगी। विधान परिषद में मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने सर्वेश कुमार एवं डॉ. उर्मिला ठाकुर के तारांकित प्रश्नों के उत्तर में सदन को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से 17 हजार से अधिक नर्सों की बहाली के लिए अधियाचना भेजी गई थी जिसके विरुद्ध विज्ञापन भी प्रकाशित हो गया है। जीएनएम की नियुक्ति के लिए भी एक सप्ताह के अंदर विज्ञापन प्रकाशित होने की उम्मीद है।

डॉक्टरों की कमी पूरी करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के 3623, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के 667 और दंत चिकित्सक के 808 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचना बिहार तकनीकी सेवा आयोग की भेजी गई है।



सौरभ कुमार के तारांकित प्रश्न के उत्तर में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में एक करोड़ 55 लाख परिवार को आयुष्मान कार्ड की सुविधा मिली है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्वास्थ्य चिकित्सा सहायता योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में सवा दो सौ करोड़ की सहयोग राशि गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को उपलब्ध कराई गई है।

महेश्वर सिंह के प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने बताया कि वर्तमान में राज्य के सौ अस्पतालों में फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) कार्यरत हैं। यहां सिजेरियन की भी सुविधा उपलब्ध है, जिसके लिए 70 विशेषज्ञों को प्रतिनियुक्त किया गया है। राज्य के 56 अस्पतालों में रात्रिकाल में भी सिजेरियन प्रसव की भी सुविधा प्रदान की जा रही है।

लिंगानुपात से जुड़े प्रश्न पर मंत्री ने बताया कि यह चिंताजनक है। राज्य के एक दर्जन जिलों में लिंगानुपात 900 से अधिक है। इसमें सुधार के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

मां और शिशु स्वास्थ्य का स्वास्थ्य बेहतर रहे इसके लिए चलाए जा रहे प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के संचालन में बिहार ने सामूहिक प्रयासों व अपने संकल्प से बेहतर कार्य किए हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, फरवरी महीने में प्रसव जांच में बिहार ने देश भर में चौथा स्थान प्राप्त किया है। फरवरी में राज्य में दूसरी और तीसरी तिमाही वाली कुल 24173 गर्भवतियों की जांच अभियान के तहत की गई।

बता दें कि हर महीने नौ और 21 तारीख को आयोजित होने वाले इस अभियान में बिहार अगस्त, सिंतबर 2017 में पहले स्थान जबकि जून 2022 और अगस्त 2024 में देश के शीर्ष दो राज्यों में अपनी जगह बना चुका है। इस कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी।

जिसके तहत हर महीने नौ और 21 तारीख को स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ डॉक्टर गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन, एचआइवी, शुगर, अल्ट्रासाउंड की जांच करते हैं। आवश्यकता पर गर्भवती महिलाओं को उच्चतर स्वास्थ्य केंद्रो में रेफर भी किया जाता है। राज्य में प्रसव पूर्व जांच के प्रति लोगों में सतर्कता पहले की अपेक्षा काफी बढ़ी है। प्रसव पूर्व जांच से गर्भवती और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे के बारे में पूरी जानकारी मिलती है।

# 14 करोड़ रुपये का बजट नगर निगम ने किया पेश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नगर निगम बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 414 करोड़ 67 लाख रुपए का बजट पेश किया गया। बैठक में उपमहापौर आईशा शाहीन, नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा और सभी वार्ड पार्षदों ने बजट पर विस्तार से चर्चा की। नगर निगम के वित्त विशेषज्ञ अमित बसाक द्वारा तैयार किए गए बजट में कुल अनुमानित प्राप्ति 414 करोड़ 67 लाख रुपए और व्यय 172 करोड़ 19 लाख रुपए का प्रावधान है। जिसमें अनुमानित अवशेष राशि 242 करोड़ 48 लाख रहने का अनुमान है। बजट में शहर के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं पर 80 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रस्ताव है। इनमें नए भूमि क्रय, मार्केट कॉम्प्लेक्स, सामुदायिक भवन, वृद्धों के लिए आश्रय स्थल, शवदाह गृह, आवास योजना, वेंडर जोन, सड़क और नाला निर्माण, जलापूर्ति, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था, सफाई उपकरण, एंबुलेंस, पुस्तकालय, पार्क, हेल्थ सेंटर और शौचालय निर्माण शामिल हैं। इसके अलावे शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाओं के लिए 123 करोड़ 66 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। बैठक में पार्षदों ने जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए 12 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान करने का सुझाव दिया। अस्थायी दुकानों से राजस्व वसूली और प्रदूषण नियंत्रण के लिए भी सुझाव दिए गए। सभी सदस्यों ने बजट में आंशिक संशोधनों के साथ इसे अगली बोर्ड बैठक में पारित करने का निर्णय लिया।

## कुएं से युवक का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर के नई पोखर मोहल्ले में एक युवक का शव कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान विजय सिंह के पुत्र नीरज उर्फ झुन्ना (32) के रूप में हुई है। नीरज व्यवसायी था और उसकी शादी से पहले का तिलक समारोह आगामी 25 मार्च को होना तय था, 30 को शादी थी। घटना का खुलासा तब हुआ जब स्थानीय लोगों को कुएं के पास कुछ संदिग्ध सामान, जैसे चप्पल, चश्मा और अन्य चीजें दिखाई दीं। जब ग्रामीणों ने कुएं में झांककर देखा, तो पानी में एक शव नजर आया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और सीढ़ी लगाकर शव को बाहर निकाला। शव को देखने पर पता चला कि उसके पैरों में ईंट बंधी हुई थी। घटनास्थल पर जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया। डॉग स्क्वायड और अन्य विशेषज्ञों ने जांच के दौरान कुएं के पास खून के निशान पाए। इसके अलावा, घटनास्थल से एक कारतूस भी बरामद किया गया है, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई है।

# ट्रेनिंग सेंटर में सीआरपीएफ जवान की संदिग्ध मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के ट्रेनिंग सेंटर में एक जवान की मंगलवार तड़के संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान राजस्थान के बीकानेर जिले के रहने वाले 24 साल के पुखराज बरेला के रूप में हुई है, जो अजमेर ग्रुप केंद्र से प्रशिक सीआरपीएफ राजगीर कैंप के डीएसपी चंदन कुमार तिवारी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुखराज बरेला पिछले 10 फरवरी से यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे और वे अपने प्रशिक्षण के पांचवें सप्ताह में थे। सोमवार रात को वे अपने बैरक में सामान्य रूप से सोने गए थे, लेकिन सुबह जब उनके साथियों ने उन्हें जगाने का प्रयास किया, तो उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जब साथी जवानों को पुखराज की हालत संदिग्ध लगी, तो उन्होंने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और उन्हें तत्काल यूनिट हॉस्पिटल ले जाया गया। हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक ने पुखराज को मृत घोषित कर दिया। डीएसपी तिवारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि हृदय गति रुकने से उनकी मौत हुई होगी, लेकिन अंतिम निष्कर्ष पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी ने बताया कि मृतक के परिवार को इस दुखद घटना की सूचना दे दी है और उनके पार्थिव शरीर को उनके गृह नगर बीकानेर भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

## दो गुटों में विवाद, दोनों ओर से प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** थरथरी थाना क्षेत्र के झुलन बिगहा गांव में विवादों को लेकर लगातार सुर्खियों में है। झुलन बिगहा निवासी प्रथम पक्ष सुदामा कुमार के पत्नी प्रियंका कुमारी ने अजब लाल समेत पांच पर प्राथमिकी दर्ज कराई है तो दूसरे पक्ष अरविन्द कुमार उर्फ मुखिया जी के पत्नी अंजु देवी ने अरविन्द कुमार समेत दस पर थरथरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर मारपीट गाली-गलौज करने का आरोप लगाई है। थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त हुई है जांच कर दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दो रनों से मैच जीतकर विजेता बनी सीतारामपुर की टीम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** आज बारून प्रखंड अंतर्गत सोहर बिगहा खेल मैदान में कुशवाहा क्रिकेट क्लब के द्वारा फाइनल मुकाबला मंजूराही बनाम सीतारामपुर खेला गया। मैच का शुभारंभ राजद जिलाध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा, महासचिव चंद्रशेखर कुशवाहा, समाजसेवी बलवंत कुशवाहा, छात्र राजद के जिला उपाध्यक्ष रितेश कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, संजीत कुमार मेहता ने द्वीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। सीतारामपुर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और पूरे ओवर में 106 रन बनाया। जवाबी पारी में मंजूराही की टीम 105 रन पर ही सिमट गई। खेल काफी रोमांचक रहा। स्टेडियम में दर्शकों ने खूब आनंद लिया। इस प्रकार सीतारामपुर की टीम 2 रनों से जीतकर विजेता एवं मंजूराही उपविजेता बना। क्रिकेट मैच का लाइव विश्लेषण एवं विवरण नीतीश कुमार एवं मंच संचालन लौलेश कुमार ने किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव उज्जवल कुमार रिशु, सहसचिव अमित अखौरी, कोषाध्यक्ष शशांक शेखर उपस्थित रहे। मैन ऑफ द मैच धीरेन्द्र कुमार, मैन ऑफ द सीरीज अजीत कुमार, बेस्ट फील्डर रोहित कुमार के साथ विजेता एवं उपविजेता के खिलाड़ियों को मेडल एवं कप देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही विजेता टीम को 5001 एवं उपविजेता टीम को 2500 रुपए नकद राशि भी पुरस्कार के रूप में दिया गया। क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल बहुत जरूरी है। मानसिक एवं शारीरिक दोनों रूप से स्वस्थ रखने में खेल की अहम भूमिका है। संजीत कुमार ने बताया कि किसी भी क्षेत्र में अगर अनुशासन एवं धैर्य से कार्य किया जाए तो सफलता निश्चित है।

मौके पर अंपायर राहुल कुमार, नीतीश कुमार, स्कोरर प्रिंस कुमार, अभिभावक परशुराम मेहता, पप्पू सिंह, क्लब के अध्यक्ष राहुल कुमार, उपाध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव रौशन कुमार, सहयोगी पंकज कुमार, बिट्टू कुमार, नीतीश कुमार, सौरभ कुमार, चंदन कुमार, निरंजन कुमार, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारतीय स्टेट बैंक और जीविका दीदी के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर मंगलवार को जीविका कार्यालय कुटुंबा के अम्बे संकुल संघ में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक एसबीआई बैंक के रिज़नल मैनेजर अमित कुमार, एसबीआई बैंक लोन प्रबंधक औरंगाबाद के विनोद कुमार, माइक्रो फाइनेंस मैनेजर (जीविका) पंचम दांगी और एसबीआई शाखा अम्बा के शाखा प्रबंधक विशाल कुमार ने जीविका दीदी को व्यक्तिगत लोन तथा बैंक से अधिकतम निकासी की जानकारी दी। रीजनल मैनेजर अमित कुमार ने कहा कि जीविका के समूहों को बेहतर जमा - निकासी के लिए हम सभी तत्पर हैं। जीविका समूह की किसी भी तरह की समस्या को दुर करने के लिए बैंक द्वारा त्वरित कार्य किया जाएगा। जीविका समूह के बीपीएम धनंजय कुमार ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के तरफ से जीविका समूह को बहुत सहयोग मिल रहा है। बैंक से ऋण लेकर महिलाएं कई तरह के रोजगार कर सशक्त बन रही है। जीविका समूह की सीएम एवं दीदीयों को बैंक से संबंधित परेशानियों का त्वरित निपटारा किया जाता है। इस मौके पर एफआई नोडल कपिल देव प्रसाद, क्षेत्रिय समन्वयक विनय कुमार, सामुदायिक समन्वयक विभा कुमारी, संकुल संघ के लिडर एवं अम्बा, बलिया, दधपा, सिमरा बैरांव, परता समेत अन्य पंचायत के सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

# एकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया का पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार के दक्षिण मुहल्ला स्थित रामदेव प्रसाद सैनिक महिला महाविद्यालय, हसपुरा में एकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई।

इस प्रशिक्षण में हसपुरा, गोह और अरवल संच के एकल विद्यालयों के आचार्य एवं आचार्या भाग ले रहे हैं। वे यहां पंचमुखी शिक्षा प्रणाली का प्रशिक्षण प्राप्त कर सुदूर गांवों एवं अंचलों के बच्चों को शिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान आचार्यों को संस्कार, आरोग्य, विषमुक्त खेती, योग, राष्ट्र धर्म और सनातन धर्म के मूल्यों को अपनाते हुए गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली का अभ्यास कराया जाएगा। यह प्रशिक्षण गांवों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और बच्चों में नैतिक व सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करने पर केंद्रित होगा।



***प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन***

कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर गया संभाग की प्रो. नलिनी राठौर, सेवानिवृत्त वायु सैनिक अजय कुमार, किरण अग्रवाल, अरवल अंचल प्रमुख अवधेश नंदन द्विवेदी, महिला समिति की मीरा देवी, महिला महाविद्यालय की प्राचार्या गीता देवी, डॉ. संजय कुमार, हसपुरा संच अध्यक्ष सुरेश प्रसाद आर्य और सचिव अनिल आर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत की। प्रशिक्षण वर्ग में गोह संच से सुभाष चंद्र बोस, हसपुरा संच प्रमुख सोनी देवी, देवकुंड से अक्षय कुमार पटेल और खुशबू कुमारी सहित सैकड़ों आचार्य और आचार्याएं शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग की अध्यक्षता संच अध्यक्ष सुरेश आर्य और संच सचिव अनिल आर्य कर रहे हैं, जबकि कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार द्विवेदी ने किया। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण 22 मार्च 2025 को संपन्न होगा।

## एक नजर

### मारपीट का आरोपित गया जेल

**औरंगाबाद।** मारपीट के आरोप में गोह पुलिस द्वारा एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के गम्हारी गांव निवासी अश्वनी कुमार के रूप में की गई हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट के आरोप में पकड़े गए अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### आपसी विवाद में मारपीट

**अंबा (औरंगाबाद)।** होली की खुन्नस को लेकर सोमवार को ढीबरा गांव में दो परिवारों के बीच मारपीट हुई। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि पीड़ित अनुज कुमार ने अपने गांव के प्रकाश कुमार और पुकार कुमार पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। पीड़ित के चेहरे एवं शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। प्राप्त आवेदन के आलोक में दोनों आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### 21 मार्च को एक दिवसीय सेमिनार का होगा आयोजन

**औरंगाबाद।** शहर के ब्लॉक मोड़ स्थित संयुक्त कृषि भवन में 21 मार्च को एक दिवसीय सेमिनार सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह आयोजन जिला उद्यान कार्यालय औरंगाबाद के द्वारा एकीकृत बागवानी विकास योजना अंतर्गत बागवानी क्षेत्र विस्तार एवं प्रबंधन विषय पर होगा। सहायक निदेशक उद्यान डॉ श्रीकांत ने औरंगाबाद के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे इस सेमिनार में पहुंचकर जानकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त करें। सेमिनार में सुबह 9:30 से 10:30 तक पंजीकरण होगा। इसके बाद प्रशिक्षण का कार्य प्रारंभ होगा।

### 12 वर्षीय पुत्र को छोड़कर मां हुई फरार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज में एक मां के अपने 12 वर्षीय पुत्र को छोड़कर अचानक फरार होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में महिला के परिजनों ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में परिजनों ने उल्लेख किया है कि महिला कासमा थाना क्षेत्र स्थित अपने ससुराल से करीब एक सप्ताह पहले रफीगंज मायके आई थी। 16 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे उसने अपने 12 वर्षीय बेटे के साथ बाजार जाने की बात कही और घर से निकल गई। लेकिन कुछ देर बाद महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन पकड़कर कहीं चली गई। महिला का 12 वर्षीय पुत्र जब अकेले घर लौटा तो उसने बताया कि उसकी मां उसे भी अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन वह नहीं गया। इसके बाद वह स्टेशन से रोता हुआ घर पहुंचा और परिवार को पूरी घटना की जानकारी दी।

इस घटना के बाद परिजनों ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की तहकीकात की जा रही है।

### युवक की पिटाई कर गंभीर रूप से किया घायल

**पकरीबरावां।** धमौल थाना क्षेत्र के ढोढ़ा गांव में मंगलवार की सुबह एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि हमले में प्रकाश रविदास के पुत्र सनोज कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं, उसकी एक आंख की स्थिति काफी गंभीर है। बताया गया कि उसके आंख से खून बह रहा है। बताया जाता है कि जब युवक खेत की तरफ से शौच करके घर लौट रहा था। इसी दौरान सामुदायिक भवन के पास उसके साथ मारपीट की गई। इससे वह लहूलुहान हो गया। सिर एवं चेहरे पर गंभीर चोटें आई। उसका एक आंख भी क्षतिग्रस्त हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब हमलावर भागे। घायल युवक को तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए नवादा के बाद वर्धमान मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पावापुरी रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने बताया कि युवक के पिता द्वारा आवेदन दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# जिलाधिकारी ने शिकायतों का किया त्वरित निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलों की सुनवाई की। इस दौरान कुल पांच अपीलकर्ताओं में से तीन की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। सुनैना देवी, ग्राम बाराटांड़, प्रखंड गोविंदपुर, ने पूर्व में पारित आदेश से असंतुष्ट होकर द्वितीय अपील दायर की थी। संबंधित पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर उनकी शिकायत का निपटारा किया गया। इसी प्रकार, राजेंद्र कुमार झा, ग्राम रामनगर, प्रखंड नवादा सदर, की ऑनलाइन दर्ज शिकायत का भी जांच प्रतिवेदन के अनुसार समाधान किया गया।



सौरभ कुमार, प्रखंड पकरीबरावां, ने पकरीबरावां बाजार के देवी स्थान से बारपुर तक पईन की सफाई और सुदनपुर पईन के निर्माण कार्य के संबंध में द्वितीय अपील दायर की थी। संबंधित पदाधिकारी के जांच प्रतिवेदन के आधार पर उनकी शिकायत का भी निपटारा किया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 की प्रमुख विशेषताएं: यह अधिनियम 5 जून 2016 से पूरे राज्य में लागू है, जिसका उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का निश्चित समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करना है। इस कानून के तहत आवेदकों को 60 कार्य दिवसों में उनकी शिकायतों की सुनवाई, निवारण का अवसर और निर्णय की सूचना प्राप्त करने का कानूनी अधिकार प्राप्त है। शिकायतें अनुमंडलीय या जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के कार्यालय में दायर की जा सकती हैं। शिकायत दर्ज कराने और निवारण की प्रक्रिया निःशुल्क है, तथा आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है।

# जदयू की प्रखंड स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के निजि रेस्टुरेंट में जदयू का प्रखंड स्तरीय कमिटी का दिवसीय बैठक आयोजित किया गया। अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनिल कुमार वर्मा ने किया। मुख्यतिथि के रूप में जदयू जिला प्रभारी बिंदा चंद्रवंशी, विधानसभा प्रभारी अमरेश चौधरी ने भाग लिया। बैठक में सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष तथा प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुए। जिसमें रफीगंज विधानसभा के सभी बूथों पर 10 -10 सशक्त बूथ कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया। जिला प्रभारी ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्य को जन जन तक प्रचारित करे। सशक्त बूथ कमिटी जल्द से जल्द बनाएं। बिधानसभा प्रभारी अमरेश चौधरी ने बताया कि प्रखंड कमिटी पंचायत कमिटी पहले से ही बना हुआ है ।अब हमलोगो को बूथ कमिटी बनाना है जिसमें सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए बनाया जाय। सभी समुदायों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का प्रयास करे। जद यू प्रखंड अध्यक्ष सुनिल कुमार वर्मा ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर बूथ कमिटी बना लिया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए रफीगंज में पुनः जीत का परचम लहराएंगे । बैठक में अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा,युवा जिला अध्यक्ष कौशल चंद्रवंशी, बीस सूत्री सदस्य संजय अम्बेडकर, जिला कार्यकारणी सदस्य कार्तिक शर्मा, महिला प्रकोष्ट अध्यक्ष प्रभा देवी, किसान प्रकोष्ट अध्यक्ष विजेंदर मेहता उपस्थित रहे।

# रफीगंज में 16 वर्षीय किशोर लापता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के राजा विगहा निवासी अनिल चौधरी के 16 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के घर से अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। इसे लेकर पिता ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बेटे की बरामदगी की गुहार लगाई है।

***5 मार्च की सुबह घर से निकला, फिर नहीं लौटा***

दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, 5 मार्च की सुबह लगभग 7 बजे दीपक कुमार अपने छोटे भाई को चाय पीने के लिए कहकर घर से निकला, लेकिन वह फिर वापस नहीं लौटा। वह अपने साथ मोबाइल फोन लेकर गया था, जिस पर परिजनों की उससे बातचीत हुई, लेकिन उसने अपनी सही लोकेशन नहीं बताई। परिजनों का कहना है कि दीपक दोस्तों से कांफ्रेंस कॉल के जरिए बात कर रहा था और खुद को ट्रेन में होने तथा बाहर जाने की बात कह रहा था। इससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई। दीपक के पिता ने आशंका जताई है कि वह किसी गलत संगत या किसी लड़की के चक्कर में पड़कर घर से निकल गया है। इस मामले को लेकर रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवक ने लगाई फांसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** उत्तर प्रदेश के रहने वाले एक युवक ने नालंदा में सोमवार की रात फांसी लगा खुदकुशी कर ली। घटना का पता मंगलवार की सुबह चली। मामला पीर बीघा ओपी के कन्हैयागंज गांव का है। मृतक की पहचान यूपी के कासगंज जिला के सिउड़ी निवासी सतीश चंद्र के पुत्र सचिन के रूप में हुई है। सचिन के भाई विनीत कुमार ने बताया कि वह एक लड़की से पिछले 5-6 महीने से बातचीत कर रहा था। इसी चक्कर मे उसने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। उसने अपना मोबाइल फांसी लगाने के पूर्व तोड़ लिया था। लड़की भी यूपी की ही रहने वाली है। घटना का पता मंगलवार की सुबह चली जब कारखाना में काम करने एक कर्मी पहुंचा। उसने देखा कि सचिन फंदे पर लटका हुआ है। जिसके बाद उसने घटना की जानकारी सचिन के भाई को दिया।

# रजौली के किसान प्रवीण मिश्रा को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, भागलपुर में आयोजित राष्ट्रीय किसान सम्मेलन सह किसान मेला में कृषि विज्ञान केंद्र सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा से चयनित होकर मेला में शामिल होने वाले किसान व नवादा जिला के रजौली प्रखंड के विनोबा नगर निवासी प्रवीण कुमार मिश्रा को समेकित कृषि प्रणाली के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नवाचारी किसान सम्मान से सम्मानित किया गया है। बता दे बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय किसान सम्मेलन सह किसान मेला का आयोजन किया गया था। जिसमे राज्य के विभिन्न जिलों से आये किसानों ने भाग लिया एवं कृषि के विभिन्न तकनिक के बारे मे जानकारी प्राप्त किया। प्रवीण कुमार मिश्रा ने इस सम्मान के लिए कृषि विज्ञान केंद्र नवादा के वैज्ञानिकों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में ही उक्त सफलता हासिल कर सके।



# गणेश चंद्र प्रसाद के निधन पर शोक सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित पटेल पुस्तकालय के आजीवन सदस्य रहे रतनपुर गांव निवासी गणेश चंद्र प्रसाद के अकस्मिक निधन पर मंगलवार को पुस्तकालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

***श्रद्धांजलि सभा में गणमान्य लोगों की उपस्थिति***

शोक सभा की अध्यक्षता पुस्तकालय के निदेशक चंद्रेश पटेल ने की। इस अवसर पर डॉ. रामजतन सिंह, राजेंद्र सिंह, पूर्व शिक्षक गणेश प्रसाद, पूर्व शिक्षक नागेश्वर राम और कामाख्या नारायण सिंह ने दिवंगत गणेश चंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।

***शिक्षा के क्षेत्र में दिया महत्वपूर्ण योगदान***

इस दौरान चंद्रेश पटेल, पूर्व शिक्षक गंगा दयाल सिंह और डॉ. फैज अहमद ने कहा कि गणेश चंद्र बाबू एक विचारवान व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अंतिम सांस तक शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दिया और समाज के उत्थान के लिए पुस्तकालय के आजीवन सदस्य बनकर निरंतर कार्य करते रहे। पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजीत राम, रामबली राम, अजेन्द्र सिंह, डॉ. रवि रंजन कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य दिनेश कुशवाहा, पूर्व मुखिया ललन पंडित और मोहीउद्दीन अंसारी ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर गणेश चंद्र प्रसाद के योगदान को याद किया ।इस शोक सभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/652, दिनांक: 13.03.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं. ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3354–आर1, कार्य का नाम :** पूर्व रेलवे मुख्यालय भवन फेयरली प्लेस में अग्नि सुरक्षा के लिए विद्युत परिसंपत्तियों का समुन्नयन। **निविदा मूल्य :** रु. 2,45,48,293/–, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 2,72,800/–, **क्रम सं. 2, निविदा सं. ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3307, कार्य का नाम :** (1) "एईएन/कटवा के कार्यक्षेत्र के अधीन अग्रद्वीप में नए एफओबी (6 मी. चौड़े) का प्रावधान" के संबंध में विद्युत (साधारण) कार्य। (2) "एईएन/कटवा के कार्यक्षेत्र के अधीन दाँईहाट में नए एफओबी (6 मी. चौड़े) का प्रावधान" के संबंध में विद्युत (साधारण) कार्य। (3) "एईएन/कटवा के कार्यक्षेत्र के अधीन बिष्णुप्रिया हॉल्ट (6 मी. चौड़े) में नए एफओबी का प्रावधान" के संबंध में विद्युत (साधारण) कार्य। (4) "एईएन/कटवा के कार्यक्षेत्र के अधीन साहेबतला हॉल्ट (6 मी. चौड़े) में नए एफओबी का प्रावधान" के संबंध में विद्युत (साधारण) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 32,76,270/–, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 65,500/–, **समापन अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 07.04.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-682/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कुलपति ने किया 'आहार सेतु' एप का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय और आहार सेतु प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से विकसित 'आहार सेतु' एप का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने किया। यह एप पोल्ट्री सेक्टर से जुड़ा है जो फार्म से उपभोक्ता तक की प्रक्रिया को जोड़ने वाला एक आधुनिक ट्रेसेबिलिटी एप है, जो उत्पादन से उपभोग तक के सभी चरणों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराता है। यह एप ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित है जिससे खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सभी गतिविधियों, जांच, रखरखाव और परिवहन से जुड़ी सूचनाएं उपभोक्ताओं तक पारदर्शी रूप से पहुंचेंगी। कुलपति ने कहा कि वर्तमान समय में अधिकांश बीमारियां पशुओं से मानव में ट्रांसमिट हो रही हैं। ऐसे में इस एप के माध्यम से शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। 'आहार सेतु' एप का मुख्य उद्देश्य पोल्ट्री सेक्टर में उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक के बीच पारदर्शिता बनाए रखना है। एप के माध्यम से मुर्गी पालक, उत्पाद की गुणवत्ता, बाजार की स्थिति, बिचौलियों से बचाव, परिवहन और लॉजिस्टिक्स की स्थिति का डाटा जनरेट करेगा। इसके विश्लेषण से किसानों को मार्गदर्शन मिलेगा और उपभोक्ता को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध होगा। एप में जियो लोकेशन टैगिंग की सुविधा भी दी गई है जिससे उत्पाद को स्कैन करने पर यह जानकारी मिलेगी कि किसने इसे कब बेचा, उपभोक्ता तक कब पहुंचा और इस दौरान यह किन चरणों से होकर गुजरा। इस अवसर पर कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा आज के दौर में खाद्य उत्पाद की ट्रेसेबिलिटी बेहद जरूरी हो गई है। इस एप से उपभोक्ताओं को भरोसा मिलेगा कि वे जो उत्पाद खा रहे हैं, वह स्वच्छ और गुणवत्ता युक्त है। पोल्ट्री सेक्टर को इससे बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि यह क्षेत्र अक्सर अफवाहों और गलत सूचनाओं से प्रभावित होता है। कार्यक्रम में बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के डीन सह निदेशक अनुसंधान डॉ. जे.के. प्रसाद, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव कुमार, छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ. ए.के. शर्मा, संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान के डीन डॉ. उमेश सिंह, डॉ. सहदेव डे, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. निर्भय कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अजीत कुमार आदि मौजूद रहे। 'आहार सेतु' एप के फाउंडर अमित प्रकाश और को-फाउंडर मोहम्मद अजहरूद्दीन ने एप की विशेषताओं और इसके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, तीन जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना-गया नेशनल हाईवे पर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नौउआबाग के पास सड़क क्रॉस कर रही 62 वर्षीय महिला की बाइक के ठोकर लगने से मौत हो गई। मृतक महिला का नाम फुलमतिया देवी पति बालकिशुन यादव बताया जाता है। मृतक महिला का घर सड़क के बगल में ही था। दरअसल बताया जाता है कि एक बाइक सवार युवक चितरंजन कुमार पिता नरेंद्र प्रसाद जो आरपीएफ का एग्जाम देकर अपने घर घोषि लौट रहा था, उसी दरमियान सड़क क्रॉस कर एक महिला से जोरदार टक्कर हो गई जहां पर मौके पर महिला की मौत हो गई और युवक भी गंभीर रूप में जख्मी हो गया जिसे अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। कोई दूसरी घटना नदौल चेक पोस्ट के पास घटी है जहां पर दो बाइक की टक्कर में दो लोग जख्मी हुए जिसे अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है।

# महिला सशक्तिकरण की शुरूआत घर से होनी चाहिए : सुहिता अनुपम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर मंगलवार को सरदार पटेल भवन सभागार में संवादात्मक कार्यक्रम 'उड़ान' का आयोजन किया गया। कमजोर वर्ग, अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गृह विभाग की विशेष सचिव के. सुहिता अनुपम ने महिलाओं के सशक्तीकरण में परिवार, समाज और प्रशासन की सामूहिक भूमिका पर जोर दिया। विशेष सचिव ने कहा कि महिला सशक्तीकरण की शुरूआत हर घर से होनी चाहिए। बेटों को जेंडर के प्रति संवेदनशील बनाना और बेटियों को समान अवसर देना इसकी नींव है। उन्होंने मुख्यमंत्री की साइकिल योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना से प्रदेश की बेटियों को उड़ान भरने का अवसर मिला है जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। सैकड़ों महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था और समानता पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग की ओर से की जा रही विभिन्न पहलों की जानकारी दी और महिलाओं को आत्मरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री नीतू चंद्रा, अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. अमित कुमार जैन, पारस नाथ, पुलिस उप-महानिरीक्षक हरप्रीत कौर, पुलिस अधीक्षक आमीर जावेद समेत अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं गृह विभाग के पदाधिकारी शामिल हुए।

# बिहार में बारिश के साथ-साथ ठनका गिरने का अलर्ट, प्रदेशवासी हो जाएं सावधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में बारिश के साथ-साथ वज्रपात का अलर्ट जारी हुआ है। 20 मार्च से 23 मार्च 2025 के बीच पश्चिम एवं मध्य बिहार के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा (10-30 मिलीमीटर) होने का पूर्वानुमान है। इसके साथ ही 21 और 22 मार्च को पूर्व एवं मध्य बिहार के एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ-साथ वज्रपात की भी आशंका है। इसके साथ ही भभुआ, रोहतास, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, जमुई, बांका और गया जिलों के एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। इस दौरान राज्य के दक्षिण-पूर्व एवं दक्षिण मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर सतही हवा की गति 30-40 किमी/घंटे रहने की भी संभावना है। बिहार में बिगड़ने वाले मौसम को लेकर प्रदेशभर के कृषक वर्ग को यह हिदायत दी जाती है कि अपने कटे तथा खुले स्थान में रखे हुए खरीफ एवं रबी फसल को सुरक्षित स्थान पर भण्डारण करने की व्यवस्था कर लें ताकि पानी/नमी से फसल का बचाव हो सके। साथ ही रबी फसल के लिए ओलावृष्टि से बचाव के लिए उपरोक्त जिलों के लिए एहतियाती उपाय कर ले। इस मौसम के फसलों पर प्रभाव तथा निवारण के उपाय से सम्बंधित जानकारी भारत मौसम विभाग एवं राज्य के कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से जारी होने वाले कृषि-परामर्शदात्री बुलेटिन का अनुसरण कर सकते हैं।

# राबड़ी देवी और तेज प्रताप से ईडी की पूछताछ पर गरमायी सियासत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव से पूछताछ की। ईडी की इस कार्रवाई को लेकर सूबे की सियासत गरमा गई है। सत्ता पक्ष इसे भ्रष्टाचार पर कार्रवाई बता रहा है तो विपक्ष इसे राजनीतिक हथकंडा करार देने में जुटा है। राजद विधायक ललित यादव ने जांच एजेंसियों की कार्रवाई को राजनीतिक दबाव का नतीजा बताते हुए कहा कि यह सत्ता पक्ष की रणनीति है जो विरोधियों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। वहीं बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि बिहार को जिन लोगों ने लूटा है या बर्बाद किया है, वे अब बच नहीं पाएंगे। चाहे नेता हों या अधिकारी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। एनडीए की यह खुली चेतावनी है कि जिसने जनता की कमाई को लूटा, उसे सजा जरूर मिलेगी जबकि भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने इस पूरे मामले को कर्मों का फल बताते हुए कहा कि विज्ञान कहता है कि हर क्रिया की विपरीत प्रतिक्रिया होती है और सनातन संस्कृति में कहा गया है- जैसी करनी वैसी भरनी। जब इन लोगों के पास सत्ता थी, तब इन्होंने इसका दुरुपयोग किया। जमीन के बदले नौकरियां दीं और घोटाले किए। अब इन्हें इसका जवाब देना ही होगा। वहीं, इस मुद्दे पर लालू परिवार के करीबी विधानपार्षद सुनील सिंह ने कहा कि यह कोई नई घटना नहीं है। यह सुनते सुनते हम लोगों के दोनों काम पक चुके हैं जब भी चुनाव आता है, चाहे वह लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का चुनाव हो, इनके तीन जो मेन हार्डकोर कार्यकर्ता हैं पूरी तरह से सक्रिय हो जाते हैं। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स सक्रिए होकर काम करते हैं जो काम भाजपा के कार्यकर्ता नहीं कर पाते हैं वह ये तीन सक्रिय हार्डकोर कार्यकर्ता करते हैं। उन्होंने कहा कि कहने को तो तीनों ऑटोनोमस बॉडी हैं, लेकिन यह बिना आका के आदेश के एक कप चाय भी नहीं पी सकता। विधानसभा का चुनाव नजदीक आ गया है और जिस तरह से सरकार चौतरफा फेल हो चुकी है तो ऐसी हालत में इन कार्यकर्ताओं को लगाने के अलावा इनके पास दूसरा कोई उपाय नहीं है। सैकड़ों बार लालू परिवार को ऐसे नोटिस भेजे जा चुके हैं और सैकड़ों बार ये लोग जवाब दे चुके हैं। हर बार एक ही सवाल और एक ही जवाब होता है।

# विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने जारी किया नया वीडियो सांग

## चमके बिहार, गमके बिहार, अमृत काल में दमके बिहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने गाने का एक वीडियो जारी किया है। ' चमके बिहार, गमके बिहार, अमृत काल में दमके बिहार' गाना वाला यह वीडियो तीन मिनट 43 सेकेंड का है। इसमें एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाई गई है। इसके साथ ही विकास कार्यों को भी दर्शाया गया है। केन्द्र सरकार की योजनाओं को इस वीडियो में प्रमुखता से प्रचारित किया गया है जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इसमें अपेक्षाकृत कम दिखाया गया है। हालांकि नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ तीन बार जरूर दिखाया गया है। वीडियो में बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और राज्य के उपमुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा भी दिखाई देते हैं। इस वीडियो में ज्यादातर योजनाओं का श्रेय भाजपा खुद लेती दिख रही है। भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने इस वीडियो को अपने फेसबुक पेज पर साझा किया है। उन्होंने ने लिखा है 'अमृत काल में बदल रहा बिहार, फिर एक बार डबल इंजन सरकार'। भाजपा के कई नेताओं ने इस वीडियो को शेयर किया है। इनमें दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा और राज्य के पथ निर्माण व विधि मंत्री नितिन नवीन शामिल हैं।

# बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के तहत मिलेगी अनुदान राशि : मंत्री संतोष कुमार सिंह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बेंगलुरु में प्रवास के दौरान बिहार राज्य के श्रमिकों के आकस्मिक निधन के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रम संसाधन विभाग के पहल पर दिवंगत श्रमिकों के पार्थिव शरीर को बेंगलुरु से वापस लाया गया जहां श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह स्वयं पटना एयरपोर्ट पहुंचे और दिवंगत श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मृतकों में बिहार के गोपालगंज जिला निवासी दीपू शाह, अंशु राम और राधेश्याम यादव शामिल हैं। इस दर्दनाक घटना के बाद सरकार ने प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया है। मंत्री ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को इस कठिन घड़ी में संबल दें। साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर एम्बुलेंस के माध्यम से पार्थिव शरीर को उनके गृह जिलों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाई। मंत्री ने कहा कि बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के तहत मृतकों के आश्रितों को जल्द से जल्द अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत बिहार राज्य के 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग वाले प्रवासी मजदूर, जो राज्य से बाहर अन्य प्रांतों या विदेशों में जीविकोपार्जन के उद्देश्य से प्रवास कर रहे हैं। उन्हें दुर्घटना के फलस्वरुप स्थायी एवं अस्थायी अपंगता की स्थिति में अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। साथ ही दुर्घटना मृत्यु होने पर उनके वैध आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उक्त

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 4 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# जैन धर्मावलंबियों ने भगवान पार्श्वनाथ का ज्ञान कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का ज्ञान कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। भगवान पार्श्वनाथ के ज्ञान कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कदमकुआं, मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह आदि दिगंबर जैन मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा एवं मंगल आरती किया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक, पूजा जिनेश जैन एवं अन्य द्वारा तथा मुरादपुर जैन चैत्यालय में अभिषेक शांतिधारा सुबोध फंटी ने किया। मौके पर बिहार राज्य दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में शांतिधारा एवं मंगल आरती काफी अधिक श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ जैन धर्म के तेइसवें (23वें) तीर्थंकर हैं। भगवान पार्श्वनाथ का जन्म वाराणसी के भेलूपुर में आज से लगभग 2 हजार 9 सौ वर्ष पूर्व वाराणसी में हुआ था। वाराणासी में अश्वसेन नाम के इक्ष्वाकुवंशीय क्षत्रिय राजा थे। उनकी रानी वामा ने पौष कृष्ण एकादशी के दिन महातेजस्वी पुत्र को जन्म दिया जिसके शरीर पर सर्पचिह्न था। केवल ज्ञान काशी में 83 दिन की कठोर तपस्या करने के बाद 84वें दिन उन्हें केवल ज्ञान प्राप्त हुआ था। पार्श्वनाथ ने चतुर्विध संघ की स्थापना की जिसमें श्रमण, श्रमणी, श्रावक, श्राविका होते हैं। केवल ज्ञान के पश्चात तीर्थंकर पार्श्वनाथ ने जैन धर्म के चार मुख्य व्रत- सत्य, अहिंसा, अस्तेय और अपरिग्रह की शिक्षा दी थी।

# आनंद माधव ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सुल्तानगंज/पटना।** बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता एवं रिसर्च विभाग के चेयरमैन आनन्द माधव ने मंगलवार को शाहकुंड प्रखंड के दरियापुर झिकटिया, सजौर, समस्तीपुर, मानिकपुर, मोहनपुर, सिंहपुर और गोबरांय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। आनंद माधव ने कहा कि लोगों ने उन्हें बताया कि यहां की मुख्य समस्या जलापूर्ति एवं जल निकासी की है। अब गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है। ऐसे में भविष्य में होने वाली पानी की किल्लत के बारे में सोचकर ही लोग सहमें हुए हैं। कुछ लोगों ने यह भी बताया कि नाला के गंदे पानी की निकासी एक गंभीर समस्या है क्योंकि यह खेतों में जाता है जिससे फसल का तो नुकसान होता ही है साथ ही गंदगी एवं बीमारी का घर हो जाता है। आनंद माधव ने जनसंपर्क के दौरान प्रखंड कार्यालय जाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन से मुलाकत कर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि मैं व्यक्तिगत रूप से इन समस्याओं की जांच कर समाधान के लिये हर संभव प्रयास करूंगा। आनन्द माधव ने कहा कि लोगों ने उन्हें बताया कि सुलतानगंज के विधायक को जनसमस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। उनका तो दर्शन भी दुर्लभ है, काम की बात तो छोड़ ही दीजिये। जन संपर्क के दौरान आनन्द माधव ने जनप्रतिधियों, शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य प्रमुख लोगों से मुलाकात की इनमें कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष शोऐब आलम उर्फ चॉद, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव, अरूण कु. वर्मा उर्फ अनिल वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश मोहन झा, पूर्व मुखिया राजेश यादव, प्रमेंद्र कुमार, दीपक कुमार, तेतर राय, अश्वनी कुमार ठाकुर, प्रभात मालाकार, आभास झा एवं मनोज यादव आदि प्रमुख थे।

# डिलीवरी ब्वॉय लूट कांड का आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मधुबन गांव में बीते 7 महीना पहले डिलीवरी ब्वॉय से हथियार के बल पर बंधक बनाकर लूटपाट करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अंकित कुमार पिता उदय प्रसाद लालसाचक का रहने वाला है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। यह डिलेवरी ब्वॉय को दिनदहाड़े हथियार के बल पर उसके बैग के सभी डिलिवरी का सामान अपने दोस्तों के साथ मिल कर लूट लिया था। गिरफ्तार आरोपी से पूरे मामले की जांच करते हुए इसके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है और इसके सहयोगियों की भी तलाश की जा रही है।

# कृषि अनुसंधान परिसर पटना में प्रयोगशाला कौशल बढ़ाने पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में कृषि और संबद्ध विषयों में बुनियादी प्रयोगशाला कौशल बढ़ाने पर तीन दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक श्रीगणेश हुआ। इस कार्यशाला का आयोजन अनुसूचित जाति उप योजना के तहत किया जा रहा है जिसका उद्देश्य कृषि विज्ञान के छात्रों और शोधार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस कार्यशाला में बिहार के विभिन्न संस्थानों एवं कॉलेजों के स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी के कुल 11 छात्र भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को विभिन्न आवश्यक प्रयोगशाला तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे कृषि अनुसंधान पद्धतियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सके। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने इस अवसर पर कहा कि युवा शोधकर्ताओं के लिए प्रयोगशाला तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यशाला सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटने का प्रयास है जिससे छात्र भविष्य में अनुसंधान के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। इस कार्यक्रम में डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रमुख, भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग; डॉ. कमल शर्मा, प्रमुख, पशुधन एवं मात्स्यिकी प्रबंधन प्रभाग सहित संस्थान के अन्य वैज्ञानिकगण भी मौजूद थे जिनसे प्रतिभागियों को बहुत कुछ नया सीखने को मिला।

# जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जगपुरा गांव में एक व्यक्ति अपने घर में चापाकल से पानी लाने के दौरान जख्मी हो गए जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का नाम वकील बिंद है, मृतक की पत्नी सरोज देवी ने बताया कि घर में सोए हुए थे जैसे उठे और फिर चापाकल से पानी लाने गए जहां चापकल से पानी लाने चले गए थे वहीं पर गिर गये। जख्मी हालत में उन्हें इलाज करवाया गया फिर वह ठीक हो गया फिर वह सुबह पानी लाने के लिए जा रहे थे वहीं गिर गये जहां उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने थाने में ने यूडी केस दर्ज किया है।

## हत्या का प्रयास एवं चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** लहसुना थाना क्षेत्र के चाननपुर गांव में बीते सोमवार को हिंसक झड़प की घटना के बाद हत्या का प्रयास एवं चोरी मामले की घटना में आरोपी राजदेव वर्मा पिता स्वर्गीय रामलेखा प्रसाद चाननपुर को उसके घर से लहसुना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत नगर परिषद मसौढ़ी में वेस्ट मैटेरियल की लगी प्रदर्शनी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** नगर परिषद मसौढ़ी के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024- 25 के तहत वेस्ट टू वेस्ट प्रोडक्ट के तहत जनउपयोगी वस्तुओं को स्वयं सहायता समूह के 12 महिलाओं द्वारा पुनः उपयोग के लायक विभिन्न प्रदर्शनी योग्य सामान बनाकर प्रदर्शित किया गया जिसमें संग्रहण कार्यालय नगर परिषद मसौढ़ी में प्रदर्शनी के रूप में किया गया। उत्पादों को बनाने में मुख्य रूप से प्लास्टिक का बोतल, डब्बा, टायर से सोफा एवं टी टेबल बनाने में तथा बोतल से सुराही, गुलदस्ता, माचिस की तिल्ली से कुर्सी टेबल आदि बनाया गया और बनाकर या संदेश दिया गया कि जो वेस्ट मटेरियल होते हैं उसे फेंक कर कचरा नहीं फैलायें बल्कि उसे घर के उपयोगी चीज बना सकते हैं। इन सभी उत्पादों को प्रदर्शनी लगाने में नगर परिषद के जीविका समूह में शामिल रेणु देवी, रिंकू देवी, संगीता कुमारी, अनु देवी, पिंकी कुमारी, खुशबू कुमारी, कंचन सिंह रहे जहां पर राम अवतार शास्त्री, कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार, निकिता कुमारी आदि शामिल रहे।

# दानापुर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का एलएचबी कोच द्वारा परिचालन 23 मार्च से

## यात्रा होगी अपेक्षाकृत अधिक संरक्षित, सुरक्षित और आरामदायक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की यात्रा को और ज्यादा सुरक्षित एवं आरामदायक बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए 23 मार्च, 2025 से दानापुर और भागलपुर के बीच चलने वाली गाड़ी सं. 13401/13402 भागलपुर-दानापुर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन आईसीएफ कोच के बदले अत्याधुनिक एलएचबी कोच से किया जाएगा। एलएचबी कोच यात्रियों को अपेक्षाकृत अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान कराता है। स्टेनलेस स्टील से निर्मित बेहतर आंतरिक सज्जा युक्त उच्च गति क्षमता वाले अत्याधुनिक एलएचबी कोच आईसीएफ कोच की तुलना में वजन में हल्के और मजबूत होते हैं। कोचों में आधुनिक सीबीसी कपलिंग लगे होने से संरक्षा में वृद्धि होती है। एंटी क्लाइम्बिंग विशेषताएं दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें एक-दूसरे पर चढ़ने से रोकती हैं। कोच बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम व सस्पेंशन के साथ-साथ बेहतर आंतरिक सज्जा व शौचालय युक्त होते हैं। फलस्वरूप एलएचबी कोच युक्त ट्रेनों से यात्रा अपेक्षाकृत अधिक संरक्षित, सुरक्षित व आरामदायक होती है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती समारोह सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अंतर्गत छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मुकेश कुमार ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना ने अपने वक्तव्य में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की नीतियां केवल उनके काल तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वे आज भी प्रशासन, युद्धनीति और राष्ट्रनिर्माण के लिए अनुकरणीय हैं। समारोह के उद्घाटनकर्ता उत्तर प्रदेश के पूर्व गृह सचिव एवं इस अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन मूल्यों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र पति त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश ने शिवाजी महाराज के शौर्य, प्रशासनिक क्षमता और न्यायप्रियता को आज के समाज के लिए अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर संस्कृत प्रेमियों, विद्वानों एवं छात्रों ने भाग लिया तथा संस्कृत के प्रचार-प्रसार हेतु संकल्प लिया।

विशिष्ट अतिथि एवं संस्कृत गीतकार डॉ. अनिल कुमार चौबे, राष्ट्रीय संयोजिका, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के डॉ. रागिनी वर्मा ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर डॉ महेश केवट, सदानंद प्रसाद, सुजाता घोष, राजेश कुमार, रामनाथ पाण्डेय, विद्या, अदिति दूबे, विजेंद्र सिंह, मुरलीधर शुक्ल, दिलीप कुमार, ललन कुमार, दयानी शारदेय, तारा विश्वकर्मा, सौरभ शर्मा, ज्ञानी शारदे आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लीना चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्षा, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान ने किया।

## संपादकीय

# स्टूडेंट का वीजा रद्द करना गलत है

अमेरिका में कोलंबिया यूनिवर्सिटी की भारतीय मूल की पीएचडी स्टूडेंट रंजनी श्रीनिवासन का एफ-1 वीजा रद्द होने की वजह से निर्वासन पर मजबूर होना पड़ा, जो दुखद है। उनका वीजा कथित तौर पर यूनिवर्सिटी कैंपस में फलस्तीन के समर्थन में हुए प्रदर्शन में शामिल होने की वजह से रद्द किया गया था। अमेरिकी होमलैंड सिक्यॉरिटी डिपार्टमेंट की ओर से कहा गया कि अमेरिका में रहने और पढ़ने के लिए जिन लोगों को वीजा मिलता है, यह उनके लिए सम्मान की बात होनी चाहिए। उसने यह भी कहा कि इस तरह का वीजा जिन लोगों को मिला है, अगर वे हिंसा और आतंकवाद की तरफदारी करते हैं तो उनसे यह सम्मान वापस ले लिया जाना चाहिए।

लेकिन क्या रंजनी ने हिंसा और आतंकवाद का समर्थन किया था? अगर हां तो ट्रंप प्रशासन ने इसके सबूत क्यों नहीं दिए। फलस्तीन के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने को हिंसा और आतंकवाद का समर्थन करना नहीं माना जा सकता। दुनिया के ज्यादातर मुल्क फलस्तीन-इस्राइल संघर्ष में 'टू स्टेट थिअरी' की वकालत करते हैं। उनमें भारत भी शामिल है। इस थिअरी के मुताबिक, फलस्तीन और इस्राइल दोनों को अपना अस्तित्व बनाए रखने का अधिकार है। इस संघर्ष की सचाई यह है कि इस्राइल ने फलस्तीन के बड़े इलाके पर कब्जा किया हुआ है और हमास के उसके क्षेत्र में आतंकवादी हमला करने और इस्राइलियों को बंधक बनाए जाने के बाद बिन्यामिन नेतन्याहू सरकार गाजा में सैन्य अभियान चला रही है, जिसमें बड़ी संख्या में फलस्तीनी मारे गए हैं और वहां एक मानवीय संकट भी खड़ा हो गया है। नेतन्याहू पर युद्ध अपराधों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने वॉरंट जारी किया हुआ है. जबकि इस्राइल-फलस्तीन युद्ध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का गाजा को रिवेरा बनाने का हास्यास्पद प्रस्ताव आ चुका है। खैर, रंजनी के मामले में ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उनका वीजा राष्ट्रीय सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए रद्द किया गया। ट्रंप के गाजा पर दिए गए प्रस्ताव की तरह ही यह भी हास्यास्पद है। आखिर एक स्टूडेंट से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को क्या खतरा हो सकता है? ट्रंप सरकार को याद रखना चाहिए कि रंजनी जैसे उच्च शिक्षित स्टूडेंट्स ने अमेरिका के विकास में सराहनीय योगदान दिया है। वे कई शीर्ष अमेरिकी कंपनियों का नेतृत्व कर रहे हैं। रंजनी का निर्वासन उस लोकतंत्र की भावना के भी खिलाफ है, जिसके केंद्र में अभिव्यक्ति की आजादी रहा है और अमेरिका को वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षक भी माना जाता रहा है।

# भारत में वस्त्र क्षेत्र की क्रांति: परिवर्तन का एक दशक



गिरिराज सिंह

एक दशक पूर्व भारत की जनसंख्या लगभग 125 करोड़ थी। उपभोक्ताओं का खर्च मुख्य रूप से इच्छा के बजाय आवश्यकता से प्रेरित होता था। खरीदारी का पूर्वानुमान लगाना बहुत ही आसान था। त्योहारों के लिए नए कपड़े, सावधानीपूर्वक योजना आधारित खर्च और फिजूलखर्ची की बजाय बचत पर ध्यान केंद्रित किया जाता था। लक्जरी ब्रांडों की दूर से प्रशंसा की जाती थी। उच्च श्रेणी का फैशन अभिजात वर्ग तक ही सीमित था। आज देश की जनसंख्या लगभग 142 करोड़ हो गई है। मध्यम वर्ग तेजी से बढ़त की ओर है। वही परिवार पूरे आत्मविश्वास से प्रीमियम स्टोर में कदम रखता है। वही परिवार आसानी से ऑनलाइन खरीदारी करता है। इतना ही नहीं, अपने जीवन में अनेक अवसरों को उत्सव के तौर पर देखता है। भारत अब न केवल आगे बढ़ रहा है, बल्कि यह समृद्ध भी हो रहा है।

बढ़ती क्रय शक्ति, विकसित हो रही उपभोक्ता मानसिकता और अंतिम-मील डिजिटल कनेक्टिविटी ये तीनों इस बदलाव के मुख्य वाहक हैं। आर्थिक सुधार अभूतपूर्व रहा है। इसे बढ़ती आय, सरकार समर्थित विनिर्माण पहल और डिजिटल रूप से सशक्त भारत के माध्यम से पंख लगे हैं। 2020 में %आत्मनिर्भर भारत% योजना शुरू की गई। इस विजन ने आत्मनिर्भरता की नींव रखी। इसे प्रोडकशन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्कों द्वारा और सशक्त किया गया। जैसे-जैसे विनिर्माण में उछाल आया, रोजगार सृजन हुआ और इसके साथ ही डिस्पोजेबल आय में वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप भारतीयों के खर्च करने के तरीके बदल गए। उपभोग अब भारत के विकास की गाथा के केंद्र में है, जो कपड़ा क्षेत्र को स्वर्ण युग में ले जाने के लिए तैयार है।

**एक सशक्त भारत ङ्क आत्मविश्वास से परिपूर्ण, साहसी और आकांक्षी:** पिछले कई वर्षों में, आकांक्षाएं सचमुच वास्तविकता से आगे निकल गईं। लोगों ने कड़ी मेहनत की, बड़े सपने देखे, फिर भी अवसर पहुंच से बाहर लगे। फिर नीति-संचालित परिवर्तन के एक दशक ने महत्वाकांक्षा को उपलब्धि में बदल दिया। इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हुआ, डिजिटल इंडिया ने आकार लिया और आर्थिक सुधार मूर्त विकास का इंजन बन गए। इसके प्रभाव से भारत एक गुणवत्ता, शैली और सुविधा को अपनाने के लिए तैयार आत्मविश्वासी उपभोक्ताओं वाले देश के रूप में विकसित हो गया।

आय में उछाल आया है। प्रति व्यक्ति आय 2014-15 में 72,805 रुपए से बढ़कर 2023-24 में 1.88 लाख रुपए हो गई है और 2030 तक 3.5 लाख रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। आज छह करोड़ भारतीय सालाना 8.3 लाख रुपए से अधिक कमाते हैं - 2015 की संख्या से दोगुने से भी अधिक है। यह बढ़ती समृद्धि फैशन, कपड़ा और जीवन शैली वाले उत्पादों की अभूतपूर्व मांग को बढ़ावा दे रही है। 2027 तक, भारत चौथा सबसे बड़ा उपभोक्ता टिकाऊ बाजार होगा, जो न केवल सामर्थ्य बल्कि आकांक्षाओं से प्रेरित होगा।

कोविड के बाद उपभोक्ताओं के व्यवहार में बदलाव एक गेम-चेंजर रहा है। डिजिटल पहुंच बढ़ी, ऑनलाइन रिटेल फला-फूला और यूपीआई लेनदेन आसमान छू गया। वित्त वर्ष 2013-14 में 220 करोड़ से इस डिजिटल परिवर्तन ने शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाट दिया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि चाहे मेट्रो शहर में रहें या छोटे शहर में, भारतीयों के पास अब वैश्विक और स्थानीय फैशन तक निर्बाध पहुंच है।



**भारत की फैशन क्रांति - परंपरा का महत्वाकांक्षा से मिलन:** कभी पश्चिमी अवधारणा, फास्ट फैशन अब युवा भारतीयों के लिए जीवन का एक तरीका है। जो कभी अनन्य था, वह अब पहुंच के भीतर है। इसका श्रेय ज्यूडियो, रिलायंस ट्रेंड्स और शीन जैसे ब्रांडों को जाता है। ये ब्रांड 10 बिलियन डॉलर के उद्योग को बढ़ावा दे रहे हैं। यह कारोबार 2030 तक 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के लिए तैयार है। लेकिन यह बदलाव केवल सामर्थ्य के बारे में नहीं है - लक्जरी और विरासत वाले वस्त्र फास्ट फैशन के साथ-साथ फल-फूल रहे हैं। जैसे-जैसे आकांक्षी परिवार 2027 तक 100 मिलियन का आंकड़ा पार कर रहे हैं, हस्तनिर्मित कपड़े, रेशम की साड़ियां और उच्च श्रेणी के डिजाइनर परिधान फिर से उभर रहे हैं। यह क्रांति कोई संयोग भर नहीं है। यह सरकार द्वारा संचालित पहलों का प्रत्यक्ष परिणाम है। बिचौलियों को खत्म करके कारीगरों के प्लेटफार्मों को डिजिटल बनाकर और सीधे ग्राहक-से-कारीगर कनेक्शन को सक्षम करके, डिजिटल इंडिया ने फैशन को खरीदने और बेचने के तरीके को बदल दिया है। महाराष्ट्र की पैठणी, कश्मीर की पश्मीना - अब एक बटन के क्लिक पर उपलब्ध है। फैशन का यह लोकतंत्रीकरण कारीगरों को सशक्त बना रहा है। इससे विरासत शिल्प को पुनर्जीवन मिल रहा है, और भारत की वस्त्र विरासत को वैश्विक मंच पर सबसे आगे आ रहा है।

**विलासिता और विरासत - पहले की तुलना में अधिक सुलभ :** भारतीय शादियां हमेशा भव्य रही हैं। किंतु, आज वे अरबों-खरबों डॉलर की आर्थिक शक्ति हैं। 45 बिलियन डॉलर का विवाह उद्योग पारंपरिक बुनाई क्लस्टरों में नई जान फूंक रहा है। इसमें परिवार बड़े पैमाने पर उत्पादन के बजाय कलात्मकता को चुन रहे हैं। विलासिता अब लेबल के बारे में नहीं है, यह विरासत के बारे में है। दुल्हन और दूल्हे विशिष्टता का विकल्प चुन रहे हैं। वे हाथ से बुने हुए बनारसी रेशम, जटिल कांजीवरम और भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत का जश्न मनाने वाले डिजाइन का चयन कर रहे हैं।

लेकिन परिवर्तन केवल परिधान तक ही सीमित नहीं है। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसकी सुंदरता की चाहत भी बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2019-23 के बीच रियल एस्टेट की कीमतों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और बड़े, अधिक परिष्कृत घरों के साथ हस्तनिर्मित साज-सज्जा, डिजाइनर असबाब और विरासत सजावट की मांग बढ़ गई है। आधुनिक घर अब भारतीय शिल्प कौशल का प्रदर्शन बन गए हैं। इसके परिणाम स्वरूप हाथ से बने वस्त्रों की मांग फैशन से परे इंटीरियर और लक्जरी लिविंग में बढ़ रही है।

**भारत के वैश्विक फैशन नेतृत्व की शुरुआत :** भारत का कपड़ा उद्योग अब केवल उत्पादन के बारे में नहीं है। यह नवाचार, डिजाइन और वैश्विक प्रभाव के बारे में है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, %मेक इन इंडिया% %डिजाइन इन इंडिया% में विकसित हुआ है, जहां भारतीय रचनात्मकता अंतरराष्ट्रीय फैशन को आकार देती है। अनुसंधान और विकास पर सरकार का ध्यान और एक संपन्न स्टार्टअप इको-सिस्टम को बढ़ावा देने से बेजोड़ आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। तीन टी ङ्क टैक्सटाइल (वस्त्र), टूरिज्म (पर्यटन) और टैक्नोलॉजी (प्रौद्योगिकी) - पर काम करते हुए अपना देश अब एक विकसित भारत की नींव रख रहा है। हाल ही में बजट में वस्त्र उद्योग को प्राथमिकता दिए जाने के साथ, 136 बिलियन डॉलर का घरेलू उद्योग 2030 से पहले ही 250 बिलियन डॉलर को पार कर जाएगा। इससे वैश्विक अग्रणी के रूप में भारत के स्थान की पुष्टि होती है। निजी खपत 2013 में 87 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2024 में 183 लाख करोड़ रुपए हो गई है। 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद 635 लाख करोड़ रुपये को छूने का अनुमान है। निजी खपत सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा होगी। यह बदलाव भारत को वैश्विक खपत शक्ति बना देगा, जो अमेरिका, चीन और जर्मनी जैसे विकसित देशों से भी आगे निकल जाएगा।

लेकिन भारत का उदय केवल इस बारे में नहीं है कि कितना उपभोग किया जा रहा है। यह इस बारे में है कि इसे क्या महत्व दिया जा रहा है। भारतीय कपड़ा उद्योग को कभी उत्पादन केंद्र के रूप में देखा जाता था। अब इसे वैश्विक फैशन ट्रेंड तय कर रहा है। दुनिया भारत को न केवल इसके शिल्प कौशल के लिए, बल्कि इसकी दूरदर्शिता, लालित्य और विरासत के आधुनिकता के साथ मिलन की क्षमता के लिए भी देखती है।

**यह नया भारत है - निडर, स्व-निर्मित और अजेय:** लेकिन यह तो बस शुरुआत है। नया भारत अवसरों का इंतजार नहीं करता, बल्कि उन्हें बनाता है। फैशन अब एक जुनून भर नहीं रह गया है। यह एक करियर बन गया है। युवा भारतीय सिर्फ ट्रेंड का अनुसरण नहीं कर रहे हैं। वे उन्हें स्थापित भी कर रहे हैं। वे ब्रांड लॉन्च कर रहे हैं, व्यवसाय बना रहे हैं और अर्थव्यवस्था को आकार दे रहे हैं। भारत के युवाओं से कहना है, वे नौकरी चाहने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। आपकी शैली, आपकी महत्वाकांक्षा, आपके विचार - यही भारत की अर्थव्यवस्था का भविष्य है।

और यह केवल पहनावे तक ही सीमित नहीं है। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसकी सुंदरता की चाहत भी बढ़ रही है। बढ़ती आय, डिजिटल पहुंच में वृद्धि और बढ़ती जनसंख्या के साथ, भारत सिर्फ वैश्विक फैशन उद्योग में भाग नहीं ले रहा है - बल्कि इसका नेतृत्व भी कर रहा है। पिरामिड के निचले हिस्से से लेकर ऊपर तक, आकांक्षाएं बढ़ रही हैं, विकल्प बढ़ रहे हैं और एक नए भारत को सीमाओं से नहीं, बल्कि संभावनाओं से निर्धारित किया जा रहा है।

**( लेखक केन्द्रीय वस्त्र मंत्री हैं )**

# नेताओं के वादों में नहीं है प्रदूषण की समस्या का निदान

(योगेंद्र योगी)

दिल्ली में वायु प्रदूषण साल भर एक गंभीर समस्या बना रहता है, जो सर्दियों में और भी खतरनाक हो जाता है। प्रतिकूल मौसम, वाहनों से निकलने वाला धुआं, धान की पराली जलाना, पटाखों का धुआं और अन्य स्थानीय स्रोत हवा की गुणवत्ता को खराब करते हैं।

प्रसिद्ध पर्यावरणविद् सुदंरलाल बहुगुणा ने कहा था कि प्रकृति हर व्यक्ति की ज़रूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त प्रदान करती है, लेकिन हर व्यक्ति के लालच को पूरा नहीं करती। बहुगुणा का कहना था कि प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करके हम अपनी अर्थव्यवस्था को किसी भी ऊंचाई पर पहुंचा सकते हैं, तो हम नीचे से अपनी जमीन को खिसका रहे हैं। वर्ल्ड एयर क्वालिटी 2024 की



रिपोर्ट बहुगुणा के पर्यावरण को लेकर दिए गए बयान को सही साबित करती नजर आ रही है। इस रिपोर्ट मे सबसे ज्यादा 20 प्रदूषित शहरों में दिल्ली समेत राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र के कई शहर भी शामिल हैं। भारत के 13 शहरों की हालत सर्वाधिक खराब है। जिस मेघालय के बारे में हरी-भरी वादियों और खूबसूरत प्राकृतिक नजारों के सुरम्य स्थलों की कल्पना की जाती थी, उसका बर्नीहाट सबसे प्रदूषित शहर है। बर्नीहाट में प्रदूषण का उच्च स्तर स्थानीय कारखानों, जैसे शराब निर्माण, लोहा और इस्पात संयंत्रों से निकलने वाले उत्सर्जन के कारण है। पड़ोसी देशों में पाकिस्तान के चार शहर और चीन का एक शहर भी इस सूची में हैं। स्विट्ज़रलैंड की एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनी आईक्यूएयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी की इस रिपोर्ट में भारत 2024 में दुनिया का 5वां सबसे प्रदूषित देश बन गया है, जो 2023 में तीसरे स्थान पर था। देश के 35 प्रतिशत शहरों में पीएम 2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सीमा 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से 10 गुना अधिक है। दिल्ली में स्थिति और भी गंभीर है, जहां वार्षिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता 2023 में 102.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से बढ़कर 2024 में 108.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गई। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में 2024 में पीएम 2.5 (2.5 माइक्रोन से छोटे प्रदूषण कण) की सांद्रता में 7 प्रतिशत की कमी आई है, जो 2023 में 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से घटकर 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गई।

दिल्ली में वायु प्रदूषण साल भर एक गंभीर समस्या बना रहता है, जो सर्दियों में और भी खतरनाक हो जाता है। प्रतिकूल मौसम, वाहनों से निकलने वाला धुआं, धान की पराली जलाना, पटाखों का धुआं और अन्य स्थानीय स्रोत हवा की गुणवत्ता को खराब करते हैं। पीएम 2.5 कण फेफड़ों और रक्तवाहिकाओं में प्रवेश कर सांस की बीमारियों, हृदय रोग और कैंसर का कारण बन सकते हैं। औद्योगिक उत्सर्जन, वाहनों का धुआं और पराली जलाने जैसे स्रोतों पर सख्त नियंत्रण के बिना स्थिति में सुधार मुश्किल है। शीर्ष 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत से बर्नीहाट (मेघालय), दिल्ली, मुल्लांपुर (पंजाब), फरीदाबाद, गुरुग्राम (हरियाणा), लोनी, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश), गंगानगर, भिवाड़ी और हनुमानगढ़ (राजस्थान) शामिल हैं। यह रिपोर्ट भारत के लिए एक चेतावनी है कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है।

वायु प्रदूषण भारत में एक बड़ा स्वास्थ्य जोखिम बना हुआ है। लांसेट प्लैनेटरी हेल्थ के रिसर्च के अनुसार वर्ष 2009 से 2019 तक हर साल लगभग 15 लाख लोगों की मौत पीएम 2.5 प्रदूषण के लंबे संपर्क के कारण हुई। रिपोर्ट्स बताती हैं कि प्रदूषण के कारण भारतीयों की औसत आयु 5.2 साल कम हो रही है। भारत में बढ़ते प्रदूषण से देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रदूषण से हर साल 95 अरब डॉलर यानी देश की जीडीपी के लगभग 3 प्रतिशत का नुकसान हो रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता और प्रभावशाली प्रयास: प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीतिक सफलताएं

पोलैंड के उप-विदेश मंत्री व्लादिस्लाव टेओफिल बार्टोस्ज़ेव्स्की ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को वर्तमान में जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष में सामरिक परमाणु हथियारों का उपयोग न करने के लिए राजी करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वपूर्ण कूटनीतिक हस्तक्षेप को स्वीकार किया। यह वैश्विक शांति प्रयासों में एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में भारत की भूमिका को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी की वारसॉ यात्रा बहुत शानदार रही। प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन को सामरिक परमाणु हथियारों का उपयोग न करने के लिए राजी किया। हम स्थायी शांति चाहते हैं। हम यूक्रेन में स्थिर और दीर्घकालिक शांति चाहते हैं।÷ राष्ट्रपति पुतिन ने स्वयं भारत के कूटनीतिक प्रयासों को मान्यता दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सहित प्रमुख वैश्विक नेता इस शत्रुता को समाप्त करने में अपना समय और प्रयास दोनों दे रहे हैं साथ ही अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष के समाधान में भारत का प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ÷हम सभी के पास अपने घरेलू मामले निपटाने के लिए बहुत कुछ है लेकिन कई देशों के नेता, जिनमें भारत के प्रधानमंत्री भी शामिल हैं, इस मुद्दे पर ध्यान देने के साथ-साथ इस मामले पर अपना काफी समय भी दे रहे हैं। हम उन सभी के आभारी हैं।

वैश्विक तनाव के बीच भारत-रूस संबंधों को मजबूत करना

रूस के साथ भारत के संबंध लगातार परिपुष्ट हो रहे हैं, राष्ट्रपति पुतिन ने इसे ÷खासतौर पर विशेषाधिकार प्राप्त÷ बताया है। वर्तमान में जारी युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा ने भारत के तटस्थ रुख और शांति के मामले में प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने भारत को संघर्ष को हल करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक शिखर सम्मेलन आयोजित करने का सुझाव भी दिया, जो भारत के बढ़ते वैश्विक कूटनीतिक कद को दर्शाता है।

**26/11 के आतंकी आरोपी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण**

प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की कि संयुक्त राज्य अमेरिका 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का भारत में प्रत्यार्पण किया जाएगा। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा, ÷हम एक बहुत ही खतरनाक व्यक्ति को भारत को सौंप रहे हैं, जो 26/11 के मुंबई आतंकी हमले का आरोपी है।÷

**अनुच्छेद 370¬भारत के निर्णय को वैश्विक समर्थन**

भारत द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के पाकिस्तान के प्रयासों के बावजूद, सऊदी अरब ने भारत के इस कदम का समर्थन किया, जिससे दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों का पता चलता है। इस निर्णय के शीघ्र बाद, भारत और सऊदी अरब ने 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए। यूएई ने भी भारत का समर्थन करते हुए, इसे आंतरिक मामला बताया और क्षेत्रीय स्थिरता की आशा व्यक्त की। रूस, इजरायल, बहरीन और ईरान ने भारत के निर्णय का समर्थन किया, जिससे भारत की कूटनीतिक क्षमता में वृद्धि हुई।

भारत के आतंकवाद-विरोधी हमलों को अंतरराष्ट्रीय समर्थन

भारत के आतंकवाद के खिलाफ किये गये सर्जिकल हमलों को व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला¬

जापान¬जापान ने सभी रूपों में आतंकवाद की निंदा करते हुए इस बात की पुष्टि की कि आतंकवाद का कोई भी कृत्य उचित नहीं है। जापान ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की।



जर्मनी¬ भारत के लिए पूर्ण समर्थन की घोषणा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का आग्रह किया।

यूएई¬ भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और आतंकवाद विरोधी सभी प्रयासों का समर्थन किया।

रूस¬ भारत की आतंकवाद विरोधी पहलों के लिए अपने निरंतर समर्थन की पुष्टि की।

**जी-20 नई दिल्ली घोषणा:** भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान, रूस-यूक्रेन संघर्ष ने अंतिम विज्ञप्ति में आम सहमति का समर्थन न करने की धमकी दी। हालांकि, रणनीतिक वार्ता के माध्यम से, जिसमें 300 द्विपक्षीय बैठकें, 200 घंटे की चर्चाएं और 15 मसौदे शामिल हैं, भारत ने सदस्य देशों को आम सहमति के स्तर तक सफलतापूर्वक पहुंचा दिया। इससे वैश्विक मंच पर भारत की कूटनीतिक क्षमता मजबूत हुई।

**कतर से भारतीय नौसेना कर्मियों की रिहाई:** कतर में मृत्यु दंड का सामना कर रहे आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को भारत सरकार द्वारा उच्च-स्तरीय राजनयिक हस्तक्षेप के बाद रिहा कर दिया गया। इस घटना ने खाड़ी क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभाव और विदेशों में अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की उसकी क्षमता को रेखांकित किया।

**मानवीय और बचाव अभियान:** भारत ने वैश्विक स्थिरता के मामले में अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए कई सफल सुरक्षित निकासी और मानवीय सहायता अभियानों का संचालन किया हैं¬

ऑपरेशन गंगा¬ रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला।

ऑपरेशन देवी शक्ति¬ तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान से भारतीयों को निकालने में सहायता की।

ऑपरेशन कावेरी¬ युद्धग्रस्त सूडान से भारतीय नागरिकों को बचाया।

ऑपरेशन समुद्र सेतु¬कोविड-19 महामारी के दौरान विदेशों में फंसे भारतीयों को स्वदेश लाया गया।

ऑपरेशन अजय¬इजरायल-हमास संघर्ष के दौरान इजरायल में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए इसकी शुरुआत की गई।

अंतर्राष्ट्रीय मानवीय सहायता और चिकित्सा कूटनीति

वैक्सीन मैत्री¬ भारत ने 100 से अधिक देशों को कोविड-19 टीके की आपूर्ति की, जिससे वैश्विक स्वास्थ्य कूटनीति में उसका नेतृत्व मजबूत हुआ।

ऑपरेशन दोस्त¬ विनाशकारी भूकंप के बाद तुर्की और सीरिया को आपदा राहत प्रदान की।

ऑपरेशन सद्भाव¬ संकट में पड़ोसी देशों को चिकित्सा और मानवीय सहायता प्रदान की।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत एक मजबूत वैश्विक कूटनीतिक शक्ति के रूप में उभरा है। चाहे संघर्ष मध्यस्थता हो, आतंकवाद विरोधी प्रयास हो या मानवीय मिशन, भारत की सक्रिय कूटनीति अपनी वैश्विक स्थिति को बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों को मजबूत करने के लिए निरंतर रूप से जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कारा सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय के सभागार में आज कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा ने की।



इस अवसर पर उपायुक्त ने कारा सुरक्षा को लेकर समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जेल सुरक्षा को मजबूत बनाने, कैदियों की निगरानी के लिए अतिरिक्त वॉच टावर निर्माण करने और जेल परिसर में अनुशासन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही, सुरक्षा उपकरणों जैसे सीसी टीवी की स्थिति का आकलन करते हुए उनकी समय पर मरम्मत और अद्यतन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी से समन्वय और तत्परता के साथ कार्य करने की अपील की, ताकि जेल सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो। इसके अलावे कारा में कैदियों के लिए ससमय हेल्थ चेकअप कैम्प, एम्बुलेंस की व्यवस्था, स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों का आयोजन समेत अन्य विषयों पर भी चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जेल अधीक्षक, डीएसपी, एसडीपीओ और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने की बैठक

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने तथा निर्वाचन से संबंधित अनसुलझे मुद्दों पर सुझाव प्राप्त करने हेतु बुलाई गई थी।



बैठक के दौरान उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी दलों से आह्वान किया कि वे लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 एवं 1951, निर्वाचक निबंधन नियम 1960, एवं चुनाव संचालन नियम 1961 के तहत निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या या सुझाव जिला निर्वाचन कार्यालय को लिखित रूप में उपलब्ध कराएं। सभी प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं को आयोग को भेजने की बात उपायुक्त द्वारा कही गई। इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### करमाटांड़ विद्युत उपकेंद्र का मामला विधानसभा में गूंजा

**आम नागरिकों को गर्मी में निर्बाध रूप से बिजली मिले इसपर जल्द निर्णय ले सरकार : मथुरा प्रसाद महतो**

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मंत्री सह सतारूढ़ दल के जुझारू टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा आज मंगलवार को विधानसभा सत्र के शून्यकाल के दौरान आसन्न के माध्यम से सरकार का



ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोलते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र टुण्डी प्रखंड के करमाटांड़ विद्युत उपकेंद्र जो कि किसी कारण वश कई महीनों से बंद पड़े रहने से आसपास के क्षेत्रों में विद्युत संबंधित कार्यों में काफी कठिनाइयों का सामना आम नागरिकों को करना पड़ रहा है आगे सदस्य द्वारा आसन्न के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए अविलंब करमाटांड़ विद्युत उपकेंद्र को यथाशीघ्र चालू किया जाएं और आम लोगों को नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति कार्य प्रारंभ किए जाएं ताकि बिजली वितरण के साथ साथ रोजगार से भी लोग जुड़ सकें।

### सड़क सुरक्षा की बैठक कर उपायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित सभागार में आज उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन,



एवं सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां रम्बल स्ट्रिप एवं साइनेज बोर्ड लगाना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि सड़क पर यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाए। हिट एंड रन जैसी घटनाओं पर रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, साथ हीं पीड़ित परिवारों को निर्धारित समय पर मुआवजा भुगतान की जाए। झारखंड सरकार के गुड सेमेरिटन पॉलिसी के विषय पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को मदद करने वाले व्यक्ति को उक्त योजना के तहत पुरस्कृत करने का भी निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, नशे की हालत में गाड़ी न चलाएं, और सड़क पर सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा आपके हाथ में है, इसलिए जिम्मेदारी से वाहन चलाएं और जिला प्रशासन को सहयोग करें। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसडीपीओ, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पैसे लेकर आवास योजना का लाभ देने का सनसनीखेज मामला उजागर

**दोनों को अविलंब कार्य मुक्त करने की मांग उपविकास आयुक्त धनबाद को लिखित आवेदन के माध्यम से की गई : योगेश प्रसाद रजक**

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष योगेश प्रसाद रजक ने आज मंगलवार को उपविकास आयुक्त धनबाद को लिखित आवेदन देते हुए मांग किया है कि पूर्वी टुण्डी प्रखंड के रामपुर पंचायत एवं चुरूरिया पंचायत में इन दिनों दिन के उजाले में भोले भाले ग्रामीण लाभूकों को बरगला कर एवं अपने चहेतों को पैसे लेकर नियम विरुद्ध प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास का सर्वे कर आवास आवंटित किया जा रहा है जो कि घोर नाजायज है । आगे रजक द्वारा उपविकास आयुक्त धनबाद को लिखित आवेदन पत्र सौंपते हुए मांग किया है कि अविलंब इन लोगों को पदमुक्त कर पूर्वी टुंडी प्रखंड से विरमित किया जाए। आगे उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24-25 में रामपुर पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक तथा चुरूरियां रोजगार सेवक द्वारा पी एम आवास एवं अबुआ आवास योजना के चयन एवं सर्वे कार्यों में काफी अनियमितता बरती जा रही है साथ ही सीधे साधे भोले भाले लोगों से पैसे लेकर पी एम आवास एवं अबुआ आवास का लाभ दिया जा रहा है उन्होंने उपविकास आयुक्त धनबाद से दिए लिखित आवेदन पत्र में उल्लेख करते हुए कहा कि अत्यंत गरीब और योग्य लाभूकों को छोड़कर नियम विरुद्ध एक मनमानी तरीके से पी एम आवास एवं अबुआ आवास का चयन करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। आगे प्रखंड अध्यक्ष योगेश प्रसाद रजक ने उपविकास आयुक्त धनबाद से मांग किया है कि अविलंब रामपुर पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक तथा चुरूरियां पंचायत के रोजगार सेवक को पूर्वी टुंडी प्रखंड से यथाशीघ्र विरमित किया जाए ताकि विकास कार्य पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सकें।

# पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ तीन पेडलरों को किया गिरफ्तार

**710. 56 ग्राम पकड़े गए ब्राउन शुगर की बाजार में कीमत है लगभग 9 लाख रुपए**

**बिहार के आरा से खरीदा गया था ब्राउन शुगर, भेजा जा रहा था रांची**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैनपुर थाना पुलिस ने 17 मार्च को ब्राउन शुगर के साथ तीन पेंडलर को धर दबोचा है। इसकी जानकारी देते हुए सदर सीडीपीओ मणि भूषण सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ड्रग्स पेंडलरों को मीडिया के सामने प्रस्तुत किया। बताया कि 17 मार्च को करीब 10.30 बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति सफेद रंग के आर्टी कार रजिट्रेशन सं०- JH -03AR -9151 से ब्राउन सुगर की खरीद- बिक्री कर गढ़वा रोड से डालटनगंज की ओर आ रहे हैं। चैनपुर अंचलाधिकारी की उपस्थिति में पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ मगरदाहा घाटी में वाहन चेकिंग करने लगे। चेकिंग के क्रम में गढ़वा की ओर से आ रही आर्टिगा कार रजिट्रेशन सं०-JH- 03AR- 9151 को रोका गया। कार रुकते ही कार में बैठे तीन व्यक्ति गेट खोलकर भागने ही वाले थे कि तीनों को पकड़ लिया गया। नाम पता पूछने पर कार में आगे सीट पर बैठा व्यक्ति स्वंय को कार का मालिक बताया। उसने बताया कि वह गढ़वा थाना के पठान टोली गढ़देवी मंदिर स्थित स्वर्गीय मंजय चंद्रवंशी का 22 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार है। कार का ड्राईवर ने बताया कि वह हुसैनाबाद थाना के दत्ता नगर वार्ड के ओस मोहम्मद राइन का 20 वर्षीय पुत्र मो० तुफान राईन है। पीछे सीट पर बैठा व्यक्ति ने बताया कि वह गुमला जिला के पालकोट थाना के बनिया टोला निवासी अरविंद कुमार सिंह का 20 वर्षीय पुत्र चिराग कुमार सिंह है। अंचलाधिकारी के समक्ष एनडीपीएस के अधिनियमों का पालन करते हुए तीनों व्यक्ति व कार की तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में काब डैशबोर्ड से 300 ग्राम ब्राउन सुगर, मनीष कुमार के पास से नगद 8 लाख 89 हजार रूपया, चिराग कुमार सिंह के बैग से 410 ग्राम ब्राउन सुगर व अन्य समानों की बरामदगी की गयी। बरामद किये गये ब्राउन सुगर व पैसों के संबंध में पूछताछ करने पर



कार मालिक मनीष कुमार व ड्राईवर मो० तुफान ने बताया कि वे सभी ब्राउन सुगर खरीद बिक्री का काम करते हैं। चिराग कुमार सिंह ब्राउन सुगर खरीदने आया था। गढ़वा रोड में डील होने के बाद चिराग कुमार 410.56 ग्राम ब्राउन सुगर के बदले मनीष कुमार को नगद 8,89,000 रूपया दिया। इसके बाद वे दोनों चिराग कुमार सिंह को कोयल पुल के पास छोड़ने के लिए आ रहे थे। बरामद ब्राउन सुगर के संबंध में पकड़ाये व्यक्ति कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। बरामद समानों को विधिवत जप्त करते हुए पकड़ाये तीनों व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में चैनपुर थाना कांड सं -43/2025, दिनांक- 17.03.2025 धारा-21 (स 22 (सी0)/25/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी कर छह नामजद व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध अनुसंधान व छापामारी जारी है। एसडीपीओ ने बताया कि इनके पास से ब्राउन सुगर 710.56 ग्राम, नगद 8,89,000 रूपए, आर्टिगा कार रजिट्रेशन सं०-JH-03AR-9151, तीन एंड्रोयड फोन, एक सोने जैसा धातु का 19.21 ग्राम का चैन, एक चांदी जैसा धातु का 44.31 ग्राम का ब्रासलेट, एक अंगुठी 3.19 ग्राम का चांदी जैसा धातु का, एक अंगुठी 3.39 ग्राम का सोने जैसा धातु का, एक अंगुठी 3.93 ग्राम का सोने जैसा धातु का बरामद किया गया है। बताया कि बिहार के ब्राउन शुगर आरा से खरीदा गया था। चिराग कुमार सिंह ब्राउन शुगर को रांची ले जा रहा था। बताया कि अभियान में पुलिस निरीक्षक जीतराम महली, चैनपुर थाना प्रभारी पुअनि श्रीराम शर्मा, पुअनि बाबुलाल दुबे, पुअनि रंजीत कुमार, पुअनि अजय कुमार गुप्ता, सअनि रामचन्द्र चौधरी, हवलदार आनंद मसीह टोपनो, आरक्षी शीतल मुर्मू शामिल थे।

## पलामू की 88 हजार महिलाओं के खाते में नहीं गई मंईयां सम्मान योजना की राशि

**महिलाएं लगा रहीं हैं कार्यालय का चक्कर ● टोल फ्री नंबर पर नहीं हो रही बात ● मंईयां योजना वेबसाइट भी हो गई है क्रैश**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू जिले की 88,931 महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिली है। दिसंबर महीने में पलामू में 3,72,937 महिलाओं के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी गई थी। जनवरी, फरवरी व मार्च महीने की योजना की राशि 2,84,006 लाभुकों के खाते में भेजी गई है। कूल 2,58,642 महिलाओं को आधार से लिंक बैंक खातों में राशि भेजी गई है। लाभुकों के खाते में मंगलवार से राशि को भेजी जा रही है। इस संबंध में पलामू सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक विक्रम आनंद ने बताया कि 2,84,006 महिलाओं के बैंक खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी गई है। राशि का भुगतान पीएमएफएस पोर्टल के माध्यम से किया गया है।

**88 हजार महिलाओं का नाम कटा**

अगस्त 2024 में पलामू में 2,71,770 मंईयां सम्मान योजना के लाभुक थी। सितंबर महीने में यह आंकड़ा 3,41,895 तक पहुंच गया था। अक्टूबर में 3,49,318, नवंबर में 3,56,724 लाभुक पलामू में थे। दिसंबर महीने में पलामू में 3,72,937 महिलाएं मंईयां सम्मान योजना से जुड़ीं थी। मार्च से पहले योजना की राशि मंईयां सम्मान वेबसाइट से भेजी जाती थी। मार्च महीने में पीएमएफएस पोर्टल से मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को भुगतान किया गया है। जिले की 88 हजार 931 महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिला है। इस कारण महिलाएं लगातार सामाजिक सुरक्षा विभाग के कार्यालय की चक्कर लगा रही हैं। मंईयां योजना की वेबसाइट भी क्रैश कर गया है। टोल फ्री नंबर पर भी बात नहीं हो पा रही है।

## सोन नदी पर देवरी कला व रोहतास के देवीपुर के बीच उच्च स्तरीय पुल का हो निर्माण : बीडी राम

**सांसद ने अंतरराज्जीय कनेक्टिविटि के तहत पुल निर्माण कराने की मांग की**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पलामू के हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने व दूसरी तरफ रोहतास जिला के नौहट्टा प्रखंड के देवीपुर में झारखंड व बिहार को जोड़ने वाली सोन नदी पर अंतरराज्जीय कनेक्टिविटि के तहत पुल निर्माण कराने से संबंधित मामले को उठाया। बीडी राम ने संसद में कहा कि पुल के निर्माण होने से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आएगी। झारखंड, उत्तर प्रदेश व बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। कहा कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार का रास्ता नहीं है। यहॉ के मजदूर भारी संख्या में बिहार व उत्तर प्रदेश में आना-जाना करते हैं।पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी, इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग समेत अन्य



जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधाएं बढ़ेगीं। गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही साथ वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा। लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। औरंगाबाद- सासाराम शहरों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी। सांसद ने लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से भारत सरकार सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय से उक्त पुल का निर्माण अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत कराने की मांग की। उक्त पुल की मांग झारखंड व बिहार सीमावर्ती जिलों के बीच आवागमन करने वाले लोगों की लंबे समय से रही है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**अवैध खनन स्थल एवं मार्गो को चिन्हित कर अवैध खनन व परिवहन पर पूर्णतया रोक एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु दिया निर्देश**

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त, श्री लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गत एक माह के दौरान खनिज



पदार्थों के अवैद्य खनन एवं परिवहन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि खनिजों के अवैद्य खनन स्थलों को चिन्हित कर जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपस में समन्वय बनाकर अवैद्य खनन एवं परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी, एमवीआई, सीओ एवं थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाया जाए, साथ हीं अवैद्य खनन एवं परिवहन के मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने ससमय स्टॉक यार्ड निरीक्षण के भी निर्देश दिए, साथ हीं स्टॉक यार्ड द्वारा यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त होने पर जांच एवं कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके अलावे राजस्व संग्रहण को लेकर भी उपायुक्त ने जानकारी लेते हुए विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसडीपीओ, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआई खूंटी, एनडीसी सहित अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## गुरी में निकली भव्य कलश शोभा यात्रा, शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

**कलश स्थापना के साथ शुरु हुआ सात दिवसीय ज्ञान महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा**

**विश्रामपुर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के गुरी गांव में ज्ञान महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा को ले मंगलवार को भव्य कलश सह शोभा यात्रा निकाली गई । गाजे- बाजे के साथ कलश यात्रा की शुरूआत यज्ञ स्थल से की गई। जयघोष के साथ श्रद्धालु राजहारा स्थित झरना शिव मंदिर पहुंचे। आचार्य रमाकांत पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच कलश में जल भरवाया। कलश में जल भरकर श्रद्धालु भगवान का जयकारा लगाते हुए वापस यज्ञ मंडप में पहुंचे। विशेष पूजा अर्चना के बाद पूरे विधि विधान से कलश को स्थापित किया गया। बतौर मुख्य यजमान संजीव कुमार मिश्रा व धर्मपत्नी प्रियंका मिश्रा ने सभी धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न किया। कलश स्थापना के साथ ही सात दिवसीय महायज्ञ शुरू हो गया। 26 मार्च को महाभंडारे के साथ यज्ञ की पूणार्हुति होगी। महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश मिश्रा ने बताया कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन सायंकाल में गौरव कृष्ण पाठक श्रीमद्भागवत कथा कहेंगे।

## राजनीति में महिलाओं की समुचित भागीदारी के बाद ही आएगा असली बदलाव : गुंजन सिंह

**मेदिनीनगर(पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस की महिला कमेटी ने विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र में मंगलवार को सदस्यता अभियान की शुरूआत की। सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन वीर कुंवर सिंह चौक पर किया गया। इसमें लगभग पांच सौ महिलाओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस महिला कमेटी की प्रदेश अध्यक्षा गुंजन सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक, कांग्रेस महिला कमेटी की जिलाध्यक्षा इंदु भगत व कांग्रेस नेत्री रेखा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। गुंजन सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं में राजनीतिक नेतृत्व क्षमता को विकसित करना चाहती है। क्योंकि महिलाओं के समुचित भागीदारी के बाद ही प्रदेश व देश में असली बदलाव आएगा।



इसके बाद एक नये राजनीतिक युग की शुरूआत होगी। सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन में सुधीर चंद्रवंशी के भूमिका की जमकर सराहना की। कहा कि इनके अथक प्रयास से ही आज पांच सौ महिलाओं ने कांग्रेस का दामन थामा है। मौके पर सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र के वंचितों महिलाओं को अधिकार दिलाना पहली प्राथमिकता है। कांग्रेस महिलाओं को हमेशा उचित सम्मान देने का प्रयास करती है। संगठन के लिए बेहतर कार्य करने वाली महिला कार्यकताओं को आगामी विधान सभा चुनाव में अवसर दिया जाएगा। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामप्रवेश सिंह, सुरेंद्र तिवारी, यंग ब्रिगेड सेवा दल के अध्यक्ष अरविंद कुमार रवि, डॉ. ए अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, विकास कुमार यादव, विवेक शुक्ला, मनोज चंद्रवंशी, मिठ्ठू खान सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## एनसीओआरडी की बैठक सम्पन्न अवैध अफीम को लेकर अब तक की गयी कार्रवाई की उपायुक्त ने ली जानकारी

**जिले में शत प्रतिशत अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में NCORD की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग एवं NCORD से संबंधित अधिकारियों द्वारा अफीम की खेती के मामले में की गई एफआईआर एवं अन्य कार्रवाई की जानकारी दी गई। प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी एवं सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्होंने जिले में शत प्रतिशत अफीम विनष्टीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में थाना प्रभारी व अंचल अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में हो रही अवैध



अफीम की खेती एवं मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आस पास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी एवं कार्रवाई को लेकर निर्देशित किया गया। साथ हीं विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने को लेकर सभी अंचल अधिकारी को लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिया गया। आमजनों से वैकल्पिक खेती हेतु सुझाव लेने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफीम विनष्टीकरण को लेकर आवश्यक रूप से छापामारी अभियान चलाया जाए, साथ ही दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। वैकल्पिक खेती हेतु लोगों को प्रेरित करें। जन प्रतिनिधियों से भी सहयोग करने का अपील किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसडीपीओ, सिविल सर्जन, NCORD के सदस्य, कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युगल किशोर हुए निर्विरोध निर्वाचित

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मेदिनीनगर के कोयल नदी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में श्री महावीर नवयुवक दल के लिए वर्ष 2025 का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें सर्वसम्मति से युगल किशोर को जनरल पद के लिए निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर दल के सदस्यों ने युगल किशोर को फूल-मालाओं से सम्मानित किया। साथ हीउनके नेतृत्व में संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 10 नाबालिग को किया रेस्क्यू, बाल मजदूरी व बाल तस्करी कर ले जाया जा रहा था दिल्ली

**● आपरेशन आहट के तहत की गई कार्रवाई**
**● बाल मजदूरी व बाल तस्करी में संलिप्त नौशाद आलम को किया गया गिरफ्तार**

**मेदिनीनगर(पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गढ़वा रोड आरपीएफ ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू कर 10 नाबालिग को बाल तस्करी व बाल मजदूरी कराने ले जा रहे नौशाद आलम से मुक्त कराया। पुलिस ने तस्करी में संलिप्त नौशाद आलम पर प्राथमिकी दर्ज की है। नाबालिक सभी 10 बच्चों को बाल कल्याण समिति डालटनगंज के समक्ष प्रस्तुत किया गया। रेस्क्यु किए गए नाबालिगों में लातेहार के तीन व पलामू जिले के सात बच्चे शामिल हैं। गढ़वा रोड आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव ने बताया कि सोमवार शाम लगभग 7.45 बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर उप-निरीक्षक वीर प्रताप सिंह के नेतृत्व में आरक्षी रंजीत मेहता, आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी प्रदीप कुमार, आरक्षी विश्व विजय सिंह, आरक्षी बिमलेश कुमार, आरक्षी धनशेखर कुमार ने गश्त करते हुए चेकिंग अभियान चलाया। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म एक




पर दिल्ली इन्ड में नाबालिग बच्चों का एक समूह व उनके साथ एक व्यक्ति को देखा गया। इस पर संदेह व्यक्त करते हुए पूछताछ की गई। इसमें समूह के सभी 10 नाबालिग को दिल्ली की एक कुलर फैक्ट्री में काम कराने के लिए 38 वर्षीय नौशाद आलम ले जा रहा था। बाल मजदूरी व बाल तस्करी में संलिप्त नौशाद पिपराटांड़ स्थित लोहरसी गांव का रहने वाला है। बताया कि इन नाबालिगों को काम के बदले प्रत्येक माह 9000 रुपए मजदूरी मिलता है। नाबालिगों का जनरल क्लास का रेलवे टिकट डालटनगंज से आनंद विहार तक का नौशाद आलम ने कटाया था।इधर नौशाद आलम ने पुलिस को बताया कि सभी नाबालिगों का रेलवे टिकट कटा कर अपने साथ दिल्ली लेकर जा रहा था। दिल्ली मे एक कुलर फैक्ट्री में काम कराता। काम के बदले प्रत्येक नाबालिग को माह का 9000 रुपया मिलेगा। सभी को दिल्ली पहुंचा कर वह वापस लौट जाता। बताया कि जांच अभियान का नेतृत्व कर रहे उप-निरीक्षक बीर प्रताप सिंह व अन्य आरक्षियों ने नौशाद से अपने साथ 10 नाबालिग को काम कराने दिल्ली ले जाने बाबत आवश्यक कागजात, प्राधिकार पत्र व नाबालिगों के अभिभावक का सहमती पत्र की मांग की गई। लेकिन मौके पर उसने कुछ भी नहीं दिखाया।प्रभारी बनारसी यादव ने बताया कि पूछताछ व छानबीन करने पर प्रथम द्दष्टया उपरोक्त मामला बाल मजदुरी व मानव तस्करी से सम्बन्धित प्रतीत हो रहा है। 10 नाबालिगों को रेस्क्यु करते हुए सभी को डालटनगंज कैम्प में रोका गया। साथ ही रात्रि का खाना-पानी सोने के लिए कम्बल आदि उपलब्ध कराया गया। बताया कि नौशाद आलम व बरामद 11 अदद रेलवे टिकट को थाना अध्यक्ष एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग डालटनगंज को कानुनी कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया गया। उक्त ट्रैफिकर नौशाद आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए नाबालिगों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## 10 टुकड़ों में बंट रहा है एक्मे फिनट्रेड लिमिटेड का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। 100 रुपये से कम की कीमत वाले इस स्टॉक ने अपने स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट भी तय कर दिया है। जोकि इस महीने नहीं है। आइए डीटेल्स में जानते हैं इस स्टॉक के विषय में –

**किस दिन है रिकॉर्ड डेट–** एक्सचेंज को दी जानकारी में एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 10 टुकड़ों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 1 रुपये प्रति शेयर हो




जाएगी। कंपनी ने 18 अप्रैल की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी यही वो तारीख है जब कंपनी के शेयरों का बंटवारा 10 हिस्सों में हो जाएगी।

**क्यों होता है स्टॉक स्प्लिट –** जब कंपनी को लगता है कि उनके शेयरों की वैल्यू अधिक हो गई है। तब कंपनी अपने शेयरों का बंटवारा करती है। इससे दाम कम हो जाता है। और पब्लिक के पहुंच में आ जाता है।

## कोर्ट ने गौतम अडानी पर लगे आरोप को किया खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप के शेयर, स्टॉक मार्केट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में उछाल के पीछे की वजह बॉम्बे हाईकोर्ट का एक फैसला माना जा रहा है। 17 मार्च को बॉम्बे हाईकोर्ट ने अडानी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन गौतम अडानी और एमडी राजेश अडानी पर



लगे आरोपों से मुक्त कर दिया। उन पर 388 करोड़ रुपये के मामले में स्टॉक मार्केट के नियमों को तोड़ने का आरोप लगा था। कोर्ट ने सोमवार को दिए अपने फैसले में कहा कि गौतम अडानी और राजेश अडानी दोषमुक्त पाया। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार कोर्ट किसी प्रकार की धोखाधड़ी या फिर आपराधिक षडयंत्र को नहीं पाया है। बता दें, पूरा मामला 2012 का है। तब सीरियस फ्रॉड इंवेस्टिगेशन ऑफिस ने अडानी एंटरप्राइजेस और उसके प्रमोटर्स के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। जिसपर अब बॉम्बे हाईकोर्ट की रुलिंग आई है।

# अरसे बाद बमबम बोल रहा बाजार

### शेयर, सोना, रुपया सभी में लौटी बहार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरसे बाद निवेशकों के चेहरों पर मुस्कान लौटी है। शेयर से लेकर कमोडिटी मार्केट तक बमबम बोल रहे हैं। सोना रिकॉर्ड हाई पर है। सेंसेक्स में 800 से अधिक अंकों की उछाल है। निफ्टी तेजी का दोहरा शतक लगा चुका है और डॉलर के मुकाबले रुपया भी 10 पैसे मजबूत हुआ है। आज शेयर मार्केट की शुरुआत ही मंगलकारी रही। सेंसेक्स सुबह सवा दस बजे तक 821 अंकों की उछाल के साथ 74991 पर पहुंच गया था। निफ्टी 242 अंकों की बंपर तेजी के साथ 22751 पर था। एनएसई पर 2662 स्टॉक्स ट्रेड कर रहे थे। इनमें 2174 हरे निशान पर थे। निफ्टी मिड कैप और स्माल कैप में तेजी थी। सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान पर ट्रेड कर रहे थे। बैंक निफ्टी में 1.30 पर्सेंट की तेजी थी तो ऑटो में 1.35 पर्सेंट की। फाइनेंशियल सर्विसेज 1.24, एफएमसीजी 0.96, आईटी 1.16, मीडिया 2.06, मेटल 1.29 और फार्मा इंडेक्स 0.72 पर्सेंट ऊपर था। निफ्टी पीएसयू बैंक में 1.34, प्राइवेट बैंक 1.06, रियल्टी इंडेक्स में 2.19 पर्सेंट की तेजी थी। इनके अलावा सभी इंडेक्स हरे निशान पर थे।




**सोने के भाव सातवें आसमान पर–** घरेलू फ्यूचर्स मार्केट में मंगलवार सुबह सोने ने नया रिकॉर्ड बनाया है। यह उछाल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीतियों के आर्थिक प्रभाव को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच आया है। एमसीएक्स गोल्ड (5 अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट) ने 18 मार्च को 88,470 प्रति 10 ग्राम का नया ऑल-टाइम हाई छुआ। सुबह 10:25 बजे तक, सोना 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 88,470 प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर चांदी भी 0.57 पर्सेंट उछलकर 101106 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई।

**डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत–** रुपया शुरुआती कारोबार में 10 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.71 पर ट्रेड कर रहा था। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे मजबूत होकर 86.81 पर बंद हुआ था। छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को मापने वाला अमेरिकी डॉलर इंडेक्स 0.19 प्रतिशत बढ़कर 103.56 पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.21 प्रतिशत बढ़कर 71.22 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# एक प्रवासी के बेटे ने बनाई लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी

### गौतम अडानी से ज्यादा है नेटवर्थ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कार्लोस स्लिम लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े रईस हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 82 अरब डॉलर है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में मुकेश अंबानी से दो स्थान नीचे और गौतम अडानी से दो स्थान ऊपर 19वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 2.6 अरब डॉलर की तेजी आई है। स्लिमके पास लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी मोबाइल फोन ऑपरेटर कंपनी अमेरिका मोविल में कंट्रोलिंग स्टेक है। 2023 में इस कंपनी का रेवेन्यू 46 अरब डॉलर रहा था। स्लिम के माता-पिता लेबनॉन से मेक्सिको आए थे।



कार्लोस स्लिम हेलू का जन्म 1940 में मेक्सिको सिटी में हुआ था। उनके माता-पिता लेबनॉन से आकर मेक्सिको में बसे थे। उन्होंने 1961 में मेक्सिको स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की नेशनल ऑटोनोमस यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। 25 साल की उम्र में उन्होंने अपनी कंस्ट्रक्शन कंपनी कार्सो रियल एस्टेट शुरू की और 1980 के दशक में मेक्सिको के कर्ज संकट के दौरान टोबैको, कॉपर और माइनिंग में जमकर निवेश किया। साथ ही उन्होंने 1990 के दशक में रेस्टोरेंट एंड रिटेल चेन सैनबोर्न ब्रदर्स को भी खरीद लिया। इसी दौरान उन्होंने सरकारी टेलिकॉम कंपनी टेलमी और वायर एंड फाइबर-ऑप्टिक केबल बनाने वाली कंपनी सैनबोर्न ब्रदर्स को भी अपनी झोली में डाल लिया।

### कैसे खड़ा किया बिजनेस

एक दशक बाद उन्होंने अमेरिकी मूवीज के बैनर तले पूरे लैटिन अमेरिका में मोबाइल फोन ऑपरेशंस को खरीदा। 2011 में उन्होंने इसे टेलमी में मर्ज कर दिया। स्लिम की साथ ही कई कमर्शियल बैंकों और एनर्जी कंपनियों में भी हिस्सेदारी है। अपनी फैमिली इनवेस्टमेंट कंपनी कार्सो ग्रुप के जरिए उन्होंने मेक्सिको की कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में भी निवेश किया है। स्लिम की वेल्थ में बड़ा हिस्सा पब्लिकली ट्रेडेड कंपनियों से आता है। उनकी आधी दर्जन से अधिक पब्लिक कंपनियों में हिस्सेदारी है जिनसे उन्हें डिविडेंड मिलता है। साल 2008 में उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स में भी 6.4 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी। स्लिम ने एक इंटरव्यू में कहा था कि बचपन से ही वह उद्यमी बनकर अपने पिता के काम में हाथ बंटाना चाहते थे। छोटी उम्र में ही उन्होंने पिता से बिजनस की बारीकियां सीख ली थी। उनके पिता ने उन्हें फाइनेंस, मैनेजमेंट और अकाउंटिंग के बारे में बताया था।

# कोरोना और 2008 पर भारी व्यापार युद्ध

### एफआईआई ने निकासी के तोड़े रिकॉर्ड, 1.53 लाख करोड़ रुपये के बेचे शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से निकासी के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इसकी प्रमुख वजह व्यापार युद्ध गहराने की आशंका है, जिस कारण निवेशकों ने कोरोना में बाजार में औंधे मुंह गिरावट और 2008 में वैश्विक मंदी को भी पीछे छोड़ दिया है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के समाप्त होने में 13 दिन बाकी हैं, फिर भी इन निवेशकों ने शुद्ध रूप से 1.53 लाख करोड़ के शेयर बेच दिए हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष से पहले 1.40 लाख करोड़ की सबसे बड़ी निकासी 2021-22 में हुई थी। वित्त वर्ष 2008-09 के दौरान वैश्विक मंदी में 47,706 करोड़ रुपये निकाले गए थे। 2022-23 में 37,000 करोड़ के शेयर बेचे थे। हालांकि, इन निवेशकों ने 2020-21 में सबसे ज्यादा 2.74 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया था।

**जनवरी से अब तक 1.43 लाख करोड़ की बिकवाली–** चालू कैलेंडर वर्ष की बात करें तो इसमें भी विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड निकासी की है। 2025 में जनवरी से अब तक कुल 1.43 लाख करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। इससे पहले 2022 में शुद्ध रूप से 1.21 लाख करोड़ और 2008 में 52,987 करोड़ रुपये की बिकवाली हुई थी, जबकि सबसे अधिक निवेश 2023 में 1.70 लाख करोड़ रुपये का रहा है। 2020 में 1.70 लाख करोड़




रुपये, 2012 में 1.28 लाख करोड़ और 2010 में 1.33 लाख करोड़ रुपये का भारी निवेश किया गया था।

### 1992-93 में भारत में आए थे एफआईआई

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने पहली बार 1992-93 में भारतीय शेयर बाजार में 13 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। 1993-94 में यह रकम बढ़कर 5,127 करोड़ रुपये हो गई थी। 1998-99 में पहली बार 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश हुआ। 2007-08 में पहली बार घरेलू बाजार में विदेशी निवेश 50,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचा था।

### घरेलू बाजार में लगे हैं 50 लाख करोड़

विदेशी निवेशकों का घरेलू बाजार में करीब 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश है। एफआईआई जब भी भारतीय बाजार से रकम निकालते हैं, उसका असर हमारे बाजार पर दिखता है। इस वित्त वर्ष में अक्तूबर से इन निवेशकों ने निकासी शुरू की है और तब से सेंसेक्स और निफ्टी में 15 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशक अच्छी खरीदी कर रहे हैं, बावजूद इसके बाजार नीचे जा रहा है।

# एनर्जी शेयर को खरीदने टूट पड़े निवेशक, 144 पर आया भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी यानी इरेडा के शेयर आज मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 4.60 प्रतिशत चढ़कर 144.45 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक पॉजिटिव खबर है। दरअसल, कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बॉरोइंग लिमिट में 5,000 करोड़ की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। बता दें कि कंपनी का आईपीओ साल 2023 में 32 के भाव पर आया था।

### क्या है डिटेल

आधिकारिक बयान के अनुसार, अधिक फंड विभिन्न साधनों के माध्यम से जुटाई जाएगी, जिसमें टैक्स योग्य बांड, अधीनस्थ टियर- बांड, सतत ऋण साधन (पीडीआई), बैंकों और वित्तीय संस्थानों से टर्म लोन, इंटरनेशनल एजेंसीज (बहुपक्षीय और द्विपक्षीय) से क्रेडिट लाइनें, एक्सटर्नल कमर्शियल बॉरोइंग (ईसीबी), शार्ट टर्म लोन और बैंकों से कार्यशील पूंजी मांग ऋण (डब्ल्यूसीडीएल) शामिल हैं।



**दिसंबर तिमाही के नतीजे–** इरेडा ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के लिए शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 425.38 करोड़ की वृद्धि दर्ज की, साथ ही परिचालन से राजस्व में 36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,698.99 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान, कंपनी की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) साल-दर-साल 39 प्रतिशत बढ़कर 622.3 करोड़ तक पहुंच गई।

**कंपनी की योजना–** इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने कहा कि भारत के रिन्यूएबल एनर्जी विस्तार के लिए 2030 तक 40-46 लाख करोड़ रुपये निवेश की आवश्यकता होगी।

# सोने ने बनाया एक और नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू फ्यूचर्स मार्केट में मंगलवार सुबह सोने ने नया रिकॉर्ड बनाया है। यह उछाल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीतियों के आर्थिक प्रभाव को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच आया है। एमसीएक्स गोल्ड (5 अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट) ने 18 मार्च को 88,380 प्रति 10 ग्राम का नया ऑल-टाइम हाई छुआ। सुबह 9:15 बजे तक, सोना 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 88,372 प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।




अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें इस सत्र में 3,012.05 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। निवेशकों ने ट्रम्प की आक्रामक टैरिफ नीतियों से गंभीर आर्थिक नुकसान की आशंकाओं के बीच सुरक्षित संपत्तियों की ओर रुख किया।

अब सभी की नजर 19 मार्च को अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी के नीतिगत निर्णय पर है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के पॉलिसी रेट्स को अपरिवर्तित रखने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि फेड की हॉकिश नीति सोने की कीमतों पर दबाव डाल सकती है।

आर्थिक अनिश्चितता के दौर में सोने की कीमतें बढ़ती हैं। हालांकि, ब्याज दरों में वृद्धि सोने के लिए नकारात्मक होती है। उच्च दरों के कारण, बॉन्ड और सेविंग अकाउंट जैसे फिक्स्ड-इनकम एसेट्स बेहतर रिटर्न देते हैं, जिससे सोना निवेशकों के लिए कम आकर्षक हो जाता है।


### सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर क्यों पहुंच रही हैं

सोने की कीमतों को कई कारकों ने समर्थन दिया है। इनमें सबसे प्रमुख ट्रम्प की टैरिफ नीतियों से पैदा हुआ ट्रेड वॉर है, जिससे आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ गया है। सोने को आमतौर पर आर्थिक अनिश्चितता और मुद्रास्फीति के खिलाफ सुरक्षित संपत्ति माना जाता है। एक और कारक डॉलर इंडेक्स में गिरावट है। चूंकि सोने की कीमत अमेरिकी डॉलर में तय होती है, इसलिए डॉलर में कमजोरी आने पर सोना अन्य मुद्राओं में सस्ता हो जाता है, जिससे इसकी मांग बढ़ती है। इसके अलावा, केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीदारी भी सोने की कीमतों को समर्थन दे रही है। पिछले कुछ सालों में दुनिया भर के प्रमुख केंद्रीय बैंक सोने की भारी खरीदारी कर रहे हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी रिसर्च के सीनियर एनालिस्ट मानव मोदी ने कहा, सोने की कीमतों को कई कारकों ने बढ़ावा दिया है। इनमें डॉलर इंडेक्स में गिरावट प्रमुख है। मिश्रित–से–सकारात्मक मैक्रोइकॉनॉमिक संकेतकों के बावजूद, डॉलर इंडेक्स सुस्त रहा है, जो 107 से गिरकर लगभग 103.50 पर आ गया है। इसके अलावा, टैरिफ वॉर को लेकर अनिश्चितता ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है, जो सोने की कीमतों को समर्थन दे रही है।

### महंगा हुआ हेल्थ इंश्योरेंस, प्रीमियम चुकाने के लिए लेना पड़ रहा लोन

# हर महीने हजारों लोग ले रहे कर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में स्वास्थ्य सेवाओं की लागत बढ़ी है तो उसे कवर करने के लिए लिए गए हेल्थ इंश्योरेंस का प्रीमियम भी कुछ कम महंगा नहीं। हालत यह है कि बीमा प्रीमियम की बढ़ती लागत के कारण लोग लोन लेकर अपना हेल्थ कवर बनाए रखने या उसे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।



इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार फिन्सॉल, बिम्पे फिनश्योर और इंसुरफिन जैसी स्टार्टअप कंपनियां बीमा प्रीमियम के लिए फाइनेंस कर रही हैं। फिन्सॉल और बीमा पे हर महीने करीब 7000 नए ग्राहक जोड़ रही हैं। औसतन लोन हर ग्राहक के लिए 40,000 रुपये का होता है। इस पर ब्याज दर 12 प्रतिशत से 16 प्रतिशत के बीच होती है जो ग्राहक की क्रेडिट प्रोफाइल पर निर्भर करती है।

### छोटे शहरों में ज्यादा मांग

बीमा पे के सीईओ हनुत मेहता के अनुसार, उनके 70 प्रतिशत ग्राहक टियर-2 और टियर-3 जैसे छोटे शहरों से आते हैं। इनमें से 30 प्रतिशत लोग पहले कभी लोन नहीं लिए होते हैं। उन्होंने कहा, लोग आसान भुगतान विकल्प का इस्तेमाल करके अपने बीमा कवरेज को बढ़ा सकते हैं और बेहतर सुरक्षा पा सकते हैं।

### प्रीमियम में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी

बीमा इंडस्ट्री के अनुमान के मुताबिक, पिछले एक साल में 52 प्रतिशत पॉलिसीधारकों की हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम 25 प्रतिशत तक बढ़ गई है। फिन्सॉल के सीईओ टिम मैथ्यूज ने बताया कि कोविड के बाद से हर साल हेल्थकेयर खर्च बढ़ रहा है। हाल की एक रिपोर्ट में स्वास्थ्य क्षेत्र में महंगाई 14 प्रतिशत बताई गई है। इसके कारण युवा भी अपने परिवार के लिए बड़ा हेल्थ कवर लेना पसंद कर रहे हैं और इसे किश्तों में चुकाने के विकल्प को अपना रहे हैं। फिन्सॉल ने 15 बीमा कंपनियों के साथ टाइ–अप किया है।

**40 से 50 साल की उम्र में ग्राहक ज्यादा–** चार महीने पहले ही शुरू हुई इंसुरफिन ने बताया कि उसके यहां औसत लोन 55,000 रुपये का है। सीईओ चित्तरंजन सवाड़ी के अनुसार, अधिकतर ग्राहक 40 से 50 वर्ष के हैं, जो बढ़ती हेल्थकेयर लागत के कारण बड़ा बीमा कवर लेना चाहते हैं। इसके अलावा, बीमा एजेंट भी संपर्क कर रहे हैं ताकि वे अपने ग्राहकों के लिए यह सुविधा ले सकें।

**इरेडा का क्या है दिशा–निर्देश –** उम्र बढ़ने के साथ बीमा प्रीमियम भी बढ़ता है। 60 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए प्रीमियम में भारी बढ़ोतरी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए इरेडा ने जनवरी 2024 में नए दिशा–निर्देश जारी किए। इसके अनुसार, बीमा कंपनियां 60 साल से अधिक उम्र के लोगों का प्रीमियम सालाना 10 प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ा सकतीं, जब तक कि इसके लिए पहले से मंजूरी न ली जाए।

# केवाईसी दस्तावेज़ के लिए ग्राहकों को बार-बार न परेशान करें, आरबीआई गवर्नर का बैंकों को सख्त संदेश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बैंकों से कहा, वे ग्राहकों को 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) दस्तावेज जमा करने के लिए बार-बार फोन न करें। आरबीआई लोकपालों के सालाना सम्मेलन में मल्होत्रा ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि एक बार ग्राहक की ओर से वित्तीय संस्थान को दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद उन्हीं कागजातों को फिर से प्राप्त करने पर जोर न दिया जाएगा। आरबीआई गवर्नर ने इस बात पर खेद जताया कि अधिकतर बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) ने अपनी शाखाओं या कार्यालयों को केंद्रीय डाटाबेस से जानकारी हासिल करने की सुविधा नहीं दी है। इससे ग्राहकों को असुविधा होती है। सबके हित को ध्यान में रखते हुए इसे जल्द ही सुगम बनाया जा सकता है।

मल्होत्रा ने कहा कि बैंकों को उपभोक्ता सेवाओं में सुधार करने की जरूरत है और यह उनका कर्तव्य भी है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब बैंक ग्राहक बार-बार केवाईसी जमा करने के अनुरोध के कारण सोशल मीडिया मंचों पर असुविधा की शिकायत कर रहे हैं।

**ग्राहक शिकायतों को गलत तरीके से वर्गीकृत न करें बैंक–** आरबीआई गवर्नर ने बैंकों को चेतावनी दी कि वे ग्राहकों की शिकायतों को गलत तरीके से वर्गीकृत न करें। ऐसा करना घोर नियामकीय उल्लंघन है। उन्होंने कहा, 2023-24 में में बैंकों को एक करोड़ ग्राहक शिकायतें मिली थीं। अगर अन्य विनियमित संस्थाओं के खिलाफ मिली शिकायतों को शामिल किया जाए तो यह संख्या और बढ़ जाएगी। इन शिकायतों में से 57 फीसदी के लिए आरबीआई लोकपाल के मध्यस्थता या हस्तक्षेप की आवश्यकता थी।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 18-03-2025 22:20 Page 1



# डायन के संदेह में महिला की गला काटकर हत्या

▸ पुलिस ने लिया खोजी कुत्ते का सहारा

▸ नदी के पास से बरामद हुआ शव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** गुमला की एक महिला अंधविश्वास की भेंट चढ़ गई। गुमला थाना क्षेत्र के फट्ठी गांव में 50 वर्षीय मैनो देवी की गला काटकर हत्या कर उसके शव को खटवा नदी में बालू में खोद कर दफना दिया। महिला शनिवार से ही घर से गायब थी।

महिला का पुत्र बिरिया उरांव ने बताया कि गांव में उसका दो घर है। मां एक घर से दूसरे घर में जाने के लिए निकली थी। लेकिन घर नहीं पहुंची। दूसरे दिन ही बिरिया उरांव टोटो थाना में मां मैनो देवी के लापता होने की लिखित शिकायत दर्ज कराया था।

गांव से नदी के बीच में महिला का चप्पल मिला था। इससे बिरिया उरांव को अनहोनी की आशंका होने लगी थी। मामले पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खोजी कुत्ते की मदद से नदी तक पहुंची जहां शव को बरामद किया गया।

इसके बाद शक के आधार पर पुलिस ने गांव के ही करमपाल लकड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। प्रारंभ में करमपाल आनाकानी करता रहा। पुलिस को भी बरगलाने का प्रयास करता रहा। लेकिन सख्ती बरतने पर करमपाल लकड़ा टूट गया और उसने स्वीकार किया कि उसने ही मैनो देवी की हत्या की है।

उसने बताया कि 2019 में उसका भाई तेतरु उरांव की पत्नी की मौत सांप के काटने से हुई थी। इसके बाद से मैनो देवी पर डायन होने का शक था। इसी शक पर उसने हत्या कर दी। इधर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही कुछ लोग भगत के पास गए थे। इसे लेकर गांव में बैठक भी हुई थी। बैठक में मामला को पटाक्षेप कर दिया गया था। इधर इस सबंध में सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## रिश्वत लेते एमओ गिरफ्तार

**रांची।** एसीबी ने तमाड़ प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी अभिजीत चेल को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उनपर पीडीएस दुकानदारों से रिश्वत मांगने का आरोप है। एसीबी ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ा है। बता दें कि ग्राम पारासी के धनंजय साहू, पिता स्व. बिहारी साहू ने एसीबी को लिखित आवेदन देकर सूचित किया कि इनके पैतृक गांव परसा में इनके नाम से सरकारी जन वितरण प्रणाली की दुकान है। जिसे ये वर्ष 1989 से संचालित करते आ रहे हैं। वर्तमान समय में तमाड़ प्रखंड में अभिजित चेल, जो प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के प्रभार में है, के द्वारा जन-वितरण प्रणाली दुकान से 3000 रुपये प्रति माह अवैध रूप से रिश्वत की वसूली की जा रही है और प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिजीत चेल ने 8 मार्च को सरकारी राशन की दूकान चलाने की एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। परिवादी ने रिश्वत मांगने की सूचना एसीबी रांची को दी। आवेदन के सत्यापन के बाद मंगलवार को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए अभिजित चेल को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय, तमाड़ से गिरफ्तार किया गया।

# अमन साहू के भाई आकाश साहू पर आतंकी कनेक्शन के आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पुलिस एनकाउंटर में ढेर हुए अपराधी अमन साहू के श्राद्धकर्म में जेल में बंद उसका भाई आकाश कुमार नहीं जा सकेगा। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने सोमवार को उसकी ओर से श्राद्धकर्म में शामिल होने के लेकर दाखिल औपबंधिक जमानत याचिका सुनवाई के बाद खारिज कर दी है।

अमन साहू के मारे जाने के बाद 11 मार्च को भाई के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए उसने 13 दिनों की औपबंधिक जमानत की मांग की थी।

### टेरर फंडिंग के आरोप में है जेल में बंद

आकाश साहू वर्तमान में एनआईए से जुड़े मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में है। एनआइए ने उसे छह अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया था। उसपर टेरर फंडिंग के पैसे से फार्च्यूनर कार खरीदने का आरोप है।

बता दें कि कोर्ट के आदेश पर पेशी के लिए रायपुर से रांची लाया जा रहे अमन साहू को पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में एनकाउंटर कर ढेर कर दिया गया।

बता दें कि अमन साहू का शुरूआती जीवन पतरातू में बीता था। अमन तीन भाइयो में दूसरे नंबर पर था। अमन ने पतरातू से ही इंटर की पढ़ाई की थी। अमन के दादा हरिदास साव मतवे में खेती-बाड़ी करते थे। बड़ा भाई गोलू इंजीनियर है जबकि छोटा भाई आकाश टेरर फंडिंग के आरोप में जेल में है।

शुरूआती दिनों में अमन साव इंटर करने के बाद पतरातु में मोबाइल दुकान खोला जहां दुकानदारी के दौरान वह सुशील श्रीवास्तव गिरोह के संपर्क में आया।

शुरू से बड़े सपने देखने वाला अमन साव कुख्यात सुशील श्रीवास्तव गिरोह के लिए काम करते करते क्षेत्र में अपना पकड़ बना लिया। इसके बाद अपना गिरोह बनाकर काम करने लगा।

सुशील श्रीवास्तव और भोला पांडेय गिरोह की दबिश बढ़ने पर अमन पूरे परिवार के साथ मतवे आ गया। मतवे में भी अमन के पिता ने किराने की दुकान खोल ली। अमन का नानी घर बुंडू में है।

वहीं अमन साहू के एनकाउंटर के बाद 22 घंटे तक परिवार का कोई सदस्य उसका शव लाने नहीं गया था। हालांकि, बाद में उसका चचेरा भाई शव लेने पहुंचा था। पोस्टमार्टम के बाद उसे अमन साहू का शव सौंप दिया गया था।

# आदिवासी संगठनों ने निकाली शव यात्रा

▸ बनाया सीएम, विधायकों तथा सांसद का प्रतीकात्मक शव ▸ सिर मुड़वाकर सभी लाशों का किया अंतिम संस्कार ▸ मामला सिरम टोली फ्लाईओवर के रैंप निर्माण का



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में सिरम टोली फ्लाईओवर के रैंप निर्माण को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। दरअसल, जिस स्थान पर रैंप का निर्माण किया जा रहा है, वह आदिवासी समाज की आस्था का केंद्र सरना स्थल है। आदिवासी संगठनों ने इस निर्माण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और सरकार के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्रदर्शन के दौरान आदिवासी संगठनों ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 29 आदिवासी विधायकों और रांची के विधायक सीपी सिंह और रांची लोकसभा सांसद सह केंद्रीय मंत्री संजय सेठ की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली और अंतिम संस्कार किया।

सिरम टोली फ्लाईओवर के रैंप निर्माण को लेकर आदिवासी समाज में भारी आक्रोश है। विरोध प्रदर्शन के क्रम में ₹केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा₹ के बैनर तले विभिन्न आदिवासी संगठनों ने एकजुट होकर सरना स्थल से अल्बर्ट एक्का चौक तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान सामाजिक अगुवा बाहा लिंडा ने सिर मुंडवाकर सभी प्रतीकात्मक शवों का अंतिम संस्कार किया।

आंदोलनकारियों ने सरकार पर आदिवासी समाज के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सभी आदिवासी विधायक शायद मर चुके हैं, तभी वे आदिवासी समाज के लिए एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। उनकी आत्मा मर चुकी है। नेताओं ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि फ्लाईओवर का रैंप नहीं हटाया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन और आदिवासी हक-अधिकार की बात करने वाली अबुवा सरकार अब उनके लिए मर चुकी है। शवयात्रा के दौरान प्रदर्शनकारियों ने गेंदा फूल और लावा छींटते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक मार्च किया। वहां पहुंचने के बाद चौक के तीन चक्कर लगाए गए, और अंत में प्रतीकात्मक शवों को आग लगाकर अंतिम संस्कार किया गया।

फ्लाईओवर रैंप निर्माण को लेकर आदिवासी संगठन आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। विरोध प्रदर्शन के बाद आदिवासी संगठनों के नेताओं ने घोषणा की कि 21 मार्च को मशाल जुलूस निकाला जाएगा और 22 मार्च को रांची बंद रखा जाएगा।

आज के विरोध प्रदर्शन में झारखंड के कई जिलों से आए सामाजिक एवं धार्मिक संगठन शामिल हुए। इनमें अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, चडरी सरना समिति, केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी जन परिषद, आदिवासी मूलवासी मंच, जय आदिवासी केंद्रीय परिषद, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, ग्राम सभा मधुकम, एदलहातु सरना समिति, न्यू गार्डेन सरना समिति सिरम टोली, बनिया टोली सरना समिति, ग्राम सभा पुरानी रांची, सरहुल नगर बरियातू, लेम सरना समिति, हातमा सरना समिति और नगड़ा टोली सरना समिति सहित सैकड़ों आदिवासी संगठन मौजूद थे। आदिवासी संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर फ्लाईओवर का रैंप नहीं हटाया गया, तो आंदोलन और भी तेज किया जाएगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कहा कि राज्य का सबसे बड़ा आदिवासी पर्व 'सरहुल' पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह बयान उन आदिवासी संगठनों के विरोध के बीच आया है, जो एक पवित्र धार्मिक स्थल के पास बन रहे फ्लाईओवर के निर्माण का विरोध कर रहे हैं।

सोरेन विधानसभा में रांची के बीजेपी विधायक सी. पी. सिंह के एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने आदिवासियों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन का जिक्र किया था। सी पी सिंह ने कहा, ₹आदिवासी लोग सिरम टोली में बन रही फ्लाईओवर की एक रैंप को हटाने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि इससे उनके धार्मिक स्थल तक पहुंच बाधित हो रही है।

मैं राज्य सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस मामले का हल निकाले ताकि आगामी सरहुल पर्व खुशी से मनाया जा सके। मुख्यमंत्री सोरेन ने जवाब में कहा कि उन्हें फ्लाईओवर रैंप को लेकर उठे विवाद की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा, मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि सरहुल पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

# हजारों सेल कर्मियों को लगा झटका




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** सेल में काम करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 0.7 प्रतिशत की कटौती की गई है। नई दर एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होगी।

इससे बोकारो इस्पात संयंत्र समेत अन्य इकाइयों के लगभग 56 हजार संयंत्रकर्मियों के वेतन पर असर पड़ेगा। महंगाई भत्ते में कटौती के साथ कामगारों का डीए 49.6 से घटकर 48.9 प्रतिशत हो जाएगा।

इसकी जानकारी उन्हें अगले माह की वेतनपर्ची से प्राप्त हो सकेगी। लेबर ब्यूरो बाजार की स्थिति को देख कर सेल कर्मियों के डीए में बढ़ोतरी व कटौती करती है।

इस तिमाही खुदरा बाजार में खाद्य पदार्थ समेत अन्य दैनिक वस्तुओं की मूल्य में कमी के कारण भत्ते को घटाया जा रहा है। इससे पहले एक जनवरी 2024 को डीए में 0.1 प्रतिशत कटौती की गई थी।

एक जनवरी 2025 को उनके अंतिम महंगाई भत्ता में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। इसके बाद उनका डीए 47.7 से बढ़कर 49.6 प्रतिशत पर आ गया था।

महारत्न कंपनी सेल में कामगारों का अंतिम वेतन समझौता पांच के बजाए 10 साल की अवधि पर करने के साथ डीए को समायोजित कर दिया गया है।

इससे भत्ता में बढ़ोतरी व कटौती का प्रभाव अधिशासी व अनाधिशासी दोनों की जेब पर अब एक समान होगा।

सोमवार को बोकारो स्टील प्लांट में स्थित बीएसएल कैंटीन में सेल एससी - एसटी इम्प्लाईज फेडरेशन, बोकारो यूनिट की विभागीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता आनंद कुमार रजक ने की, जबकि संचालन मुकेश कुमार पासवान ने किया। इस बैठक में स्टील मेल्टिंग शाप के कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों के प्रस्ताव पर एसएमएस-न्यू विभाग की विभागीय समिति का पुनर्गठन किया गया।

नवगठित विभागीय समिति में सर्वसम्मति से ओलिवर सुरिन को अध्यक्ष, अजित कुमार और आकाशदीप तिर्की को उपाध्यक्ष, जीवन दास को सचिव, रामशरण कुमार को सयुक्त सचिव, रमेश कुमार कोषाध्यक्ष, रविन्द्र मराण्डी उपकोषाध्यक्ष तथा अर्जुन लोहरा, राकेश नायक, आनंद कुमार, संजय सिंह पैकरा, मार्शल सोरेन और विकास रजवार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

बैठक में मुख्य रूप से शम्भु कुमार, करतार सामंत, राकेश कुमार, देवेश टुडू, नबानांदेश्वर हेम्ब्रम, सच्चू रजवार, अनिल पासवान, सी मांझी, टी दास, संजय सिंह, संदीप कुमार, आनंद कुमार मराण्डी, जेम्स तिर्की, ए के दास, पी राकेश नायक, एके भास्कर, आदि ने भाग लिया।

# झारखंड के पांच जिलों में बारिश की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड के कई शहरों के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। सोमवार को दोपहर तक धूप खिले रहा। इसके बाद आसमान में बादल छाने लगे और शाम होते-होते पूरा मौसम ही बदल गया। तेज हवा, गर्जन और ओलावृष्टि शुरू हो गई।

इससे जो जहां था वहीं ठहर गया। हालांकि, कुछ ही देर के बाद मौसम सामान्य हो गया। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक सप्ताह तक मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। मंगलवार को भी आसमान में बादल देखने को मिलेंगे। वहीं, राजधानी रांची में भी आकाश में बादल छाए रहेंगे। बारिश की फिलहाल संभावना नहीं है। वहीं, 19 से 22 मार्च तक शहर में तेज हवा के साथ गर्जन और वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। 20 मार्च को दक्षिणी भागों (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां) में तेज वर्षा होने की संभावना बनी हुई है, जिसे लेकर मौसम विभाग ने आरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, लोगों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है। ओले गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वर्षा के दौरान पेड़ के नीचे खड़ा नहीं रहें। चूंकि, 19 से 22 मार्च तक वज्रपात होने की संभावना भी है। इस दौरान तापमान में भी चार से पांच डिग्री का गिरावट देखने को मिलेगा।

कोल्हान का तापमान अभी तक राज्य में सबसे अधिक दर्ज किया जा रहा है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को झारखंड में सबसे अधिक तापमान पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर में 38.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते सोमवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान जमशेदपुर में 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

# ऑयल डीपो में लगी आग, धुआं-धुआं हुआ शहर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जसीडीह (देवघर)।** झारखंड के देवघर जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र के इंडियन ऑयल के डिपो के परिसर में आग लग गई है।

तेज हवाओं के कारण ये आग तेजी से फैल रही है। इस आग की चपेट में आने से कोंकरीबांक पंचायत के मुखिया बदलाडीह गांव निवासी सरस्वती मूर्मू, अनिता टुडू व रानी मरांडी का घर जलकर राख हो गया है।

एक मंदिर भी आग की चपेट में आ गया। दमकल की कई गाड़ियां और आइओसीएल की टीम आग पर काबू करने का प्रयास कर रही है।

ऐसा बताया जा रहा है कि आग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। तेज हवा और गर्मी के कारण आग को काबू करने में काफी परेशानी हो रही है।

आग की लपटों को देखते हुए पास के दो गांव बदलाडीह और संताली को खाली करा दिया गया है। आग इतनी भयानक है कि कई किमी दूर आसमान सिर्फ काला धुआं दिखाई दे रहा है।

आसमान में काले बादल छा गए हैं। ये धुआं देवघर शहर में भी पूरी तरह से फैल चुका है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि इंडियन ऑयल की पार्किंग में उगे सूखे हुए घास में आग लग गई।

देखते ही देखते आग आसपास के क्षेत्र में फैल गई। दमकल की गाड़ियां पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गई है।

खतरा ये है कि अगर वहां रखे तेल के बड़े-बड़े टैंक में आग लग गई तो ब्लास्ट होने से कुछ भी हो सकता है। इसकी चपेट में आसपास के कई गांव के आने का खतरा है।

खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस की टीम भी लगातार नजर रखे हुए हैं। लोगों को इस इलाके से दूर रहने का निर्देश दिया जा रहा है।

# अप्रैल माह में 13 दिनों तक अस्त-व्यस्त रहेगी रेल सेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** अगले माह एक बार फिर 13 दिनों तक रेलसेवा अस्त-व्यस्त रहेगी। रांची से धनबाद होते हुए चलने वाली दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस अप्रैल माह में दोनों ओर से पांच-पांच दिन रद रहेगी। कई दूसरी ट्रेनों के पहिए भी थमे रहेंगे।

दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल है। बुकिंग खुलते ही सीटें भर जाती हैं। ऐसे में जिन यात्रियों ने पहले से टिकट बुक कराया है। उन्हें विकल्प ढूंढ़ना होगा।

रेलवे की ओर से बताया गया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेल के रायगढ़-झारसुगड़ा के बीच कोटरलिया स्टेशन पर तीसरी व चौथी लाइन को मुख्य रेल मार्ग से जोड़ने के लिए 11 से 24 अप्रैल तक ब्लॉक लिया जएगा। इस दौरान कई ट्रेनें अस्थायी रूप से रद रहेंगी। कुछ ट्रेनों को मार्ग बदल कर चलाया जाएगा।




होली का त्योहार खत्म होने के बाद रोजगार की तलाश में लोग फिर से मुबंई, दिल्ली, कोलकता, जयपुर, चेन्नई समेत अन्य बड़े शहरों के लिए ट्रेनों से निकल रहे हैं। कोडरमा जंक्शन से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में रविवार एवं सोमवार को काफी भीड़ रही।

होली पर घर आने वाले कामकाजी अब परदेस लौटने लगे हैं। कोडरमा जंक्शन से नई दिल्ली जा रही पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में रेल यात्रियों की भीड़ देखने को मिली।

विशेषकर लंबी दूरी की ट्रेनों में भारी वेटिग लिस्ट होने से यात्री काफी परेशान हैं। कोडरमा जंक्शन पर हजारीबाग, गिरिडीह, रामगढ, बिहार के रजौली, नवादा समेत कई शहरों से यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए आए।

कोडरमा जंक्शन से विभिन्न रूटों के लिए चलने वाली मेमू, पैसेंजर के अलावा गया से धनबाद रेलखंड पर चलने वाली ट्रेनों में भी काफी भीड़ रही। हटिया-पटना जनशताब्दी, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में रेल यात्रियों की भीड़ देखने को मिली। जंक्शन से गुजरने वाली एक्सप्रेस एवं पैसेंजर मेमू ट्रेनों में सीढ़ियों पर बैठ कर लोग यात्रा करते दिखे।

अब कई ट्रेनों में टिकट के लिए मारामारी दिख रही है। हालांकि, तत्काल टिकट लेने वालों को थोड़ी राहत मिल रही है। अधिक पैसे लगाकर टिकट मिल जा रहा है।

## एटीएस के तत्कालीन डीएसपी निलंबित

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एटीएस के तत्कालीन डीएसपी प्रदीप कुमार को निलंबित कर दिया है। उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी चलेगी। इससे संबंधित प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी गई है। डीएसपी प्रदीप कुमार पर आचरण व कृत्यों से पुलिस की गरिमा व छवि को धूमिल करने का आरोप है। इसी मामले में उनपर कार्रवाई की गई है।

डीएसपी पर आरोप है कि वे औरंगाबाद के एक युवक की पत्नी से रातभर फोन पर बात करते थे और युवक पर अपनी पत्नी को छोड़ने का दबाव बनाते थे। इससे संबंधित शिकायत की जांच के बाद ही जांच टीम की अनुशंसा पर उनके विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। औरंगाबाद के उक्त युवक ने आरोप लगाया था कि डीएसपी प्रदीप प्रणव उर्फ प्रदीप कुमार का उसकी पत्नी से नजदीकी संबंध है। वह विरोध करता है तो उसे जान मारने की धमकी देते हैं। जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर अपशब्द बोलते हैं। पीड़ित युवक ने यह शिकायत उसने गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग व पुलिस मुख्यालय से की थी।

उसने यह भी आरोप लगाया था कि डीएसपी उसे उसकी पत्नी को छोड़ देने के लिए दबाव बना रहे हैं। ऐसा नहीं करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देते हैं। डीएसपी की धमकी से वह शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान था।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित महिलाओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा/हजारीबाग।** सतगावां प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ को काबू करने के लिए महिलाओं को लाइन लगाकर घंटों इंतजार करने के बाद मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का पैसा नहीं आने का कारण बताया गया।

ज्यादातर बैंक खातों से आधार कार्ड लिंक नहीं रहने के मामले सामने आए। कुछ महिलाओं से ऑनलाइन खाता नंबर, बैंक कोड व आधार कार्ड नंबर डालने में गड़बड़ी हुई, जिसमें आवेदन देकर सुधार कराने को कहा गया तथा अधिकांश महिलाओं को बैंक खाते से आधार कार्ड से लिंक कराने की सलाह दी गई।

वहीं, सैकड़ों की संख्या में महिलाएं परेशान नजर आईं। बताया गया कि प्रतिदिन सैकड़ों से ऊपर महिलाएं प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगा रही हैं। अनिता देवी, सुनीता देवी, सुशीला देवी आदि ने बताया कि प्रज्ञा केंद्र द्वारा कागजात सही देने के बावजूद भी टाइपिंग में कुछ ना कुछ गलती कर दी गई हैं, इसके कारण दर्जनों महिलाओं के खाते पर पैसा नहीं आया है, जिससे महिलाओं की परेशानी बढ़ गई है और इन्हें प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

कई महिलाओं ने बताया कि जिन महिलाओं के खाते में साढ़े सात हजार रुपये होली से पहले आए उन्होंने तो पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया, मगर जिसके खाते में पैसा नहीं आया उसे प्रखंड के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, फिर भी समस्या का निदान नहीं हो रहा है।

बताया जाता है कि ब्लॉक में जाने के बाद पंचायत सेवक के पास भेजते हैं या फिर कहते हैं कि आपका पैसा आपके खाते में आ जाएगा। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ किन-किन महिलाओं को मिलना है और क्या-क्या डॉक्युमेंट लगेंगे, इसकी सूचना किसी भी पंचायत भवन व प्रखंड कार्यालय के समीप नहीं चिपकाई गई है।



महिलाओं ने बताया कि पंचायत सेवक की लापरवाही के कारण दर्जनों आवेदन ठीक रहने के बावजूद अटके हैं। वहीं, पंचायत सेवक बालेश्वर यादव, प्रसादी यादव, किशुन यादव आदि ने बताया कि उनके पास किसी भी महिला का लंबित फॉर्म नहीं है।

महिलाओं की भीड़ बरही प्रखंड कार्यालय एवं बैकों में दिनोदिन बढ़ती ही जा रही है। जिनके खाते में राशि नहीं आई है ऐसे लाभुक जानकारी लेने को इच्छुक हैं कि आखिर उनके खाते में राशि अभी तक क्यों नहीं आई, उनके आवेदन या खाते में क्या कोई त्रुटि रही है या सबकुछ ठीक है तो फिर कब तक राशि प्राप्त होगी। खासकर होली के बाद प्रखंड कार्यालय में महिलाओं की लंबी कतार लग रही है।

# विस में गरमाया परिसीमन का मुद्दा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा में बजट सत्र में मंगलवार को द्वितीय पाली में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के बजट प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान परिसीमन का मुद्दा गरम रहा।

सत्तापक्ष व विपक्ष ने परिसीमन के मुद्दे पर एक-दूसरे को घेरा। चर्चा के दौरान सरकार के उत्तर में विभागीय मंत्री चमरा लिंडा ने परिसीमन पर चिंता जाहिर की और कहा कि वर्ष 2002 में तत्कालीन केंद्र की भाजपा सरकार ने राज्य में छह आदिवासी सुरक्षित सीटों को घटाया जा रहा था।

उन्हें आशंका है कि वर्ष 2026 में फिर परिसीमन के दौरान राज्य में आदिवासियों के लिए सुरक्षित लोकसभा व विधानसभा सीटों की संख्या घटा दी जाएगी। सत्तापक्ष के साथी विधायकों ने भी इसपर चिंता जाहिर की।

मंत्री चमरा लिंडा के परिसीमन पर उठाए गए इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासियों की संख्या घटने पर ही परिसीमन में सीट घटाने-बढ़ाने का निर्णय होता है।

सत्तापक्ष बताए कि राज्य में किस कारण से आदिवासियों की आबादी घटी है और मुसलमानों की आबादी बढ़ी है। कौन कहां से आया। झारखंड में इसपर चर्चा होनी चाहिए और एनआरसी कराना चाहिए।

वाद-विवाद व चर्चा के बाद सदन से अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए 30 अरब, सात करोड़, 54 लाख, 37 हजार रुपये का बजट प्रस्ताव पास हो गया ।विभागीय मंत्री चमरा लिंडा का कहना था कि राज्य में आदिवासियों को खाने-पीने की चिंता नहीं है। वे अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं।

विधानसभा व लोकसभा सीटों के लिए परिसीमन में जनसंख्या को आधार नहीं बनाया जाना चाहिए।



## महिला खिताब हटाने पर अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने स्पष्ट किया रुख; बोले- नहीं छीन सकते अधिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज खिलाड़ी हंगरी की जूडिथ पोल्गार आवाज उठा रही हैं कि महिला शतरंज के खिताबों को खत्म कर देना चाहिए। उनका समर्थन भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने भी किया। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने साफ कर दिया है कि उसका महिलाओं के खिताब (महिला ग्रैंडमास्टर आदि) हटाने का कोई इरादा नहीं है। फिडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की का कहना है कि ऐसा करना महिलाओं से उनके अधिकार छीनना और महिला प्रतिभाओं के साथ अन्याय होगा। सुतोवस्की ने कहा, पिछले वर्षों में शीर्ष पर मौजूद महिला शतरंज खिलाड़ियों की रेटिंग में काफी गिरावट आई है, इसलिए उन्हें महिलाओं की इवेंट की जरूरत है, जिसमें खेल कर वह अपने में सुधार कर सकें। महिला शतरंज में पुरस्कार राशि बढ़ाए जाने के बावजूद महिला शतरंज लगभग 15 वर्ष पीछे है। पहले हमें 15 से 17 वर्ष की आयु में 2500 की रेटिंग वाली महिला खिलाड़ी मिल जाती थीं, लेकिन आज हमारे पास 17 से 18 वर्ष की आयु में 2400 की रेटिंग वाली दो खिलाड़ी मौजूद हैं।

### पोल्गर की मांग का वैशाली ने किया समर्थन

दिग्गज खिलाड़ी हंगरी की जूडिथ पोल्गार आवाज उठा रही हैं कि महिला शतरंज के खिताबों को खत्म कर देना चाहिए। उनका समर्थन भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने भी किया। उन्होंने कहा, महिला खिताब हटाने से महिलाओं को ग्रैंडमास्टर हासिल करने की ज्यादा प्रेरणा मिलेगी।

### ऐसे तो महिला शतरंज खत्म हो जाएगा

ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से का कहना है कि महिलाओं के खिताब हटाने से महिला शतरंज खत्म हो जाएगी। जूडिथ पुरुषों के साथ खेलती थीं। लेकिन उनकी बहन सुसान ने महिलाओं के साथ खेलना नहीं छोड़ा। वैशाली को जितने भी पुरस्कार मिले हैं, उनमें महिला शतरंज के खिताबों का योगदान है।

## ड्रेसिंग रूम में नहीं है भाईचारा, टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ी बताया अब तक क्यों नहीं जीत पाई यह टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग के पहले सीजन से खेल रही हैं। 17 सीजन के बीतने के बाद भी यह टीम खाली हाथ है। उन्होंने अब तक एक बार भी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं उठाई है। राहुल द्रविड़, विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस जैसे खिलाड़ी इस टीम के कप्तान रहे, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल, साउथ अफ्रीका के एबी डिविलियर्स इस टीम के लिए खेले लेकिन कभी चैंपियन नहीं बना पाए। इसी टीम का हिस्सा रहे भारतीय खिलाड़ी ने टीम की नकामी का कारण ड्रेसिंग रूम में भाईचारे की कमी को बताया। लेफ्ट आर्म स्पिनर शादाब जकाती करियर की शुरुआत में चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहे। वह 2010 और 2011 में खिताब जीतने वाली टीम में शामिल थे। साल 2014 में आरसीबी में शामिल हुए और केवल एक ही मैच खेले। इस सीजन में उन्होंने टीम को लेकर कई बातें समझीं जिसके बारे में उन्होंने बताया। स्पोर्ट्सकीड़ा ने शादाब के हवाले से लिखा, 'यह एक टीम गेम है। अगर आप ट्रॉफी जीतना चाहते हैं, तो टीम को एक इकाई की तरह खेलना होगा। 2-3 खिलाड़ी आपको ट्रॉफी जीतने में मदद नहीं कर सकते। चेन्नई के पास भारतीय खिलाड़ियों का एक मजबूत समूह और कुछ अच्छे विदेशी खिलाड़ी थे। अपना संयोजन बनाना महत्वपूर्ण है। जब मैं आरसीबी में था, तो वे केवल 2-3 खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित करते थे।'

### आईपीएल में हो सकता है कारनामा

## क्रिस गेल के छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ने से कितना दूर हैं रोहित!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में विराट कोहली तीसरे नंबर पर हैं. कोहली ने 272 छक्के लगाए हैं. वहीं रोहित फिलहाल दूसरे नंबर पर हैं. रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के दमदार खिलाड़ी हैं. वे टूर्नामेंट में मुंबई को अपनी कप्तानी में खिताब भी दिलवा चुके हैं. रोहित विस्फोटक बैटिंग के लिए भी मशहूर हैं. रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के दमदार खिलाड़ी हैं. वे टूर्नामेंट में मुंबई को अपनी कप्तानी में खिताब भी दिलवा चुके हैं. रोहित विस्फोटक बैटिंग के लिए भी मशहूर हैं. रोहित आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं. उन्होंने 257 मैचों में 280 छक्के लगाए हैं. लेकिन रोहित अब नंबर वन भी बन सकते हैं. रोहित आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं. उन्होंने 257 मैचों में 280 छक्के लगाए हैं. लेकिन रोहित अब नंबर वन भी बन सकते हैं. आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में क्रिस गेल टॉप पर हैं. गेल ने 142 मैचों में 357 छक्के लगाए हैं. रोहित फिलहाल गेल के इस रिकॉर्ड से दूर हैं. रोहित को क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 77 छक्के लगाने होंगे.

### मेरे बारे में धारणायें बनाई गई, टाइपकास्ट किया गया लेकिन...

## मुझे अपनी ताकत पता थी: श्रेयस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उन्हें तथाकथित तकनीकी कमी को लेकर बनी धारणाओं से लड़ना पड़ा, उन्हें टाइपकास्ट किया गया और विश्व कप नायक बनने के कुछ महीनों के भीतर ही उनका अनुबंध रद्द कर दिया गया लेकिन श्रेयस अय्यर इन सबके बावजूद अडिग रहे और अपनी ईमानदारी और सुलझे हुए दिमाग पर भरोसा करके आगे बढ़े। इसका फल भी उन्हें मीठा ही मिला। पिछले कुछ समय में वह चौथे नंबर पर भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज बने और कप्तान रोहित शर्मा ने कुछ दिन पहले चैम्पियंस ट्रॉफी में मिली खिताबी जीत के बाद उन्हें 'मौन नायक करार दिया। शॉर्ट गेंद के खिलाफ उनकी कमजोरी को लेकर पूछे जाने पर श्रेयस ने इंटरव्यू में कहा, 'शायद ऐसी धारणा बनाई गई थी या मुझे टाइपकास्ट किया गया। लेकिन मुझे हमेशा से अपनी ताकत, क्षमता पता थी और खुद पर भरोसा था। पिछले 8 वनडे में उन्होंने चौथे नंबर पर 53 की औसत से रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, 'खेल बदलता रहता है लिहाजा खिलाड़ी को लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार करना होता है। मुझे खुशी है कि मैं सकारात्मक सोच के साथ खेल सका और अपनी प्रक्रिया पर भरोसा रखा। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के दौरान उनकी कमर में चोट लगी और फिर उन्हें केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा चूंकि उस समय वह अपनी तत्कालीन आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अभ्यास कर रहे थे जबकि उन्हें रणजी ट्रॉफी खेलना था। श्रेयस की कप्तानी मे आईपीएल जीता और फिर उन्होंने भारतीय वनडे टीम में वापसी की। इस आईपीएल सत्र से पंजाब किंग्स की कप्तानी करने जा रहे श्रेयस ने कहा, 'मैने अपनी प्रक्रिया सरल रखी। ज्यादा सोचा नहीं और ईमानदारी से काम करता रहा। मुझे भरोसा था कि मेरी ईमानदारी और प्रदर्शन फिर मुझे मौका दिलाएगा। उन्होंने कहा, 'इस दौर ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैने अपने कौशल पर और मेहनत की। मैं नतीजे से खुश हूं क्योंकि इसके पीछे काफी मेहनत की गई है।

# पाकिस्तान की फजीहत पर फजीहत...
# न्यूजीलैंड ने पहले 61 और अब 79 गेंदों में हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम की फजीहत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. पहले अपनी मेजबानी में हुई आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में उसे शर्मनाक हार झेलनी पड़ी थी. टूर्नामेंट में पाकिस्तानी टीम बगैर कोई मैच जीते ग्रुप स्टेज से ही 5 दिन में बाहर हो गई थी. अब पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड दौरे पर है, जहां वो 5 मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है. इस दौरे के लिए मोहम्मद रिजवान की जगह सलमान अली आगा को कप्तानी सौंपी गई. मगर फिर भी पाकिस्तानी टीम की फजीहत पर फजीहत ही हो रही है.

### न्यूजीलैंड टीम सीरीज में 2-0 से आगे

सीरीज के पहले टी20 मैच में पाकिस्तानी टीम 91 रनों पर ढेर हो गई थी. इसके बाद कीवी टीम ने यह मैच 61 गेंदों में ही जीत लिया था. जबकि सीरीज का दूसरा टी20 मुकाबला मंगलवार (18 मार्च) को डुनेडिन में खेला गया. बारिश से बाधित इस मैच को 15-15 ओवर का किया गया था. ऐसे में पाकिस्तानी टीम ने 9 विकेट पर 135 रन बनाए. मगर वो यह मैच नहीं बचा सकी.



### टिम सेफर्ट की ताबड़तोड़ पारी से जीती कीवी टीम

कीवी टीम ने सीरीज का यह दूसरा मुकाबला 79 गेंदों में 5 विकेट से अपने नाम कर लिया. न्यूजीलैंड ने 13.1 ओवर में 5 विकेट गंवाकर 137 रन जड़ दिए. इस तरह कीवी टीम इस सीरीज में 2-0 से आगे हो गई है.इस दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान की ओर से सलमान ने कप्तानी पारी खेली और 28 गेंदों में 46 रन जड़े. जबकि शादाब खान ने 26 और शाहीन आफरीदी ने 22 रन बनाए. दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम के लिए टिम सेफर्ट ने 22 गेंदों में 45 रन ठोके. उन्हें ही प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया. जबकि फिन एलन ने 16 गेंदों पर 38 रन बनाए.

### पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर जुनैद जफर खान की मैच में मौत

**कराची, एजेंसी।** क्रिकेट जगत को सन्न कर देने वाली खबर आई है. क्रिकेट मैच खेलने के दौरान एक पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर की मौत हो गई है. यह घटना ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में हुई. दुनिया को अलविदा कहने वाले पाकिस्तान मूल के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर जुनैद जफर खान की उम्र 40 साल से ज्यादा थी.दरअसल, जुनैद क्लब स्तर के खिलाड़ी थे. शनिवार को जब वो मैच खेल रहे थे, तब तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस तक था. इतनी भीषण गर्मी में जुनैद ने करीब 40 ओवर फील्डिंग की. मगर मैच के दौरान ही शाम 4 बजे के करीब उनकी तबीयत खराब हुई और वह बेहोश होकर मैदान पर गिर पड़े. जिसके बाद तुरंत एंबुलेंस बुलाई गई, मगर उन्हें बचाया नहीं जा सका. जुनैद ओल्ड कॉनकॉर्डियंस क्रिकेट क्लब के लिए मैच खेल रहे थे. यह मुकाबला एडिलेड के कॉनकॉर्डिया कॉलेज में प्रिंस अल्फ्रेड ओल्ड कॉलेजियंस के खिलाफ हुआ.

## आईटीबीपी के घुड़सवार राकेश कुमार अव्वल



**चंडीगढ़, एजेंसी।** प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के घुड़सवारों ने भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न इवेंट्स में विजेताओं को पदक और पुरस्कार प्रदान किए गए। 43वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता और घुड़सवार पुलिस ड्यूटी मीट-2025 में आईटीबीपी भानू में सोमवार को जांबाज घुड़सवारों ने दम दिखाया। इसमें पुलिस हॉर्स प्रतियोगिता में आईटीबीपी के अश्व अंबर के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, दूसरा स्थान दिल्ली पुलिस के अश्व तिलक के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल संदीप खटाना और तीसरा स्थान बीएसएफ के अश्व जसन के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल ध्रुव सिंह को मिला। मेडल रिले प्रतियोगिता में सशस्त्र सीमा बल की टीम-बी के अश्व अप्पू के साथ घुड़सवार सुरेंद्र सिंह, अश्व रेवा के साथ घुड़सवार अमन पाठक और अश्व चैंपियन के साथ घुड़सवार यशपाल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, दूसरा स्थान बीएसएसफ की टीम-ए के अश्व बिल्लू के साथ घुड़सवार कांस्टेबल दिनेश कुमार, अश्व समर प्लेस के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल तेज प्रसाद जोशी और अश्व प्रेम के साथ घुड़सवार कांस्टेबल आकाश कुमार ने प्राप्त किया।

## ईश सोढ़ी 10वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, इस तेज गेंदबाज को छोड़ा पीछे



**डुनेडिन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने मंगलवार को डुनेडिन में 5 मैचों की सीरीज के दूसरे टी20 मैच में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया। इस मैच के बाद ईश सोढ़ी न्यूजीलैंड के लिए सभी प्रारूपों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं। सोढ़ी ने मैच में दो विकेट लिए और अपने करियर में कुल 264 विकेट लिए। उन्होंने पूर्व कीवी तेज गेंदबाज इवेन जॉन चैटफील्ड को पीछे छोड़ दिया जिनके नाम 263 विकेट हैं। सोढ़ी अब न्यूजीलैंड के लिए 10वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। 12 साल के करियर में सोढ़ी ने 196 मैच खेले हैं और 264 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/39 रहा है। उनके नाम दो बार 5 विकेट का रिकॉर्ड भी दर्ज हैं। उनका औसत 30.71 और इकॉनमी 5.37 है। भारतीय मूल के लेग स्पिनर ईश सोढ़ी अपने माता-पिता के साथ ऑकलैंड चले गए और सोढ़ी ने 2013 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। वह 12 साल से न्यूजीलैंड टीम से जुड़े हैं लेकिन टीम से अंदर-बाहर होते रहे हैं, सोढ़ी टी20 टीम में एकमात्र स्थिर खिलाड़ी रहे हैं जहां वह टिम साउथी के बाद न्यूजीलैंड के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। सोढ़ी ने टी20आई में 22.94 की औसत और 7.97 की इकॉनमी के साथ 142 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का विकल्प चुना। पाकिस्तान का शीर्ष क्रम फिर से कीवी गेंदबाजों का सामना करने में संघर्ष करता दिखा जिसमें शादाब खान (14 गेंदों में 26 रन, दो चौके और दो छक्के) और शाहीन अफरीदी (14 गेंदों में 22* रन, दो चौके और एक छक्का) ने कुछ उपयोगी रन बनाए, जिससे पाकिस्तान ने बारिश से बाधित मैच में 15 ओवरों में 135/9 का स्कोर बनाया। बेन सियर्स ने न्यूजीलैंड तीन ओवरों में सिर्फ 23 रन देकर दो विकेट लिए।

## जब बिरयानी को लेकर भड़क गए थे एमएस धोनी, चेन्नई सुपर किंग्स ने रातों-रात बदल लिया था होटल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी साथियों और प्रशंसकों के बीच 'कैप्टन कूल' के नाम से प्रसिद्ध हैं। हालांकि, क्या 'कैप्टन कूल' को भी गुस्सा आता है तो इस सवाल का जवाब हां हो तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपील) के दौरान वह एमएस धोनी ही थे जब आईपीएल 2019 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान नो-बॉल के फैसले का विरोध करने अंपायर से भिड़ने मैदान के अंदर पहुंच गए थे। इस घटना से तो लगभग सभी लोग वाकिफ होंगे, क्योंकि ऐसा लाइव मैच के दौरान हुआ था, लेकिन ऐसी ही एक और घटना है। यह घटना घर पर बनी बिरयानी को लेकर थी। ऐसा 2014 में हुआ था। तब कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ चैंपियंस लीग टी20 मैच के लिए चेन्नई सुपर किंग्स हैदराबाद में थी। अगर उस समय की खबरों पर यकीन किया जाए, तो एमएस धोनी एक होटल की 'बाहर का खाना नहीं खाने की अनुमति' नीति से बहुत ज्यादा नाराज हो गए थे। पूर्व भारतीय कप्तान का गुस्सा इस बात से इतना बढ़ गया था कि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आईटीसी ग्रैंड काकतिया होटल से ताज कृष्णा में चली गई थी। अंबाती रायुडू ने सीएसके खिलाड़ियों के लिए घर पर बनी बिरयानी भेजी थी। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि होटल ने शुरू में खिलाड़ियों को बिरयानी अपने कमरे में ले जाने से मना किया था। अन्य रिपोर्ट्स में कहा गया कि होटल ने खिलाड़ियों को बिरयानी अपने कमरे में ले जाने की मंजूरी दी थी, लेकिन खिलाड़ियों से होटल के सार्वजनिक परिसर में इसे खाने से परहेज करने को कहा था।



## जोकोविच, अल्काराज मियामी ड्रॉ के एक ही हाफ में



**मियामी, एजेंसी।** छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच और 2022 के खिताब विजेता कार्लोस अल्काराज 19 मार्च से शुरू हो रहे मियामी ओपन के मुख्य ड्रॉ के एक ही हाफ में उतरे हैं। जोकोविच 2019 के बाद पहली बार मियामी में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में वापसी कर रहे हैं। 2011 से 2016 तक, सर्बियाई स्टार ने छह संस्करणों में से पांच जीते। वह मियामी में अपनी वापसी की शुरुआत अपने हमवतन हमाद मेदजेडोविच, 2023 एटीपी फाइनल्स चैंपियन या ऑस्ट्रेलियाई रिंकी हिजिकाटा के खिलाफ करेंगे। रिकॉर्ड 40 बार मास्टर्स 1000 जीतने वाले इस खिलाड़ी का क्वार्टर फाइनल में दानिल मेदवेदेव के रूप में एक और पूर्व नंबर 1 से सामना हो सकता है। 2023 मियामी चैंपियन मेदवेदेव अपने शुरुआती मैच में जैम मुनार या आर्थर रिंडरकनेच से भिड़ेंगे। जोकोविच लगातार तीन मैच हारने के बाद वापसी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें इंडियन वेल्स में बोटिक वैन डे जैन्डसचुल्प के खिलाफ शुरुआती हार भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, 37 वर्षीय खिलाड़ी का मियामी में 44-7 का रिकॉर्ड है। दूसरे वरीय अल्काराज, जो एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के अनुसार टूर्नामेंट में 13-3 हैं, अपने इवेंट की शुरुआत डेविड गोफिन या एलेक्जेंडर वुकिक के खिलाफ करेंगे। तीसरे दौर में उनका सामना 31वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से हो सकता है और स्पैनियार्ड के क्वार्टर में अन्य वरीय खिलाड़ियों में पांचवें वरीय कैस्पर रूड, ग्रिगोर दिमित्रोव और 12वें वरीय टॉमी पॉल शामिल हैं। इंडियन वेल्स की तरह, एलेक्जेंडर ज्वेरेव शीर्ष वरीय हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद से जर्मन खिलाड़ी ने लगातार दो से ज्यादा मैच नहीं जीते हैं और मियामी में वापसी करने की कोशिश करेंगे, जहां उन्होंने पिछले साल सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। ज्वेरेव अपने टूर्नामेंट की शुरुआत फ्रेंचमैन बेंजामिन बोंजी या क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। 27 वर्षीय खिलाड़ी तीसरे दौर में खतरनाक 28वीं वरीयता प्राप्त जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड से खेल सकते हैं, जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो और 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स संभावित चौथे दौर के प्रतिद्वंद्वी हैं। जैक ड्रेपर, जिन्होंने अपनी पहली मास्टर्स 1000 जीत हासिल की है, छठे वरीयता प्राप्त हैं। ब्रिटेन का यह खिलाड़ी ज्वेरेव के क्वार्टर में है

## सिंधू का सामना मालविका से, पुरुष एकल में लक्ष्य देंगे प्रणय को चुनौती; फॉर्म हासिल करने पर नजरें



**बासेल, एजेंसी।** सिंधू ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पहले ही दौर में हार गई थीं। वह हालांकि, 2022 में स्विस ओपन में खिताब जीत चुकी हैं। सिंधू पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रही है और उनकी नजरें फॉर्म में वापसी पर टिकी होंगी ।स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे 2,50,000 डॉलर इनामी राशि के स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में खोया फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। सिंधू का सामना भारत की दूसरे नंबर की मालविका बंसोड़ से होगा। वहीं, लक्ष्य भी भारत के ही एच एस प्रणय से खेलेंगे जो यहां 2016 में खिताब जीत चुके हैं। सिंधू ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पहले ही दौर में हार गई थीं। वह हालांकि, 2022 में स्विस ओपन में खिताब जीत चुकी हैं। सिंधू पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रही है और उनकी नजरें फॉर्म में वापसी पर टिकी होंगी। मालविका ने हालांकि सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था। लक्ष्य ऑल इंग्लैंड के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, जबकि प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए थे। स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। सिंधू, किदांबी श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना और पुरुष युगल में सात्विक-चिराग खिताब जीत चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के करावल नगर में सनसनीखेज मर्डर, चाकू घोंपकर मार डाला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर में सनसनीखेज मर्डर को अंजाम दिया गया है। यहां 18 साल के एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, सोमवार रात हुए इस हमले के पीछे का मकसद अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस को संदेह है कि यह निजी दुश्मनी या झगड़े का नतीजा हो सकता है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना के संबंध में सोमवार रात करीब 11 बजे करावल नगर पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल आई। उन्होंने कहा कि पीसीआर के जरिए सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम शिव विहार में घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अपराध और फॉरेंसिक विभाग की टीम ने घटनास्थल का दौरा किया है। आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इलाके में लगे सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

### दुष्कर्म के झूठे आरोप पर लौटाना होगा मुआवजा, दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में अहम आदेश दिया है, जिसमें कहा गया है कि यदि दुष्कर्म के आरोप झूठे पाए जाते हैं तो महिला को अंतरिम मुआवजे की रकम लौटानी होगी। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि यदि सुनवाई अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि ऐसा कोई अपराध नहीं किया गया था, तो महिला को पीड़िता मुआवजा योजना (डीवीसीसी) के तहत दी गई अंतरिम मुआवजा रकम वसूलने के लिए दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण स्वतंत्र (डीएलएसए) होगा। जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने कहा कि इस तरह का मुआवजा देने का प्रावधान जरूरतमंद की मदद करना है। दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण की जिला पीड़ित मुआवजा समिति मूल्यांकन करने के बाद राशि जारी करती है। यह मामला एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका के तहत उठा। उसका कहना था कि उसकी पत्नी दुष्कर्म पीड़िता है। डीवीसीसी ने उनकी मुआवजा याचिका को नामंजूर कर दिया है। इस पर हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि अंतरिम मुआवजा आवेदन पर नए सिरे से व कानून के अनुसार निर्णय लिया जाए।

### गर्मियों में इस बार नहीं होगी पानी की किल्लत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गर्मी के सीजन में लोगों को परेशानी न हो इसके लिए दिल्ली जल बोर्ड ने अभी से संसाधनों को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। गर्मी के महीनों में टैंकरों से भी पानी की आपूर्ति बढ़ाई जाएगी। इसके लिए सभी टैंकरों को जीपीएस से लैस किया जाएगा। इन जीपीएस के माध्यम से अधिकारी टैंकरों के आवागमन को ट्रैक कर सकेंगे। इसके साथ-साथ भूमिगत जलाशयों की सफाई और नलकूपों की मरम्मत भी कराई जा रही है। दिल्ली की भाजपा सरकार ने गर्मी में पानी के संकट से निबटने के लिए पहले ही तैयारी शुरू कर दी है। बीते दिनों दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की थी, साथ ही जल संसाधनों को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए थे। उन्होंने पानी की समान आपूर्ति के लिए इंतजाम करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बीती सरकार के कार्यकाल में टैंकर सेवाओं में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए टैंकरों के मौजूदा टेंडरों को रद्द कर जीपीएस युक्त टैंकर लगाए जाने के लिए भी कहा है। इसके बाद से दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने जल आपूर्ति में सुधार के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। दिल्ली जल बोर्ड की ओर से बड़ी संख्या में टेंडर जारी किए गए हैं। इनमें नलकूपों की मरम्मत, जलाशयों की सफाई, उपकरण किराए पर लेने के काम शामिल हैं। जल बोर्ड की ओर से भूमिगत जलाशयों की सफाई के लिए शटडाउन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे कुछ इलाकों में पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के सीजन में पानी की सुचारू आपूर्ति के लिए यह जरूरी है।

# दिल्ली के द्वारका इलाके में लगी भीषण आग

### 2 फैक्ट्री, कई दुकानें और 30 झुग्गियां जलकर खाक

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के द्वारका मोड़ इलाके में सोमवार देर रात भीषण आग लगने से कम से कम 30 झुग्गियां, दो फैक्ट्री और कुछ दुकानें जलकर खाक हो गईं। दमकल विभाग कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, इतनी गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने मंगलवार को इस अग्निकांड के बारे में जानकारी देते हुए कहा हमें रात 2:07 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद तुरंत दमकल की 11 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। विकराल रूप धारण कर चुकी आग 1200 वर्ग गज से अधिक क्षेत्र में फैल गई थी।

उन्होंने बताया कि भीषण आग की चपेट में आने से 30 झुग्गियां, 2 अस्थायी आइसक्रीम फैक्ट्री, कार एक्सेसरीज और किराना की कुछ दुकानें जलकर खाक हो गईं।

आग पर तड़के 3:50 मिनट पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। हालांकि इस अग्निकांड में भारी नुकसान होने का अनुमान है।



**दिल्ली में बीते एक हफ्ते में हुई आग लगने की घटनाएं:** युवक की संदिग्ध हालत में जलकर मौत दिल्ली किराड़ी इलाके में होली वाले दिन एक युवक की संदिग्ध हालत में जलकर मौत हो गई थी। युवक का शव झुलसी हालत में उसके बिस्तर पर बरामद किया गया था। 25 वर्षीय मंदीप अपने परिवार के साथ रतन विहार इलाके में रहता था। कमरे में धुआं देखकर पड़ोसियों ने परिजन, दमकल और पुलिस को दी। मामले की सूचना मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। सीपी के रेस्तरां में आग से छह झुलसे

वहीं कनॉट प्लेस इलाके में स्थित बिकगेन बिरयानी रेस्टोरेंट में गुरुवार सुबह आग लग गई थी। आग की चपेट में आने से रेस्तरां में काम कर रहे छह कर्मचारी झुलस गए थे। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई गई थी। सूचना मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया था। गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण आग लगने की आशंका जताई जा गई थी।

## दिल्ली सरकार ने शुरू किया राशन कार्ड धारकों का ई-सत्यापन, महिला समृद्धि योजना के लिए अहम

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फर्जी राशन कार्ड की धोखाखड़ी को रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने ई-सत्यापन शुरू कर दिया है। लाभार्थियों को आधार नंबर होने का प्रमाण देने के साथ उसे राशन कार्ड से लिंक भी करना होगा। यह प्रक्रिया 31 मार्च तक चलेगी। खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राशन कार्ड धारकों को सत्यापन के लिए ज्यादा भटकने की जरूरत नहीं होगी। घर बैठकर अलग-अलग तरीके से अपना सत्यापन कर सकते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राजधानी में सभी राशन कार्ड धारकों के पास बायोमेट्रिक आधारित स्मार्ट राशन कार्ड हैं, लेकिन 2013 के बाद, सत्यापन प्रक्रिया जो हर पांच साल में होनी चाहिए, नहीं हुई। इसलिए नए राशन कार्ड के लिए जगह नहीं बन पाई। वर्ष 2013 से अब तक जिन कार्ड धारकों की मृत्यु हो गई है या जो लोग केवल निवास प्रमाण के लिए राशन कार्ड रखते हैं, उनके नाम हटा दिए जाएंगे। जिन्हें सरकारी नौकरी मिल गई होगी, आय बढ़ गई होगी उनका नाम भी हटा दिया जाएगा। खाली जगहों पर नए कार्ड बनेंगे। अभी दिल्ली में कुल 17.41 लाख से अधिक राशन कार्ड धारक है।

**पहला विकल्प :** राशन कार्ड धारक केंद्र सरकार के मोबाइल ऐप 'मेरा ई-केवाईसी' का प्रयोग करके ई-सत्यापन करा सकते हैं। इससे अगर किसी व्यक्ति का राशन कार्ड दो राज्यों में होगा तो वह पकड़ा जाएगा। दिल्ली से उसका नाम हटा दिया जाएगा। इससे लंबित आवेदनों को राशन कार्ड बनवाने का मौका मिलेगा।

**दूसरा विकल्प :** राशन कार्ड धारक दिल्ली में पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन पर बायोमैट्रिक सत्यापन भी करा सकते हैं। यह मशीन उन दुकानों पर मिलती है, जहां से आप सरकारी राशन लेते हैं।

सत्यापन की प्रक्रिया इसलिए भी है अहम है, क्योंकि दिल्ली सरकार आने वाले दिनों में कई आर्थिक सहायता वाली योजनाएं शुरू करने वाली है। इसमें महिला समृद्धि योजना भी शामिल है, जिसके तहते गरीब परिवार की महिलाओं को 2500 रुपये हर माह मिलेंगे। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा समेत अन्य योनजाएं है। इसके लिए राशन कार्ड धारकों को आधार बनाया जाएगा।

## दिल्ली वाले अगले 100 दिन में देखेंगे असल बदलाव, विधायकों संग मीटिंग के बाद बोले प्रवेश वर्मा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पीडब्ल्यूडी और जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को विधायकों के साथ बैठक कर अपने विभागों से संबंधित विकास कार्यों के लिए 100 दिनों की योजना बनाई। दिल्ली की नई भाजपा सरकार के एजेंडे में सड़कों और नालों की मरम्मत, सीवर की सफाई और जल निकासी प्रबंधन, बाढ़ और जलभराव की समस्या, अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई और लंबित विकास परियोजनाओं में तेजी लाना शामिल है।

वर्मा ने कहा, सालों से दिल्ली में कोई काम नहीं हुआ क्योंकि कोई इरादा नहीं था। स्थिति अब इतनी खराब हो गई है कि हमें लोगों को राहत देने के लिए युद्धस्तर पर काम करने की जरूरत है। सड़कों की मरम्मत, सीवरों की सफाई और नालियों को साफ करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हमारी प्राथमिकता विकास है और अगले 100 दिनों में दिल्ली के लोगों को बदलाव दिखेगा। हम अधिक से अधिक इलाकों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करेंगे। भाजपा सरकार सिर्फ वादे नहीं करती, हम लोगों की सेवा के लिए काम करते हैं।

दिल्ली सचिवालय में आयोजित बैठक में शकूर बस्ती, त्रिलोकपुरी, पटपड़गंज, लक्ष्मी नगर, मुंडका, नांगलोई जाट, मोती नगर, मादीपुर (पश्चिम क्षेत्र), मंगलापुरी और किराड़ी के विधायक शामिल हुए। बैठक में पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी मौजूद थे। प्रवेश वर्मा ने एचटी को बताया कि विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए विधायकों और संबंधित अधिकारियों के साथ आमने-सामने बैठक करने का

## दिल्ली के स्कूलों में देशभक्ति का पाठ पढ़ेंगे रोहिंग्या शरणार्थी बच्चे, कोर्ट के आदेश पर होगा दाखिला

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
रोहिंग्या शरणार्थी छात्र अब दिल्ली के स्कूलों में देशभक्ति का पाठ पढ़ेंगे। कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली के खजूरी खास की श्रीराम कॉलोनी के आस-पास स्थित सरकारी स्कूलों ने अभिभावकों से आवेदन करने के लिए संपर्क किया है। यहां रहने वाले 19 में से 11 बच्चों के आवेदन स्कूलों को प्राप्त हो गए हैं, जबकि 8 बच्चों के रजिस्ट्रेशन होना बाकी हैं।

स्कूल प्रबंधन का कहना है कि जो भी शिक्षा विभाग से सुविधा मिलती है, वह इन सभी बच्चों को दी जाएगी। हालांकि, अभी देखना यह है कि इन्हें किस क्लास में दाखिला देना है। इनमें अधिकतर बच्चे 6 से 14 साल के हैं। वहीं, दूसरी ओर कोर्ट के आदेश के बाद रोहिंग्या शरणार्थियों में खुशी की लहर है। शरणार्थी उमर फारूक कहते हैं कि वह 2016 में भारत आए थे। बेटा हुसैन अहमद स्कूल जाने से वंचित था। अहमद की उम्र बढ़ती जा रही है। अब वह 9 साल का है। ऐसे में स्कूल जाना बहुत जरूरी है। वह रुंधे गले से कहते हैं कि बच्चे पढ़ जाएंगे तो आने वाली पीढ़ी की



जिंदगी भी संवर सकती है। म्यांमार में हालात ठीक नहीं थे तो जान बचाना जरूरी था। बच्चों को स्कूल जाते देखना किसी सुकून से कम नहीं है। उन्होंने न्यायपालिका का शुक्र अदा किया और कहा कि भारत की न्याय प्रणाली पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है।

वहीं, राशिद खान ने बताया कि उनके बेटे जुनैद के दाखिले के लिए भी स्कूल से कॉल आई है। हालांकि, वह कहते हैं कि उन्हें नहीं पता कि उनके बेटा को किस क्लास में जाएगा, लेकिन

## 5 दिन ऑफिस में काम नहीं करूंगी, भारतीय कर्मचारी ने लंदन में रोज काम पर जाने से किया इनकार; बताई वजह

**लंदन, एजेंसी।**
लंदन में रहने वाली 25 साल की भारतीय महिला तरुणा विनायकिया ने ऑफिस से काम करने को लेकर एक पोस्ट की है। 25 साल की महिला ने इस बात पर जोर दिया कि वह लंदन के महंगे सफर पर अपनी पूरी आय खर्च नहीं करेगी।

लिंक्डइन पर एक वायरल पोस्ट में उन्होंने कार्यालय लौटने के आदेशों, बढ़ते खर्च और जेन-जेड पेशेवरों को प्रभावित करने वाले स्थिर वेतन के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं ऑफिस में 5 या 4 दिन काम नहीं करूंगी।

विनायकिया ने कैरियर में उन्नति के सीमित अवसरों पर भी अपनी निराशा व्यक्त की और कहा कि टॉप पदों पर अक्सर ऐसे व्यक्ति होते हैं, जिनके रिटायर होने के कोई संकेत नहीं दिखते। उन्होंने कहा, उनकी अच्छी



खासी तनख्वाह वाली नौकरी के बावजूद, वह हर महीने गुजारा करने के लिए संघर्ष करती है। मैं 25 साल की हूं। अच्छे करियर में हूं, लंदन में रहती हूं और फिर भी हर महीने अपने बिलों का भुगतान करने के लिए संघर्ष कर रही हूं। शायद मेरे पास कभी घर नहीं होगा। कॉर्पोरेट की सीढ़ी चढ़ना? यह कोई सपना नहीं है, जब टॉप पर ऐसे लोग हैं जो रिटायर होने तक अपनी जगह नहीं बना पाएंगे और किस लिए? उन्होंने आगे आरोप लगाया कि जेन जेड कर्मचारियों को जेन एक्स और पुराने मिलेनियल्स की तुलना में वेतन और लाभ असमानताओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कर्मचारियों द्वारा अपनी कर-पश्चात आय का एक बड़ा हिस्सा आवागमन लागतों पर खर्च करने की प्रथा की भी आलोचना की। बता दें कि जेन जेड उन लोगों को कहा जाता है, जो 1997 से 2012 के बीच पैदा हुए हैं। यह पीढ़ी इंटरनेट, सोशल मीडिया, और डिजिटल टेक्नोलॉजी के साथ बड़े हुए हैं। तरुणा विनायकिया ने अपने करियर और काम पर नियंत्रण पाने के लिए फ्रीलांसिंग की ओर रुख किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि काम का भविष्य पारंपरिक कॉर्पोरेट संरचनाओं में काम करने के बजाय व्यक्तिगत करियर बनाने में निहित हो सकता है। विनायकिया ने अपने लेख में लिखा, सौभाग्य से मैंने फ्रीलांसिंग की ओर रुख किया और हालांकि अभी भी शुरुआती दिन हैं।

## पीएम मोदी की सकारात्मक टिप्पणियों से चीन खुश, कहा - करते हैं समर्थन

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन ने सोमवार को कहा कि वह बीजिंग-नई दिल्ली संबंधों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया सकारात्मक टिप्पणियों की सराहना करता है. अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में, प्रधानमंत्री मोदी ने उन प्रयासों पर जोर दिया जो यह सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे हैं कि दोनों देशों के बीच मतभेद संघर्ष में न बदल जाएं. प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक स्थिरता और समृद्धि के लिए भारत और चीन के बीच सहयोग जरूरी है. उन्होंने संघर्ष के बजाय स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की वकालत की. पीएम मोदी ने कहा, एक स्थिर और सहयोगात्मक संबंध बनाने के लिए संवाद महत्वपूर्ण है, जिससे दोनों देशों को लाभ हो. चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में नियमित मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, हम चीन-भारत संबंधों पर प्रधानमंत्री मोदी की हाल की सकारात्मक टिप्पणियों की सराहना करते हैं. पिछले अक्टूबर में, राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कजान में सफलतापूर्वक मुलाकात की और चीन-भारत संबंधों को सुधारने के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया. निंग ने कहा, दोनों पक्षों ने दोनों देशों के नेताओं की साझा सहमति को ईमानदारी से लागू किया है।

## हैती में बढ़ती गैंग हिंसा के कारण डॉक्टरों को अस्पताल से निकालना पड़ा

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस, एजेंसी।** डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने सोमवार को बताया कि हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस में गैंग हिंसा बढ़ने के कारण उनके कर्मचारियों को एक अस्पताल से निकालना पड़ा। इस दौरान उनके चार वाहनों पर गोलीबारी की गई। सहायता संगठन ने कहा कि इस घटना के कारण शनिवार को टर्गेउ आपातकालीन केंद्र में सेवाएं रोकनी पड़ीं। मामले में संगठन ने कहा कि इसके काफिले पर अधिकारियों के साथ समन्वय के बावजूद बार-बार और जानबूझकर गोलीबारी की गई। हालांकि, मिशन प्रमुख बेनोइट वासेउर ने बताया कि इस घटना में कोई मौत नहीं हुई, लेकिन कर्मचारियों को मामूली चोटें आईं। उन्होंने कहा कि अब अस्पताल में संचालन जारी रखना संभव नहीं है, लेकिन जैसे ही स्थिति सामान्य होगी, हम अपनी सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बता दें कि यह घटना चार महीने में दूसरी बार हुई है, जब संगठन को पोर्ट-ऑ-प्रिंस में अपनी स्वास्थ्य सुविधा बंद करनी पड़ी है। टर्गेउ इमरजेंसी सेंटर शहर में काम करने वाले कुछ ही अस्पतालों में से एक था, क्योंकि गिरोहों का नियंत्रण बढ़ने के कारण अस्पतालों को भी नुकसान हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पिछले साल हैती में 5,600 से ज्यादा लोग मारे गए और हाल के वर्षों में गिरोहों की हिंसा के कारण लाखों लोग बेघर हो गए हैं।

## सीजफायर के बीच गाजा में इजराइली हमले फिर शुरू: एयरस्ट्राइक में 232 की मौत

### 300 से ज्यादा घायल; लेबनान-सीरिया में भी बमबारी

**तेल अवीव, एजेंसी।**
इजराइल ने गाजा में फिर से हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेस के मुताबिक वायुसेना ने गाजा में हमास के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक इन हमलों में अब तक 232 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 300 से ज्यादा घायल हैं।

19 जनवरी को इजराइल-हमास में शुरू हुए सीजफायर के बाद इजराइल का गाजा में यह सबसे बड़ा हमला है। इजराइली सेना का कहना है कि वह हमले की योजना बना रहे आतंकवादियों को निशाना बना रही थी। इजराइल ने पिछले दो हफ्तों से गाजा में भोजन, दवाइयों, ईंधन और अन्य सप्लाई को रोक दिया है और मांग की है कि हमास संघर्ष विराम समझौते में बदलाव स्वीकार करे।





**इजराइली रक्षामंत्री बोले- गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे:** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने यह हमले इसलिए कराए क्योंकि सीजफायर पर हो रही बातचीत आगे नहीं बढ़ रही थी। नेतन्याहू कई बार फिर से जंग शुरू करने की धमकी दे चुके हैं। वहीं, इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने चेतावनी दी है कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया तो गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे। हमास ने इजराइली हवाई हमलों को सीजफायर का उल्लंघन बताया है। हमास ने धमकी दी है कि इस कदम से उसकी कैद में मौजूद इजराइली बंधकों की जान खतरे में आ गई है। हमास ने कहा कि इजराइल ने बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं।

**सीजफायर के पहले फेज में 33 इजराइली बंधक रिहा हुए:** सीजफायर का पहला फेज 1 मार्च को खत्म हो गया है। पहले फेज में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं। वहीं इजराइल 2 हजार से फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजराइल और हमास में बीच सीजफायर के दूसरे फेज पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है। इस फेज में लगभग 60 बंधकों को रिहा किया जाना था। साथ ही जंग को पूरी तरह से खत्म करने पर बात होनी थी। हमास के पास अभी 24 जिंदा बंधक और 35 के शव हैं।

**हमास ने की हमलों की आलोचना:** हमास के एक अधिकारी ताहिर नुनू ने इजरायली हमलों की आलोचना की. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को नैतिक परीक्षण का सामना करना पड़ रहा है. या तो वह कब्जे वाली सेना द्वारा किए गए अपराधों की वापसी की अनुमति दे या फिर गाजा में निर्दोष लोगों के खिलाफ आक्रामकता और युद्ध को समाप्त करने की प्रतिबद्धता लागू करे।

# बोकारो स्टील प्लांट में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस - 2025 के उपलक्ष्य में बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मेन ऑडिटोरियम में एक समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी सहित अधिशासी निदेशक (संकार्य) सीआर महापात्रा अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बी बी करुणामय , कार्यकारी मुख्य महा प्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) आनंद रौतेला, मुख्य महाप्रबंधक गण विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारम्भ सेल अध्यक्ष श्री अमरेन्दु प्रकाश के वीडियो मैसेज के साथ किया गया जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस- 2025 की थीम "सुरक्षा और कल्याण - विकसित भारत के लिए अनिवार्य" विषय पर कहा कि सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें अपने दैनिक जीवन शैली में इसे अपनाना चाहिए. तत्पश्चात सहायक महा प्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण) श्री मनोज कुमार ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा सुरक्षा दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला. मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया. निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई. कार्यक्रम में उपस्थित समूह को सम्बोधित करते हुए सभी विशिष्ट अतिथियों ने सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के प्रति सदैव जागरूक रहने के लिए अपने उद्बोधन के द्वारा सभी को प्रेरित किया. मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) श्री पी चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (पॉवर) श्री अनिन्दा दास ने अपने विभागों में सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए पहलों पर अपने अनुभव साझा किए. निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सुरक्षा संस्कृति की अहमियत पर विस्तारपूर्वक अपने विचार रखे और कहा कि सुरक्षा पहलुओं के प्रति जागरूकता के साथ ही सुरक्षा को अपने जीवन शैली में आत्मसात कर ही सही मायनों में सुरक्षा संस्कृति परिवर्तन के मुहिम को सफल बनाया जा सकता है. मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने सुरक्षा और गृह व्यवस्था तथा परिक्षेत्रीय रखरखाव के लिए विजेताओं और उप विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की. सुरक्षा एवं गृह सज्जा के लिए समूह-1 में सिंटर प्लांट विजेता तथा सीओ एवं सी सी उप विजेता, समूह-2 में टी बी एस विजेता तथा एस एम एस - न्यू उप विजेता, समूह-3 में सीआरएम-III विजेता , समूह-4 में शॉप्स-फाउंड्रीज विजेता तथा यातायात विभाग उप विजेता, समूह-5 में सी ई डी विजेता तथा आर जी बी एस उप विजेता, तथा समूह-6 में सेंट्रल इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस विजेता तथा सेंट्रल मैकेनिकल मेंटेनेंस उप विजेता घोषित किए गए. परिक्षेत्रीय रखरखाव के लिए समूह-1 में ब्लास्ट फर्नेस विभाग विजेता तथा आर एम एच पी उप विजेता, समूह-2 में एसएमएस -II - सीसीएस विजेता एवं आरएमपी उप विजेता, समूह-3 में हॉट स्ट्रिप मिल विजेता , समूह-4 में ईएमडी विजेता तथा डी एन डब्लू विभाग उप विजेता, समूह-5 में पी जी पी विजेता तथा आर जी बी एस उप विजेता तथा समूह-6 में एम आर डी विभाग विजेता रहे. कार्यक्रम के दौरान संयंत्र के विभिन्न विभागों के सुरक्षा के प्रति समर्पित कर्मियों को भी सम्मानित किया गया. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, इ एल एंड टी सी, एच आर (एल एंड डी) तथा जन सम्पर्क विभाग को भी सुरक्षा दिवस कार्यक्रम पर उनके योगदान के लिए सम्मानित गया. समारोह में कार्यक्रम का संचालन सहायक महा प्रबंधक(सुरक्षा अभियंत्रण) श्री मनोज कुमार ने तथा पुरस्कारों की उद्घोषणा वरीय प्रबंधक(सुरक्षा अभियंत्रण) पीके सिंह एवं श्री शांति भारत ने किया. अंत में महाप्रबन्धक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) श्री विकास गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया.





**इंटर-स्टील वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2024-25 का शुभारंभ**

बोकारो स्टील प्लांट के मेजबानी में बी एस एल के ट्रेनीज हॉस्टल-1 में स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड (रढरइ) के तत्वावधान में पांच दिवसीय इंटर-स्टील वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2024-25 का शुभारंभ किया गया. इंटर-स्टील वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2024-25 का उद्घाटन बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी, श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री सी.आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री सी.आर. मिश्रा, प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल, डॉ. बी.बी. करुणामय, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) श्री अमरेंद्र झा सहित मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) श्री शालीग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (टेक्निकल-निदेशक प्रभारी सचिवालय) श्री लक्ष्मी दास, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) श्री प्रकाश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार, महाप्रबंधक एवं संचार प्रमुख श्री मणिकान्त धान, महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) श्री ए.के. अविनाश, सहायक महाप्रबंधक (स्पोर्ट्स एंड सीए) श्री सुभाष रजक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरूआत में, बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी, श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। अपने उद्घाटन संबोधन में, उन्होंने खेल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने सेल, बोकारो स्टील प्लांट की खेल एवं फिटनेस संस्कृति को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया. इस प्रतियोगिता में कुल नौ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें बोकारो स्टील प्लांट, भिलाई स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, ईस्को स्टील प्लांट बर्नपुर, दुगार्पुर स्टील प्लांट, आरआईएनएल विशाखापत्तनम, जेएसडब्ल्यू, बेल्लारी, एसएसपी सलेम और एलॉय स्टील प्लांट शामिल हैं. यह चैम्पियनशिप खिलाड़ियों के लिए न केवल अपनी प्रतिभा और तकनीकी कौशल प्रदर्शित करने का एक मौका है, बल्कि टीम भावना और खेल स्पर्धा के उच्चतम स्तर को अनुभव करने का भी एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है. गौरतलब है कि बोकारो स्टील प्लांट की टीम ने फरवरी 2025 में भिलाई में आयोजित अखिल भारतीय सेल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया था, जो बोकारो स्टील प्लांट की टीम की उत्कृष्ट खेल क्षमता, समर्पण और प्रतिबद्धता को प्रमाणित भी करता है. चैम्पियनशिप के पहले दिन खेले गए रोमांचक मुकाबलों में जेएसडब्ल्यू, बेल्लारी ने आरएसपी को 25-20 और 25-21 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं, दूसरे मैच में भिलाई स्टील प्लांट ने एलॉय स्टील प्लांट को कड़े मुकाबले में 25-20 और 25-22 से पराजित कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। दिन के तीसरे और अंतिम मुकाबले में आरआईएनएल, विशाखापत्तनम ने दुगार्पुर स्टील प्लांट को 25-20 और 25-22 से मात देकर शानदार जीत हासिल की.

**स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बी एस एल द्वारा विशेष अभियान**

वर्ष 2025 में 16-31 मार्च तक पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है. इस पृष्ठभूमि में बीएसएल द्वारा भी टाउनशिप, परिक्षेत्रीय इलाकों और प्लांट में स्वच्छता का एक विशेष अभियान आरम्भ किया गया है. इसके तहत सिटी सेंटर, अटल मोहल्ला क्लिनिक बांधगोड़ा, आंगनबाड़ी केंद्र टांड़ मोहनपुर तथा नव प्राथमिक विद्यालय टांड़ मोहनपुर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जन सामान्य की भी भागीदारी रही. इसी कड़ी में नया मोड़ स्थित बस स्टैंड में भी स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) श्री शालिग्राम सिंह ने उपस्थित समूह को स्वच्छ्ता शपथ दिलाई जबकि परिक्षेत्रीय गांव में सम्पन्न कार्यक्रम में महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री बी बनर्जी ने अभियान में शामिल समूह को स्वच्छता शपथ दिलाई. नया मोड़ स्थित बस स्टैंड में स्वच्छता कार्यक्रम महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) श्री ए के अविनाश की अगुवाई में सम्पन्न हुआ. स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान प्रत्येक दिन बीएसएल द्वारा जन सामान्य की सहभागिता के साथ अलग-अलग स्थानों में स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा.

## संक्षिप्त समाचार

### अखिल भारतीय वसंतोत्सव संगीत समारोह 23 को

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ध्रुपद सम्राट पंडित राम वृक्ष पाठक अखिल भारतीय वसंतोत्सव संगीत समारोह का आयोजन रविवार, 23 मार्च को आदर्श कोआपरेटिव सोसायटी, सेक्टर 12 में होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ संगीतज्ञ बच्चन जी महाराज ने बताया कि प्लाट नं 38 ए, आदर्श कोआपरेटिव सोसायटी में आयोजित होने वाले इस वसंतोत्सव संगीत समारोह में कई जाने-माने कलाकारों के साथ ही कुछ उदीयमान कलाकार भी प्रस्तुति देंगे।

### विद्यालय में शोकसभा आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर 3 सी में स्वर्गीय शिवकुमार सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार, सचिव राजकुमार सिंह एवं विद्यालय के सभी परिवार स्वरूप आचार्य, दीदी तथा कर्मचारी बंधु भगिनी उपस्थित रहे। स्वर्गीय शिवकुमार सिंह विद्या भारती के समर्पित, मृदुभाषी, सामाजिक एवं कुशल कार्यकर्ता थे। जिन्होंने अपने संगठन के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारते हुए विद्या भारती में सेवारत सभी कार्यकताओं के प्रति स्नेह तथा सहयोगी भाव रखा। कल 18 मार्च को दिल का दौरा पड़ने से शिवकुमार सिंह अपनी अंतिम यात्रा को चले गये।

### संडेज ऑन साइकिल का आयोजन 23 मार्च को

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फिट इंडिया साइक्लोथॉन, मोटापे के खिलाफ लड़ाई, संडेज ऑन साइकिल की सफल आयोजन हेतु मंगलवार को यूनियन क्लब धनबाद में एक बैठक हुई। 23 मार्च रविवार प्रातः 8:00 बजे इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद एमपी ढुल्लू महतो



हरि झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम गोल्फ ग्राउंड रणधीर वर्मा स्टेडियम से प्रारंभ होते हुए कंबाइंड बिल्डिंग पूजा टॉकीज, डीआरएम बिल्डिंग चौक,कोर्ट मोड़, रणधीर वर्मा चौक,हटिया मोड़ होते हुए गोल्फ ग्राउंड रणधीर वर्मा स्टेडियम में समाप्त होगी। सभी पार्टिसिपेंट 23 मार्च प्रातः 7:00 बजे तक रणधीर वर्मा स्टेडियम में अपना उपस्थिति दर्ज कराएंगे । पेफी इंडिया गर्वनिंग बॉडी मेंबर रेजा इश्तियाक की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई। जिसमें पेफी झारखंड के सचिव आलोक चौधरी, पेफी धनबाद के अध्यक्ष मृदुल बोस,सचिव कुणाल सिंह,सदस्य विद्युत कुमार दत्ता,हेमंत कुमार, महिपाल आदि उपस्थित थे।

## विशेष राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदनों पर अभियान मोड में करें सुनवाई : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिछले दिनों जिले के सभी अंचलों में अलग - अलग तिथियों को आयोजित विशेष राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदनों की मंगलवार को उपायुक्त विजया जाधव ने भूमि सुधार उपसमाहर्ता चास एवं बेरमो (तेनुघाट) से जानकारी ली। इस क्रम में डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता ने बताया कि आयोजित शिविर में चास अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न अंचलों से संबंधित कुल 456 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं, डीसीएलआर बेरमो (तेनुघाट) मुकेश मछुआ ने बताया कि बेरमो अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न अंचलों में आयोजित शिविर में कुल 194 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त ने दोनों डीसीएलआर को संबंधित रैयतों/पक्षों को तामिला करते हुए अभियान मोड में मामले का सुनवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुनवाई एवं निष्पादन से संबंधित प्रतिवेदन जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया। कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने इन मामलों की सुनवाई उपरांत पुनः अप्रैल माह में सभी अंचलों में अलग झ अलग तिथियों को संबंधित डीसीएलआर की अध्यक्षता में विशेष राजस्व शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। भूमि से संबंधित दाखिल-खारिज के आवेदन अंचल कार्यालय से अस्वीकृत होने के उपरांत ऐसे मामलों में अस्वीकृत आवेदन के विरूद्ध सम्बन्धित भूमि सुधार उपसमाहर्ता के न्यायालय में अपील का प्रावधान है। बिहार (झारखंड) टेनेंट्स होल्डिंग्स (मेंटेनेंस ऑफ रिकाड्र्स) एक्ट 1973 के अनुसार अंचल अधिकारी द्वारा जिस दाखिल खारिज वाद को अस्वीकृत कर दिया गया है। वैसे वाद की पुनः सुनवाई करने हेतु सक्षम प्राधिकार भूमि सुधार उप समाहर्ता है। इसी को लेकर उपायुक्त के निदेर्शानुसार पिछ्ले 05 से 17 मार्च 2025 तक जिले के विभिन्न अंचल अधिकारियों द्वारा अस्वीकृत किए गए दाखिल-खारिज के आवेदनों के विरूद्ध अपील दायर करने हेतु सभी अंचल कार्यालयों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्त्ता को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया था।

## वृद्ध महिला ने की खरीदी गई जमीन पर दखल नहीं देने की शिकायत



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्या सुनी और उसके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में मुनीडीह की एक वृद्ध महिला ने उपायुक्त को बताया कि उन्होंने टुंडी के बेहरा मौजा में चार डिसमिल जमीन खरीदी थी। जमीन की रजिस्ट्री कराकर अपने नाम से म्यूटेशन भी कराया।

अंचल कार्यालय के अमीन ने जमीन की मापी कर सीमांकन भी कर दिया। इसके बाद जब वह जमीन पर दखल लेने गई तो विक्रेताओं ने उन्हें दखल करने और बाउंड्री वॉल बनाने से रोक दिया। साथ ही उनको डरा धमका कर वहां से भगा दिया। महिला ने उपायुक्त से जमीन पर दखल दिलाने और विक्रेताओं के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई। मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर उपायुक्त ने अंचल अधिकारी टुंडी को जांच करने का निर्देश दिया। एक अन्य बुजुर्ग महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनके पति की कुछ वर्ष पहले मृत्यु हो गई है। कुछ लोगों ने उनकी जमीन के फर्जी कागजात बनाकर जमीन बेचने का प्रयास किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न कार्यालयों में आवेदन देकर फर्जी कागजातों को रद्द कराया, परंतु पंजी 2 से फजीर्वाड़ा करने वाले व्यक्ति का नाम नहीं हटा है। इसके बदौलत वह व्यक्ति औने पौने दाम में जमीन बेचने का प्रयास कर रहा है। बुजुर्ग महिला ने पंजी 2 से फजीर्वाड़ा करने वाले व्यक्ति का नाम हटाने की गुहार लगाई। इस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। वहीं तोपचांची की एक महिला ने उपायुक्त को बताया कि उन्हें सरकार द्वारा अनुदानित भूमि मिली है। भूमि की मापी कराने के लिए तोपचांची अंचल कार्यालय में आवेदन देकर सारी प्रक्रिया पूरी की है। बावजूद इसके तोपचांची अंचल कार्यालय द्वारा भूमि की मापी नहीं की जा रही है। जबकि टुंडी के मनियाडीह से आए व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि राजस्व कर्मचारी, राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल अधिकारी द्वारा अनुशंसा करने के बाद भी वहां के कुछ दबंग भूमि की मापी करने में बाधा उत्पन्न कर रहे है। दबंगों द्वारा बांस गाड़कर जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। जनता दरबार में पाण्डरपाला की महिला ने छोटे पुत्र एवं पुत्रवधू द्वारा लड़ाई - झगड़ा, गाली - गलौज एवं मारपीट करने की शिकायत की। इसके अलावा जनता दरबार में विभिन्न तरह की अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## ओल्ड एज होम में मनी मंगलाकांत लाला की प्रथम पुण्यतिथि



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को सबलपुर सहयोगी नगर स्थित असहाय वृद्धजनों का आश्रय स्थल ओल्ड एज होम में समाजसेवी मंगलाकांत लाला की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर दिवगंत के परिजनों एवं वृद्धजनों ने ओल्ड एज होम में संयुक्त रूप से उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के लिए मौन रखा गया। आश्रय स्थल के संचालक व लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने बताया कि स्व.मंगलाकांत लाला के परिजनों का आश्रम के वृद्धजनों के प्रति सालों भर सेवा व दयाभाव का योगदान रहता है और अमरकांत लाला की पुण्यतिथि आश्रम में मनाने की इच्छा रखी। इस मौके पर समस्त वृद्धजनों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया गया।स्व. मंगलानंद लाला के परिजन सूयालैंड कमार्टांड़ निवासी राजमोहन कुमार सिन्हा ने बताया कि दिवगंत की पुण्यतिथि मनाने व श्रद्धांजलि देने के लिए वृद्धजनों की सेवा स्थल से उपयुक्त स्थान दूसरा नहीं हो सकता जहां सेवा के बदले आशीर्वाद बरसते हैं। साथ ही आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी को बहुत ही निष्ठा से आश्रम का संचालन करने, बुजुर्गों का हरपल ख्याल रखने के लिए धन्यवाद दिया। पुण्यतिथि पर आश्रम में स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी।वृद्धा आश्रम में इस आयोजन को सफल बनाने के लिए स्व. मंगलाकान्त लाला की बहन रंजू अम्बष्ठा ने बढ़ चढ़ आश्रम के वृद्ध महिलाओं से मिलकर उनका हाल चाल पूछा एवं अपने हाथों से उनको पंगत में बैठा कर खिलाया। उनके इस आचरण से आश्रम के सभी सदस्यों ने उनको अपना आशीर्वाद दिया।

## एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने बीबीएमकेयू के कुलसचिव से की मुलाकात



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एनएसयूआई के प्रदेश सचिव राजीव पाण्डेय के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधिमंडल ने राजीव गाँधी टीचर ट्रेनिंग बीएड महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की समस्या को लेकर बीबीएमकेयू के कुलसचिव धनंजय कुमार सिंह से मुलाकात की। राजीव पाण्डेय ने कुलसचिव को अवगत करवाते हुए कहा की बीएड सेम 1का परीक्षा प्रपत्र मे हो रही समस्याओ से अवगत करवाया। राजीव पाण्डेय ने कहा कि राजीव गाँधी बीएड महाविद्यालय मे छात्र छात्राओं कहा गया था कि इस विश्वविद्यालय से स्नातक करने वालों को माइग्रेशन प्रमाण पत्र जमा नहीं करने पर कल सभी छात्र छात्राओं को बोला गया कि आप सभी माइग्रेशन निकलवा कर जमा कीजिए। तभी आप सभी का बीएड सेम 1 का परीक्षा प्रपत्र भरायेगा जबकि 19 मार्च परीक्षा प्रपत्र भरने की अंतिम तिथी है इस विषय पर कुलसचिव ने संज्ञान लेते हुए परीक्षा नियंत्रक से बात कर समस्या का समाधान करने को कहा परीक्षा नियंत्रक सुमन कुमार वर्णवाल ने संज्ञान लेते हुए कहा की उन लोगों ने माइग्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया है उन सभी का शाम से अपना परीक्षा प्रपत्र भर सकते है। मुख्यरूप से एनएसयूआई छात्र प्रतिनिधि राज रंजन सिंह,जयप्रकाश सिंह,मुरारी दत्ता,राजीव गाँधी के अंकिता कुमारी,मोहित, राहुल, सानिया, सबा, देवांश, रवि, काजल,पायल,अंजलि शिल्पा,पंकज आदि छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## वेदांता ईएसएल ने ईएसएल टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का किया आयोजन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वेदांता ईएसएल ने वेदांता ईएसएल टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। यह आयोजन स्पोट्र्स एम्प्लॉई रिसोर्स ग्रुप (ईआरजी) द्वारा रवीश शर्मा, डिप्टी सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक, और संजीव तिवारी, उप निदेशक, डीआईपी ,अध्यक्ष के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में टीम वर्क, खेल कौशल और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का जश्न मनाया गया, जिसमें पूरे संगठन के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टूर्नामेंट की शुरूआत कर्मा कैंटीन में एक जीवंत जर्सी रिवील और नॉकआउट फिक्स्चर समारोह के साथ हुई, जहां वरिष्ठ नेतृत्व ने टीम की जर्सी के अनावरण में सक्रिय रूप से भाग लिया। कुल 20 टीमों ने मैदान पर मुकाबला किया, जिसमें 16 पुरुष टीमें और 4 महिला टीमें शामिल थीं। जर्सी का अनावरण और टीम चयन चिट-पिकिंग पद्धति से की गई। जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और आकर्षक बनी। रोमांचक मैचों की एक श्रृंखला के बाद, टूर्नामेंट ने अपने चैंपियन की ताज पहनाया, जिसमें ईएसएल टाइटन्स (सीनियर लीडरशिप) समग्र विजेता के रूप में उभरे, जबकि रॉयल विनर्स ने महिला चैम्पियनशिप का खिताब जीता और प्रोजेक्ट इलेवन ने असाधारण प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए पुरुष चैम्पियनशिप में जीत हासिल की। कमेंट्री और स्कोरिंग उत्कृष्टता इस कार्यक्रम में कमेंटेटरों और स्कोररों के उत्कृष्ट योगदान को भी मान्यता दी गई, जिसमें शारदेंदु राम त्रिपाठी, विनोद कुमार सिंह और मोहम्मद महमूद अहमद को सर्वश्रेष्ठ कमेंटेटर नामित किया गया।

## होली में शांति व्यवस्था बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित





### अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने की सराहना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाने वाले बोकारो जिले के पुलिसकर्मी सम्मानित किए जाएंगे। पुलिस कार्यालय में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में होली जैसे त्यौहार में भी परिवार से दूर कर्मठता से अपनी ड्यूटी निभाने वाले पुलिसकर्मियों की पुलिस अधीक्षक मनोज स्वगीर्यारी ने सराहना की। साथ ही आने वाले रामनवमी और सरहुल पर्व में भी मुस्तैदी से अपना कर्तव्य निभाने को जिले के पुलिसकर्मी व पदाधिकारियों को प्रोत्साहित किया। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि जिन पुलिसकर्मी और पदाधिकारियों ने जघन्य अपराधों को बहुत कम समय में खुलासा किया, उन्हें रिवार्ड देने के लिए वरीय अधिकारियों और पुलिस मुख्यालय को अनुशंसा की जाएगी। एक सवाल के जवाब में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध गोष्ठी में लंबित मामलों के जल्द से जल्द निष्पादन का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ माह में कई जघन्य अपराधों का उद्भेदन हुआ है। जिले के पुलिस कर्मियों और पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि मामलों के उद्भेदन में और गति लाएं ताकि लंबित कांडों की संख्या कम हो। साथ ही असामाजिक तत्वों और अपराधियोंको चिन्हित कर गिरफ्तार करने की आवश्यकता है ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। एसपी ने कहा, पिछले अपराध गोष्ठी में दिए गए निर्देशों की समीक्षा भी कई गई है। साथ ही केश डायरी, पुख्ता सबूत और गवाहों की न्यायालय में पेशी सुनिश्चित करने को भी निर्देश दिया गया है ताकि अपराधी को जल्द सजा और पीड़ित को समय रहते न्याय मिले।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK